सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,118 |
| निफ्टी | 24,718 |
| सोना 99058 | चांदी 106167 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे: गिल

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 16 जून 2025 | 2 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 168, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# नशा माफिया पर कार्रवाई के लिए पुलिस स्वतंत्र : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री ने भदरोया में पहले 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड 2025' से पुलिस अधिकारी-कर्मचारी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रविवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के भदरोया में अनंत ज्ञान समाचार पत्र द्वारा आयोजित पहले 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन एवं पूर्व विधायक अजय महाजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने पुलिस विभाग के करीब 20 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. चंद्र कुमार ने प्रदेश में नशे के बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को नशा माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है और सरकार हर स्तर पर पुलिस का समर्थन कर रही है।

**कहा, प्रदेश सरकार की नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पॉलिसी**

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सशक्त नेतृत्व में लड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट और सख्त निर्देश हैं कि नशे के धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश सरकार ने नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है और इसी के तहत नशा तस्करों तथा उनके सहयोगियों की अवैध संपत्तियों को जब्त करने की भी प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान चला रही है और भविष्य में इसमें और तेजी लाई जाएगी। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से नशा विरोधी मुहिम में इसी तरह समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अनंत ज्ञान के सीईओ विशाल धीमान, निदेशक प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, एएसपी रजिंदर जस्वाल, डीएसपी संजीव यादव, एसएचओ इंदौरा आशीष पठानिया, एसएचओ डमटाल कल्याण सिंह, एसएचओ नूरपुर सुरिंद्र धीमान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया, प्रवक्ता संसार सिंह संसारी, कांग्रेस नेता जर्म सिंह ठाकुर, कुलदीप शर्मा, डॉ. विशुल, नीरज कुमार तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के भदरोया में आयोजित पहले 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार एवं इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन के साथ।

### ऐसे आयोजनों से पुलिसकर्मियों का बढ़ता है मनोबल

**कृषि** और पशुपालन मंत्री ने इस भव्य आयोजन के लिए 'अनंत ज्ञान समाचार पत्र' की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और पुलिसकर्मियों के मनोबल में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि 'अनंत ज्ञान समाचार पत्र' जनहित के मुद्दों को प्रमुखता देकर सराहनीय कार्य कर रहा है।

### नशे के खिलाफ कोई ढिलाई नहीं : मलेंद्र राजन

**कार्यक्रम** में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा किए जा रहे कठोर और प्रभावी कदमों से क्षेत्र में अपराधों में कमी आई है। पुलिस कर्मियों की सतर्कता और प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में नशे के खिलाफ हर स्तर पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि यहां के युवा सही मार्ग पर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति स्पष्ट है कि नशे के खिलाफ कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी और इस दिशा में पुलिस की सक्रियता अनुकरणीय है।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अव्यवस्था के चलते हुई युवक की दर्दनाक मौत : लखनपाल -पेज 2
- बध्यात और नोग में रेलवे सुरंग निर्माण से घरों में आई दरारें -पेज 6
- सावणी देवी हाथ के हुनर से गुंध रही परिवार के सपने -पेज 9
- माता की डोली पर मुस्लिम समाज करेगा पुष्प वर्षा -पेज 12

## बीएसएफ के जवान ने की सीनियर की हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे धुलियान स्थित बीएसएफ शिविर में कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की तीखी नोकझोंक के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। अफसरों ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश

## दुर्घटना में पायलट और 2 साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग**

केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई है। मरने वालों में महाराष्ट्र की 2 साल की बच्ची भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था।

गौरीकुंड से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों को भेजा गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। (अनंत ज्ञान)



### चारधाम हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक

**चारधाम** यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, 'हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाएगा।'

# पुणे के कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा

## दो लोगों की मौत, 6 की हालत गंभीर; कई लापता

**एजेंसी, पुणे**

महाराष्ट्र के पुणे जिले से कुंडमाला में चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया है। जब ब्रिज गिरा, तब उस पर 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इस हादसे में 25 से 30 लोगों के बहने की खबर सामने आ रही है। हादसे में अब तक 2 लोगों की मौत हुई है और 38 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सीएम फडणवीस और पुणे जोन 2 डीसीपी ने 2 लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए पुल पर खड़े थे। (अनंत ज्ञान)





महाराष्ट्र के पुणे जिले के कुंडमाला में ढहे पुल के पास खड़े लोग।

### पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक थे

**शुरुआती** जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेस-वे में प्रवेश करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

# स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण अब 15 जुलाई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला के रिज मैदान पर स्थापित होने वाली पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण अब 15 जुलाई को किया जाएगा। राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह घोषणा की। पहले यह कार्यक्रम 23 जून को होना निर्धारित था। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल सहित कई अन्य केंद्रीय नेताओं ने इस अनावरण समारोह में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। इसलिए तिथि बदली है।

**पहले 23 जून को होना था**

# ईरान ने दिए संघर्ष विराम के संकेत

## विदेश मंत्री बोले, अगर इसराइल हमले रोके, तो हम भी नहीं करेंगे

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

इसराइल के शुक्रवार को ईरान के कई परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद से दोनों देशों में संघर्ष जारी है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने एक बयान में संकेत दिए हैं कि ईरान संघर्ष विराम करना चाहता है।

अरागची ने कहा कि अगर इसराइल उनके देश पर हमले बंद कर देता है, तो वे भी हमले नहीं करेंगे। इसराइल ने शुक्रवार को ईरान पर हमले किए थे, जिनमें ईरानी सेना के कई शीर्ष कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए थे। दोनों देशों के बीच टकराव से पश्चिम एशिया में तनाव और गहराता जा रहा है। दोनों देशों ने तीसरी रात भी एक दूसरे प हवाई हमले जारी रखे हैं। इस संघर्ष में अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### इसराइली सेना ने ईरानी लोगों को दी चेतावनी

**इसराइली** सेना ने रविवार को ईरान के लोगों के लिए चेतावनी जारी करते हुए उन्हें तुरंत हथियार निर्माण उत्पादन फैक्टरी खाली करने की सलाह दी, क्योंकि ईरान के हथियार केंद्रों पर इसराइल हमले की योजना बना रहा है। इसराइली सेना के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है।

# विमान हादसा : पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की पहचान

**एजेंसी, अहमदाबाद**

अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। उनका डीएनए मैच हो गया है। उनका अंतिम संस्कार राजकोट में किया जाएगा। रविवार तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 मैच हुए हैं, जिनमें से 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

### हादसे से हमारी कंपनी का लेना-देना नहीं : तुर्किये

**विमान** हादसे मामले में तुर्किये की कंपनी का नाम आने पर तुर्किये सरकार ने कहा कि विमान की मेंटेनेंस टर्किश टेक्निक नाम की कंपनी ने नहीं की थी। तुर्किये की डायरेक्टरेट ऑफ कम्युनिकेशन सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ने कहा कि हमारी कंपनी का विमान हादसे से कोई लेना-देना नहीं है।

# साइप्रस में मोदी का राष्ट्रपति ने किया वेलकम

## इंदिरा, अटल के बाद साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 3 देशों की 4 दिन की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। उन्होंने साइप्रस से इस दौरे की शुरुआत की। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पीएम 15-16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वे 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे। 19 जून को भारत लौट आएंगे। वह 27 हजार 745 किमी का सफर तय करेंगे। इनसे पहले 1983 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। (अनंत ज्ञान)





पीएम मोदी का रेड कार्पेट पर स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस।

### भारत और साइप्रस में मजबूत कूटनीतिक रिश्ते

**भारत** और साइप्रस के कूटनीतिक रिश्ते हमेशा मजबूत रहे हैं, लेकिन इतने उच्च स्तरीय दौरे बहुत कम हुए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। साइप्रस में भारत के उच्चायुक्त मनीष ने बताया कि साइप्रस में 2015 तक 2700 भारतीय रहते थे। यह संख्या अब लगभग 11,500 तक पहुंच गई है, जो कि पिछले 10 सालों में 4 गुना तक बढ़ी है।

**पशुपालन** 31000 से अधिक पशुपालकों को 50 फीसदी सब्सिडी पर मिल रहा पशु आहार

# हिमाचल में पशुपालन बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पशुपालन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण क्रांति लाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है। पशुपालकों के हित में उठाए गए कई ठोस कदमों से न केवल पशुधन का स्वास्थ्य सुधरा है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे युवाओं के लिए घर-द्वार पर ही जीविकोपार्जन के नए अवसर खुले हैं। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने पशुपालकों को घर-द्वार पर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट की स्थापना की है। प्रदेशभर में 44 चिकित्सा पशु वाहन सक्रिय रूप से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। किसी भी पशु रोग या समस्या के लिए 1962 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन पर अब तक पशु रोग से संबंधित 18,723 और अन्य जानकारी से संबंधित 17,850 मामले प्राप्त हुए हैं, जिनका निपटारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट और पशुपालन विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया गया है।



**मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स से तुरंत मिल रही सेवाएं**

अनंत ज्ञान विशेष

### पशु आहार पर 50 % अनुदान बड़ी राहत

**गरीबी** रेखा से नीचे रह रहे पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 'गर्भित पशु आहार योजना' का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक 31,110 पशुपालकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर गर्भित पशु आहार उपलब्ध करवाया गया है। ।

### पशुपालक आर्थिक रूप से होंगे सुदृढ़ : सुक्खू

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये कदम न केवल युवाओं के लिए घर-द्वार पर जीविकोपार्जन का जरिया बनेंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हुए प्रदेश के विकास में भी सहयोगी बनेंगे। इन कदमों से पशुपालकों की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ होगी।



# स्कूटी और ट्राले की टक्कर में युवक की मौत

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान




**बड़सर।** ऊना नेर चौक सुपर फास्ट हाईवे 503 पर जिला हमीरपुर के शुक्र खड्ड के पास एक स्कूटी और ट्राला में जोरदार टक्कर हो गई है। जिसमें स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार बड़सर उपमंडल के गोड़ी गांव का रहने वाला विवेक जिसकी उम्र 20 साल बताई जा रही है। सड़क हादसे में मृत्यु हो गई है। हालांकि घायल युवक को तुरंत पीएचसी भोटा ले जाया गया, परंतु वहां इमरजेंसी न होने के चलते युवक को फर्स्ट एड नहीं मिली वरना युवक बच सकता था। घटना तब पेश आई जब विवेक और उसका दोस्त भोटा में स्थित स्वीमिंग पूल से नहा कर वापस घर को ओर जा रहे थे। शुक्र खड्ड के पास पहुंचते ही अचानक उनकी स्कूटी एक ट्राले से टकरा जाती है, उसके बाद घायल को प्राथमिक उपचार के लिए भोटा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल बंद था, जिसके बाद आनन-फानन में घायल युवक को बड़सर सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां उपचार के दौरान विवेक की रात लगभग 10:00 के करीब मृत्यु हो जाती है। घटना शनिवार शाम के करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है। वहीं इसकी पुष्टि शनिवार रात करीब 10 बजे हुई है। गौरतलब है कि ट्राला चालक अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर।

## पीएचसी भोटा में घायल युवक को नहीं मिला प्राथमिक उपचार

**मृतक** के परिवारजनों ने सरकार के प्रति भारी आक्रोश जारी करते हुए कहा है अगर भोटा अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं होती तो उनके घर का चिराग नहीं बुझ। मुख्यमंत्री के गृह जिला में ही अगर स्वास्थ्य सेवाएं खस्ता हाल में हैं तो फिर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अन्य जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को क्या हाल होगा? इस बारे में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। जिस घर का 20 साल का बेटा मौत के आगोश में समा गया है जरा पूछिए उस परिवार का क्या हाल हो रहा होगा।

# अव्यवस्था के चलते हुई युवक की दर्दनाक मौत : लखनपाल

अनंत ज्ञान, बड़सर



बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने भोटा अस्पताल में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी लापरवाही और सिस्टम की उदासीनता के चलते एक युवक को समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाया और उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

विधायक ने कहा कि शनिवार को भोटा क्षेत्र के समीप शुक्कर खड्ड के पास एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों को जब त्वरित उपचार के लिए नजदीकी भोटा अस्पताल लाया गया, तो वहां न डॉक्टर मौजूद थे और न ही पैरामेडिकल स्टाफ। प्राथमिक उपचार के अभाव में एक युवक की हालत बिगड़ती गई और उसे जैसे-तैसे दूसरे अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

लखनपाल ने कहा, यदि भोटा अस्पताल को कांग्रेस सरकार द्वारा सीएचसी से पीएचसी में डाउनग्रेड न किया गया होता और यहां आवश्यक चिकित्सकीय संसाधन उपलब्ध रहते, तो यह नौबत नहीं आती। उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए सीधे तौर पर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# योगासन में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

सुनील कुमार, अनंत ज्ञान




10 वर्ष से 55 वर्ष तक के व्यक्तियों ने लिया भाग

**हमीरपुर।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से जिला स्तरीय छठी योग चैंपियनशिप का आयोजन ठाकुर विला, मोहीं में किया गया।

जिला स्तरीय योगासन एवं स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में विभिन्न कैटेगरी की अंतर्गत योग चैंपियनशिप करवाई गई, जोकि 10 वर्ष से शुरू हुई और 55 वर्ष के व्यक्तिओं ने भाग लिया, जिनमें ट्रेडिशनल योगासन, फॉरवर्ड बेंड, बैकवर्ड बेंड, लेग बैलेंस, हैंड बैलेंस, ट्विस्ट बॉडी, स्पाइन योग, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर, आर्टिस्टिक ग्रुप, रिथेमिक पेयर, ट्रेडिशनल ग्रुप, इत्यादि ने भाग लिया। चैंपियनशिप के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि राजिंदर चौहान हमीरपुर एचटीसी के मुख्य प्रबंधक ने शिरकत की और इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर रविंद्र सोनी ने भी शिरकत की।

मुख्यातिथि द्वारा ज्योति प्रज्वलित करके चैंपियनशिप की शुरुआत की कार्यक्रम में एसोसिएशन की प्रेसिडेंट स्वाति शर्मा और संगठन के फाउंडर व संगठन के सचिव ने मुख्यातिथि व गेस्ट ऑफ आमिर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर संगठन के सदस्य सतीश पॉल, सुनील कुमार अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### करतार बने रोगी एवं जनकल्याण समिति भोरंज के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत रोगी एवं जनकल्याण समिति भोरंज जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी का चुनाव वर्ष 2025-27 तक के कार्यकाल के लिए संपन्न हुआ। इस चुनाव में करतार सिंह चौहान को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। चुनी गई नई कार्यकारिणी में सालिग राम पटियाल को महासचिव, रोशन लाल ठाकुर को कोषाध्यक्ष तथा नरेश सहगल को वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त किया गया। उपप्रधान के रूप में भगवान दास ठाकुर और प्रकाश चंद ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कुलदीप कुमार को मुख्य सलाहकार और हरनाम सिंह भंडारी को सलाहकार बनाया गया। संगठन सचिव के रूप में शमशेर ठाकुर, प्रैस सचिव के तौर पर कश्मीर सिंह ठाकुर और सोहन लाल ठाकुर को चुना गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सावित्री, मनोहर लाल, वीर सिंह, वीरबल सिंह, विधि सिंह और जयराम को शामिल किया गया है।

### लोगों को शीतल जल पिलाकर पहुंचाई राहत



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** टिब्बी चौक (घलूं) में आज स्थानीय युवाओं द्वारा मानवता की सेवा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया गया। युवाओं ने राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई और आने-जाने वाले लोगों को शीतल जल पिलाकर राहत पहुंचाई।

### खुड़ियाना गांव के मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** बढ़ारन पंचायत के खुड़ियाना गांव में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में आज श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सुबह विधिवत रूप से हवन यज्ञ के साथ पूजा-अर्चना की गई, जिसमें गांववासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक वातावरण में गूंजते मंत्रोच्चारण और हवन की आहुति से समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर दोपहर 12 बजे से लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में गांव के युवाओं अनिल, बिट्टू, सुरेश नैतिक, आदित्य, इशिता, इशानी, सुमेधा, अंकिता कार्तिक कशिश, कृतिका, मनजीत, सात्विक व अन्य स्वयंसेवकों ने विशेष योगदान दिया।

### युवाओं ने राहगीरों को पहुंचाई राहत



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के बसारल पंचायत के युवाओं ने मानवीय सेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सड़क के किनारे ठंडे पानी की छबील लगाकर उन्होंने राहगीरों को राहत पहुंचाई।

### 20 को होंगे विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आईटीआई रैल में आईटीसी लिमिटेड कंपनी कपूरथला पंजाब 20 जून को साक्षात्कार के लिए आ रही है। जानकारी देते हुए आईटीआई के प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर ने बताया कि साक्षात्कार में आईटीआई के ट्रेड्स इलेक्ट्रिशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, वायर मैन (पुरुष और महिला दोनों) और कोपा ट्रेड (केवल महिला अभ्यिर्थी) के 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023, और 2024 के पास अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी का जन्म अप्रैल 1999 से 31 अगस्त 2005 के बीच होना चाहिए। कंपनी द्वारा चयनित आईटीआई के अभ्यर्थियों को 12,576 रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को कार्य दिवस के दौरान रियायती दर पर खाना व चाय, वर्दी, सुरक्षा जूते, लीव्स (कंपनी के मानदंडों के अनुसार) और बस की सुविधा मिलेगी। साक्षात्कार के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 20 जून को सुबह 9.30 बजे आईटीआई रैल जिला हमीरपुर में अपने सारे प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रिज्यूम तथा 2 फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं।

### योग को अपनी दिनचर्या का बनाएं हिस्सा : नवीन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सर्वजन कल्याण सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा है कि योग करने से हमारा शरीर रोग मुक्त रहता है। उन्होंने कहा कि समाज को रोग मुक्त करने के लिए सर्वजन कल्याण सभा हमीरपुर की हर पंचायत में योग शिविरों का आयोजन कर रही है। उसी कड़ी में सभा द्वारा हमीरपुर की स्वाहल पंचायत के भाटी गांव में रविवार को योग शिविर का शुभारंभ किया। जिसमें टौणीदेवी ब्लॉक की बीडीसी चैयरमैन रीना देवी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और योग शिविर का शुभारंभ किया। योग शिक्षक अश्मीर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक बावड़ी नौण की साफ-सफाई की



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** टौणी देवी की ग्राम पंचायत बारी के बारी और माहड़े गांव के युवाओं तथा ग्रामीणों ने ऐतिहासिक बावड़ी नौण की साफ सफाई की। इस दौरान पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर भी मौजूद रहे तथा ग्रामीणों के प्रयासों को सराहा। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिलता है।

## अटारी-मनाली एनएच 03 की तैयारी : कंपनी का दावा-बरसात से पहले स्थिति होगी बेहतर

# एक महीने में सुहाना होगा सफर

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** अटारी-मनाली एनएच-03 के निर्माण कार्य में अब अचानक तेजी आ गई है। हमीरपुर से अवाहदेवी तक जिस धीमी रफ्तार से काम हो रहा था, उसे एक महीने में मुकम्मल करने का कंपनी दावा करने लगी है। यदि ऐसा हो गया, तो बरसात से पहले इस सड़क मार्ग के तीनों खराब स्पॉट्स बेहतर हो जाएंगे और हमीरपुर से अवाहदेवी तक सफर सुहाना होने की उम्मीद अब ज्यादा दूर नहीं रह गई है।

काबिले गौर यह है कि इस नेशनल हाईवे का निर्माण बीते वर्ष दिसंबर माह में मुकम्मल होना था, लेकिन सुस्त रफ्तार की वजह से 7 महीने ऊपर हो चुके हैं और लोगों को अभी भी कई जगहों पर धूल फांकनी पड़ रही है। उनकी दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रहीं।

अनंत ज्ञान में इस सिलसिले में ग्राउंड रिपोर्ट भी प्रकाशित की थी, इसके बाद सभी खराब स्पाट्स पर कटिंग का काम तेजी के साथ शुरू हो गया है। अब कंपनी ने पिछले दो-तीन दिनों से इस बच्चे हुए काम की रफ्तार में जो तेजी लाई है, उससे निश्चित रूप में उम्मीद जगी है कि बहुत जल्दी काम मुकम्मल हो जाएगा।



क्लियर होंगे तीनों स्पॉट

400 स्ट्रीट लाइट्स सोलर सिस्टम से जगमगाएंगी

### कहां-कहां खराब है सड़क की हालात

**दरोगण** से लेकर कोट तक सड़क की हालत खराब है यह तकरीबन दो किमी का हिस्सा परेशानी का सबब बना हुआ है। यहां कटिंग का काम अब तेजी के साथ शुरू हो गया है। जमीन की एलाइनमेंट को लेकर भी यहीं पर दिक्कत है। उसका भी हल यहां निकाला जा रहा है। इसके बाद टौणीदेवी में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है। वहां एक साथ कई जगह अब काम शुरू हो चुका है। कोहलूसिद्ध में भी अब कटिंग का काम काफी तेजी के साथ शुरू हो गया है उम्मीद यही है कि यह कार्य एक महीने में मुकम्मल हो जाएगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

### लगाए गए 400 खंबे

इस मार्ग पर जहां-जहां आबादी है वहां तकरीबन 400 खंबे लगाए गए हैं। इन पर स्ट्रीट लाइट्स भी कई जगह लगा दी गई है। सोलर सिस्टम से यह चलेंगे और जैसे ही रोड क्लियर होगा, इस रोड पर सफर इन लाइट्स से सुहाना हो जाएगा।

### दिन-रात चला है सड़क का काम : सुशील

**इधर** कंपनी के साइट इंजीनियर सुशील ठाकुर का कहना है कि आप अगले एक महीने में देखेंगे कि सड़क सारी क्लियर हो जाएगी। दिन रात काम की रफ्तार बढ़ाई जा रही है और अब बरसात शुरू होने से पहले इसका काम मुकम्मल होगा। तकरीबन 400 स्ट्रीट लाइट्स भी लगाई जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज में लगेगा 16.25 करोड़ का फर्नीचर, प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर स्थित जोलसप्पड़ में करीब 16.25 करोड़ रुपये की लागत से फर्नीचर लगेगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 19 जून को हॉस्पिटल सर्विसिस कंसलटेंसी कॉर्पोरेशन लिमिटेड इसके लिए बीड ओपन करने जा रहा है। ऐसे में लंबे समय से यहां पर फर्नीचर लगाने की योजना सिरे चढ़ती दिख रही है। बीते डेढ़ वर्ष से मरीजों के बेड और प्रशिक्षुओं के डेस्क फाइलों में ही घूम रहे थे। अब हॉस्पिटल सर्विसिस कंसलटेंसी कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से टेंडर प्रक्रिया को ओपन कर दिया गया है।

गौर हो कि जनवरी में यहां पर फर्नीचर लगाने का एस्टीमेट एचएससीसी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को सौंपा गया था। एचएससीसी की ओर से प्रबंधन को विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी गई थी, जिसमें किस तरह का फर्नीचर मेडिकल कॉलेज में लगाया जाना है, इसका पूरा विवरण था। हालांकि, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इस रिपोर्ट को नकार दिया है। प्रबंधन का तर्क था कि बेहतर गुणवत्ता वाला फर्नीचर नए कैंपस में लगाया जाएगा, ताकि एम्स के स्तर की सुविधा यहां पर मरीजों और एमबीबीएस प्रशिक्षुओं को मिल सके। अब बीड की प्रक्रिया 19 जून को पूरी की जाएगी। इसके बाद एचएससीसी की ओर से टेंडर को आवंटित कर कार्य को किया जाएगा।

प्रथम चरण में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अकादमिक ब्लॉक और 280 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है। इन दोनों भवनों में फर्नीचर लगाया जाना बाकी है। फर्नीचर लगाने के बाद मेडिकल कॉलेज को क्षेत्रीय अस्पताल हमीरपुर से जोलसप्पड़ कैंपस में शिफ्ट किया जाएगा। अकादमिक भवन और अस्पताल में फर्नीचर लगाने के लिए लंबे समय से कार्य लटका हुआ है।

पहले यह कार्य मेडिकल कॉर्पोरेशन के माध्यम से करवाए जाने की योजना थी, लेकिन बाद में प्रदेश सरकार ने एचएससीसी के माध्यम से इस कार्य को करवाने का निर्णय लिया है।

# छात्रावास स्टाफ के लिए सकारात्मक व्यवहार प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर द्वारा मुख्य छात्रावास प्रभारी और सहायक वार्डनों के लिए सकारात्मक व्यवहार प्रबंधन और पालन-पोषण संबंधी देखभाल विषय पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस सत्र का मार्गदर्शन प्रधानाचार्य शैक्षणिक, डॉ. हिमांशु शर्मा, उप प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा तथा शालिनी सहोता ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रावास कर्मचारियों को छात्रों की दैनिक समस्याओं को शांत, सहानुभूतिपूर्ण तथा प्रभावशाली ढंग से सुलझाने के उपायों की जानकारी देना था। प्रशिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों से व्यवहार करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और किन बातों से बचना चाहिए।

उन्हें यह भी समझाया गया कि छात्रों की बातों को कैसे ध्यान से सुना जाए, उनसे प्रेम पूर्वक और समझदारी से संवाद कैसे किया जाए, अनुशासन को किस प्रकार धैर्य के साथ लागू किया जाए, तथा उनके मानसिक और भावनात्मक पक्षों की देखभाल कैसे की जाए।

# शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित करने की मांग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर में स्थानांतरित करने को शिक्षक संघ के अलावा स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि भी प्रदेश सरकार से मांग करने लगे हैं।

आग्रह कर चुके हैं कि हमीरपुर जिला केंद्र में स्थित है और इससे सभी जिलों के लोगों और कर्मचारियों को फायदा होगा। अभी हाल ही में गैर शिक्षक संघ ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निदेशालय को हमीरपुर शिफ्ट करने की मांग की थी। इसी क्रम में नगर परिषद सुजानपुर अध्यक्ष शकुंतला देवी, उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता तथा वार्ड नंबर 1 की पार्षद सविता महाजन ने संयुक्त रूप से शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित करने का बयान जारी किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निदेशालय का हमीरपुर जिला में स्थानांतरित होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि जिसका मुख्य कारण यह है कि हमीरपुर जिला प्रदेश का केंद्र बिंदु एवं समतल होने के कारण सभी आयु वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह एक सुलभ स्थान है।

उन्होंने कहा कि शिमला में भीड़-भड़ाका तथा कार्यालयों का जमघट होने के कारण हमीरपुर में स्थानांतरित करना एक सराहनीय कदम होगा। तीनों जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित कर राजनीतिक का उदाहरण पेश करें।

सभी जिलों के लोगों और कर्मचारियों को होगा फायदा

सीएम से पहले ही की जा चुकी है शिफ्ट करने की मांग

शिक्षक संघ मुख्यमंत्री से भी

# भवानी ठाकुर बने हमीरपुर के विभाग संयोजक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश का प्रदेश अभ्यास वर्ग मंडी में संपन्न हुआ जिसमें संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई।

जिला हमीरपुर के गांव जंगल रोपा से संबंध रखने वाले भवानी सिंह ठाकुर को हमीरपुर का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया है। भवानी सिंह ठाकुर की शिक्षा तकनीकी विश्वविद्यालय से बीटेक में चली है। तकनीकी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष थे उसके साथ ही अनिकेत ठाकुर को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

# सुक्खू सिर्फ मित्रों के मुख्यमंत्री : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर महिला विरोधी मानसिकता और परिवारवाद को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में ढाई वर्ष से अधिक समय बिताने के बावजूद मुख्यमंत्री ने अब तक कांग्रेस पार्टी की किसी भी महिला को बोर्ड, निगम या आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सचिव जैसे पदों पर नियुक्त नहीं किया है, जो महिला कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और निराशाजनक सोच को दर्शाता है। राणा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को ठगा महसूस कर रही हैं।

# वॉलीबाल में रोपा गांव विजेता



अनंत ज्ञान, हमीरपुर

क्रीड़ा भारती हिमाचल प्रदेश, सहारा युवा मंडल रोपा तथा राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. पवन वर्मा के संयुक्त तत्वावधान में रोपा गांव में 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. पवन वर्मा ने बताया कि यह आयोजन नशे के खिलाफ अभियान के अंतर्गत किया गया। वहीं प्रतियोगिता में रोपा की टीम विजेता रही। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों सम्मानित किया। वहीं द्वितीय स्थान पर ठाना और तृतीय स्थान पर कोट की टीम रही।

# असिस्टेंट कमांडेंट बने रवि का किया स्वागत

अनंत ज्ञान, जाहू

उपमंडल भोरंज के तहत गांव टिकर में रवि कुमार के असिस्टेंट कमांडेंट बनने के बाद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

रवि कुमार का 2003 में सेना में चयन हुआ, सेना में रहते हुए उन्होंने स्नातक की पढ़ाई उत्तीर्ण की। उसके उपरांत 2024 में आसाम राइफल में असिस्टेंट कमांडेंट के लिए चयनित हुए। 14 जून 2025 को देहरादून से अपना एक साल का प्रशिक्षण पूर्ण किया। गांव टिकर व पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

इस मौके पर तरलोक चंद, मनोज कुमार, जीवन सिंह, पूर्व विधायक अनिल धीमान, मदन कौशल, अरविंद व अन्य लोगों ने अपनी तरफ से रवि कुमार के चयन पर उनके माता-पिता व परिवार को बधाई दी है।



गांव के लोग रवि कुमार का स्वागत करते हुए।

## मुश्किल — टीजीटी को हैड मास्टर प्रमोट करने से ही भरे जा सकेंगे खाली पद

# स्कूल बंद होने से कम हो रहे हैड मास्टर के पद

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश में विभिन्न स्कूलों में छात्रों की कम संख्या वाले स्कूलों को बंद किया जा रहा है या दूसरे स्कूल में मर्ज किया गया है। स्कूल बंद होने से हैड मास्टर के पद भी कम हो गए हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2019 से 2025 के मध्य नियुक्त टीजीटी अब तक फाइनल वरिष्ठता सूची में अपना नाम आने की प्रतीक्षा में हैं। वर्ष 2022 में जारी वरिष्ठता सूची में 2017 तक नियुक्त या प्रमोट टीजीटी ही शामिल हैं। टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन हेतु वर्ष 2018 से 2020 तक नियुक्त टीजीटी पात्र हैं मगर बिना वरिष्ठता क्रमांक आवेदन नहीं कर सकते। कई पुरानी वरिष्ठता सूचियां विभागीय वेबसाइट से गायब हैं। ऐसे में शिक्षक संघ शिक्षा विभाग से प्रवक्ता और हेडमास्टर से प्रिंसिपल पदोन्नति की सूची जारी करने की मांग कर रहे हैं जिसमें 900 शिक्षक प्रमोट होने हैं। अगर न्यूनतम 400 पदों पर टीजीटी से बिना प्रमोशन विकल्प लिए प्रमोट प्रवक्ता और टीजीटी को हैडमास्टर प्रमोट किया जाए तो ही प्रदेश के स्कूलों में हेडमास्टर के पद भरे जा सकेंगे। यह बात राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कही।

### प्रिंसिपल प्रमोशन में 25 साल का करना पड़ रहा इंतजार

**हीर** ने बताया कि इस बारे में संघ ने मुख्यमंत्री को सचिवालय में 13 जून को मांग पत्र भी सौंपा है। संघ के अनुसार वर्तमान में हेडमास्टर के पदों की संख्या भी स्कूलों के मर्ज या बंद होने से घटती जा रही है। पहले 972 मुख्याध्यापकों के पद थे जो अब घटकर 933 रह गए हैं। सामान्य और अनुसूचित जाति वर्ग में जिन टीजीटी का वरिष्ठता क्रमांक 9000 से नीचे है, वे अब तक प्रमोट नहीं हुए हैं जिनकी नियुक्ति वर्ष 1999 से 2002 के बीच हुई है। अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग कोटे में स्थिति थोड़ी बेहतर है मगर शिक्षा विभाग में टीजीटी से हेडमास्टर और प्रवक्ता से प्रिंसिपल प्रमोशन में औसत 25 साल का इंतजार करना पड़ रहा है। केवल वरिष्ठता आधारित प्रमोशन सिस्टम है जिसमें जूनियर शिक्षक कभी प्रमोट हो नहीं सकते क्योंकि उनकी सेवाएं इतनी लंबी होती ही नहीं हैं। अगर हेडमास्टर या प्रिंसिपल जैसे कैडर में कुछ प्रतिशत पद प्रमोशन परीक्षा द्वारा सेवा अवधि अर्हता पूर्ण कर रहे शिक्षकों हेतु उपलब्ध होते तो कैडर के 12000 टीजीटी या हजारों प्रवक्ता अपनी प्रमोशन के लिए परीक्षा देकर प्रमोट हो सकते थे। मगर पदोन्नतियां हर वर्ष की बजाय लंबे समय बाद होने से हालात बदतर हैं।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क पर फोकस : विधायक रंजीत



अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति उनके पास समस्या, कार्य को लेकर आएगा उसकी समस्या का हल करना उनका दायित्व फर्ज बनता है।

कैप्टन ने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की जो भी मांग रखी मुख्यमंत्री ने उनकी हर मांग को स्वीकृति प्रदान की है चाहे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टर की तनाती हो डायलिसिस सेंटर हो या सड़क, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में उन्होंने दिल खोलकर उनकी मांग को पूरा किया है। सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने पूर्व विधायक का नाम लिए बिना तंज कसते कहा कि उन्होंने हमेशा झूठ की राजनीति की है। विधायक ने कहा की शहर को विकास की दृष्टि से आगे लाना ही उनका उद्देश्य है तथा हमेशा स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सड़क को महत्व देते हुए क्षेत्र के उत्थान पर ही फोकस रखा गया है।

# पुलिस के इन अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड







एएसआई, सतेंद्र सिंह, सीआईए, नूरपुर।




सब-इंस्पेक्टर अजायब सिंह, नूरपुर।













कांस्टेबल, संजीव कुमार।










हेड कांस्टेबल कुलजीत सिंह, नूरपुर।




हेड कांस्टेबल उमाकांत, नूरपुर।







कांस्टेबल रोहित कटोच, नूरपुर।




कांस्टेबल लवलीत, साइबर सैल, नूरपुर।




कुक बिट्टू।










आशीष पठानिया, थाना प्रभारी, इंदौरा।



इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी, डमटाल।




डीएसपी संजीव यादव को सम्मानित करतीं अनंत ज्ञान की निदेशक प्रतिभा धीमान।

मुंह का छाला मुंह की अंदरुनी सतह पर होने वाला एक छोटा, दर्दनाक घाव होता है। मुंह का छाला एक घाव होता है, जो आपके मुंह के अंदर कहीं भी हो सकता है। ये छाले आमतौर पर लाल, पीले या सफेद रंग के होते हैं और कभी-कभी एक ही होता है, तो कभी एक साथ कई छाले भी हो सकते हैं।

# मुंह के छाले

## अंदरुनी सतह पर होने वाला एक छोटा और दर्दनाक घाव

### मुंह में छाले इन जगहों पर हो सकते

◆ मसूड़ों पर ◆ जीभ पर ◆ मुंह की छत (तालू) पर ◆ गालों के अंदर ◆ होंठों के अंदर

***ये छाले दर्दनाक होते हैं और इनके कारण खाना खाने, पानी पीना और बोलना तक असहज हो सकता है।***

*यह घाव मुंह की श्लेष्म झिल्ली (mucous membrane) पर बनता है और आमतौर पर बिना किसी गंभीर कारण के हो सकता है।*


### मुंह के छालों के लक्षण क्या हैं?

***मुँह में छाले आमतौर पर आसानी से पहचाने जा सकते हैं। मुंह के छाले सामान्यतः ऐसे दिखते हैं***

◆ किनारों पर लाल रंग के होते हैं ◆ बीच में सफेद, पीले या हल्के भूरे रंग के होते हैं।

***अन्य लक्षणों में शामिल हो सकते हैं:***

◆ छालों के आसपास सूजन ◆ दांत ब्रश करते समय अधिक दर्द होना ◆ तीखा, नमकीन या खट्टा खाना खाते समय दर्द बढ़ जाना।




### मुंह में छाले होने के कारण क्या हैं?

*◆ डेंटल ट्रीटमेंट (जैसे कैविटी भरवाना) के दौरान मामूली चोट ◆ गलती से गाल या जीभ काट लेना ◆ कुछ बैक्टीरिया से एलर्जी ◆ ब्रेसेज या रिटेनर पहनना ◆ बहुत कठोर या तेज टूथपेस्ट का उपयोग ◆ अत्यधिक अम्लीय फलों का सेवन (जैसे संतरा, अनानास, स्ट्रॉबेरी) ◆ पीरियड्स के दौरान हार्मोनल बदलाव ◆ तनाव और चिंता ◆ नींद की कमी ◆ कुछ विटामिन्स की कमी*

## घरेलू देखभाल


***यदि आपको मुंह में छाले हैं, तो आप नीचे दिए गए उपायों को अपनाकर लक्षणों से राहत पा सकते हैं और जल्दी ठीक होने में मदद कर सकते हैं-***

1. **अच्छी मौखिक सफाई बनाए रखें**
   *भोजन के बाद मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश से धीरे-धीरे दांत साफ करें।*
2. **उत्तेजक खाद्य पदार्थों से बचें:**
   *खट्टे फल, अम्लीय सब्जियां, तीखा और गरम खाना न खाएं, क्योंकि ये छालों को और अधिक उत्तेजित कर सकते हैं।*
3. **छाले वाली तरफ चबाने से बचें**
   *अगर संभव हो तो उस तरफ से खाना न चबाएं जहां छाला हो।*
4. **गर्म नमक वाले पानी से गरारे करें :**
   *गुनगुने पानी में थोड़ा नमक मिलाकर दिन में दो बार गरारे करें। यह सूजन और जलन को कम करने में सहायक होता है।*
5. **बर्फ का प्रयोग करें:**
   *बर्फ के टुकड़े चूस सकते हैं या मुंह के छाले वाली जगह पर बाहर से बर्फ की थैली लगा सकते हैं। इससे सूजन कम होती है और दर्द में राहत मिलती है।*
6. **संतुलित आहार लें:**
   *विटामिन और मिनरल्स से भरपूर संतुलित आहार लें, ताकि शरीर को आवश्यक पोषण मिले और छाले जल्दी ठीक हों।*

*मुंह के छालों के लिए होम्योपैथिक उपचार एक कोमल और प्राकृतिक तरीका है, जो इन कष्टदायक घावों से राहत प्रदान करता है। यह उपचार शरीर के अंदर की प्राकृतिक संतुलन को बहाल करने पर केंद्रित होता है, जिससे असुविधा को शांत किया जा सके और भीतर से उपचार को प्रोत्साहन मिले। होम्योपैथी आपके शरीर की अपनी उपचार शक्ति को सक्रिय करती है और लक्षणों को दबाने की बजाय समस्या की जड़ तक पहुंचती है। यह एक व्यक्तिगत और समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जिससे न केवल छालों से राहत मिलती है, बल्कि भविष्य में उनके होने की संभावना भी कम हो जाती है।*

***यहां कुछ प्रभावी होम्योपैथिक दवाएं दी गई हैं, जो मुंह के छालों में राहत देने में सहायक हो सकती हैं।***

◆ Bora3 : मुंह में गर्म और दर्दनाक छाले, खासकर गालों और जीभ की भीतरी सतह पर। छाले खाने-पीने से अधिक बढ़ जाते हैं, विशेष रूप से खट्टा और नमकीन खाने से।जब मुँह के छाले बहुत कोमल हों और थोड़ा सा स्पर्श भी दर्दनाक लगे।



**डॉ. निधि जोशी**
**गांधीधाम कच्छ (गुजरात)**

◆ Mercurius Solubilis: मुंह में गंध के साथ छाले, लार का अधिक स्राव, जलन और खून आना। रात को लक्षण अधिक बढ़ते हैं और मुंह के अंदर की सतह पर छाले होते हैं। संक्रमण वाले छालों में लाभदायक।

◆ Nitric Acid : तीव्र जलन और चुभन वाले छाले, जिनके किनारे कठोर होते हैं। छालों में कांटे जैसी चुभन महसूस होती है। मुंह से बदबू आ सकती है। जब छाले बहुत पीड़ा देते हों और मसूड़ों या गालों पर हों।

◆ Sulphur : बार-बार मुंह में छाले होना, जलन और खुजली के साथ। गर्म भोजन और पेय से तकलीफ बढ़ती है। व्यक्ति को मीठा खाने की लालसा हो सकती है। बार-बार छाले होने की प्रवृत्ति में उपयोगी।

◆ Natrum Muriaticum: छाले होंठों के अंदर, जीभ पर या गालों पर, साथ में भावनात्मक तनाव या उदासी। नमकीन चीजें खाने से तकलीफ बढ़ती है। भावनात्मक कारणों से होने वाले छालों में उपयोगी।

### महत्वपूर्ण सलाह

**किसी** भी होम्योपैथिक दवा को लेने से पहले किसी योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। यदि छाले बार-बार होते हैं या लंबे समय तक ठीक नहीं होते, तो डॉक्टर या होम्योपैथिक चिकित्सक से सलाह लेना जरूरी है।

# बेल का आयुर्वेदिक उपयोग



## शरीर को ठंडक देने के साथ पाचन सुधारता बेल शरबत

### ❋ खुजली या एलर्जी के लिए बेल की छाल और पत्तियों काद लेप लाभकारी

***बेल जिसका वैज्ञानिक नाम,द्ददघद्ध द्वड्ढद्वद्धघश्वह्य है, भारतीय आयुर्वेद में एक अत्यंत उपयोगी और पूज्य वृक्ष माना जाता है। इसके पत्ते, फल, छाल और जड़ सभी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और विभिन्न प्रकार के रोगों के उपचार में सहायक माने जाते हैं। पाचनतंत्र से लेकर श्वसन और त्वचा संबंधी विकारों तक बेल का प्रयोग आयुर्वेद में अनेक प्रकार से किया जाता है। पाचन तंत्र की समस्याओं जैसे दस्त, अतिसार और पेचिश में बेल का पका हुआ फल अत्यंत लाभकारी होता है। यह आंतों की कार्यक्षमता को बढ़ाकर संक्रमण से बचाता है। वहीं, इसका कच्चा फल कब्ज नाशक माना गया है। बेल फल का चूर्ण या गर्मी में तैयार किया गया बेल शरबत, शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ पाचन सुधारने में भी मदद करता है।***

### पत्तों का मधुमेह के इलाज में किया जाता उपयोग

**बेल** के पत्तों का उपयोग मधुमेह (डायबिटीज) के इलाज में भी किया जाता है। प्रतिदिन सुबह खाली पेट बेल पत्र का रस पीने से रक्त में शर्करा की मात्रा नियंत्रित रहती है। इसके अतिरिक्त, बेल पत्र ज्वर व वायरल संक्रमणों में भी राहत देते हैं। श्वसन संबंधी रोगों जैसे सर्दी, खांसी व दमा में बेल की जड़ या छाल से तैयार काढ़ा बेहद प्रभावी होता है।



### हृदय रोगों के लिए भी उपयोगी

**हृदय** रोगों के लिए भी बेल को उपयोगी माना गया है। यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है और हृदय को सुदृढ़ करता है। त्वचा रोगों जैसे फोड़े-फुंसी, खुजली या एलर्जी में बेल की छाल और पत्तियों से बने लेप का उपयोग लाभकारी होता है। आयुर्वेद में 'बेल पंचांग' यानी बेल के पांच अंग जड़, तना, पत्ती, फल और फूल को त्रिदोष नाशक (वात, पित्त, कफ) माना गया है। यह कई आयुर्वेदिक योगों जैसे दशमूल, बिल्वादि चूर्ण और बिल्वारिष्ट में प्रमुख रूप से प्रयुक्त होता है। हालांकि, बेल अत्यंत गुणकारी है, लेकिन इसका अत्यधिक सेवन विशेषकर पका फल कब्ज पैदा कर सकता है, इसलिए बेल का उपयोग करते समय मात्रा और विधि को लेकर सजग रहना चाहिए तथा नियमित सेवन से पहले किसी आयुर्वेदाचार्य या चिकित्सक से परामर्श लेना उचित होता है। बेल भारतीय घरों और आंगनों में न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह शरीर के लिए एक संपूर्ण औषधि का कार्य करता है। इसकी सहज उपलब्धता और अनेक लाभ इसे आयुर्वेद का एक अनमोल उपहार बनाते हैं।



**डॉ. रंजना कपूर**
**जोगिंद्रनगर, मंडी**

# रोग मुक्त जीवन जीने की हो चाहत तो नियमित योगाभ्यास की डालें आदत



***प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है, जो कि एक खास विषय पर आधारित होता है। इस साल योग दिवस 2025 की थीम है Yoga for One Earth, One Health यानी एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग। यह थीम पृथ्वी पर हर व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए योग को प्रोत्साहित करने पर आधारित है।***

***जीवन है अनमोल, नहीं होती है उनको कोई बीमारी जो योग करने की करते हैं समझदारी***

*योग दिवस बच्चों के लिए योग से जुड़ने का एक बेहतरीन मौका है। अगर बचपन से ही योग को दिनचर्या में शामिल किया जाए, तो न सिर्फ वे स्वस्थ और खुशहाल रहते हैं, बल्कि भविष्य में मानसिक दबावों से भी बेहतर तरीके से निपट सकते हैं। योग का महत्व शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक है। यह एक प्राचीन अभ्यास है, जो शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाता है। योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक स्पष्टता और शांति प्राप्त होती है, और तनाव कम होता है।*

### शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग

**लचीलापन और मांसपेशियों की ताकत में सुधारः** योग में विभिन्न प्रकार के आसन शामिल हैं, जो शरीर के लचीलेपन और मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**रक्त परिसंचरण में सुधारः** योग रक्त परिसंचरण में सुधार करने में मदद करता है, जिससे शरीर के सभी अंगों को पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं।

**वजन घटाने में मददः** योग वजन कम करने और स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है।

**पुराने दर्द से राहतः** योग गठिया, पीठ दर्द और अन्य पुरानी बीमारियों से जुड़े दर्द को कम करने में मदद कर सकता है।

**पाचन में सुधारः** योग पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे कब्ज और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं।



**-डॉ चिराग ठाकुर**
**मेडिकल ऑफिसर**
**आयुष सिविल हॉस्पिटल**
**रत्ती, मंडी**

### मानसिक स्वास्थ्य

**तनाव और चिंता को करता कम करनाः** योग तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है।

**ध्यान और एकाग्रता में सुधारः** योग ध्यान और एकाग्रता में सुधार करने में मदद करता है, जिससे काम और अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन होता है।

**अवसाद से राहतः** योग अवसाद से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। खासकर जब इसे अन्य उपचारों के साथ जोड़ा जाता है।

**आत्म-सम्मान में वृद्धिः** योग आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करता है।

### आध्यात्मिक स्वास्थ्य

**आत्म-जागरूकता में वृद्धिः** योग आत्म-जागरूकता और आत्म-ज्ञान को बढ़ाने में मदद करता है।

**सकारात्मक दृष्टिकोणः** योग सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन के प्रति उत्साह को बढ़ावा देता है।

**आध्यात्मिक विकासः** योग आध्यात्मिक विकास और आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाता है।

***निष्कर्षः***
***योग एक शक्तिशाली उपकरण है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। नियमित रूप से योग का अभ्यास करके, व्यक्ति स्वस्थ, खुश और अधिक संतुलित जीवन जी सकता है।***



# जोड़ों के दर्द के लिए घर पर बनाएं जड़ी-बूटियों से बना दर्द निवारक तेल

**बढ़ती** उम्र, जीवनशैली की अनियमितताएं और शरीर की उचित देखभाल न करने से आजकल युवा वर्ग से लेकर वृद्धजनों तक जोड़ों के दर्द और आर्थराइटिस की समस्याएं आम होती जा रही हैं। ऐसे में यदि हम आयुर्वेदिक ज्ञान और परंपरागत घरेलू उपायों की ओर लौटें, तो हम न केवल राहत पा सकते हैं, बल्कि स्वास्थ्य की रक्षा भी कर सकते हैं। उत्तर भारत में रहने वाले लोगों को प्रायः विटामिन की कमी विशेषकर विटामिन डी की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे कैल्शियम का अवशोषण बाधित होता है और यह जोड़ों के दर्द का एक प्रमुख कारण बन जाता है। ऐसे में सुबह की हल्की धूप में बैठकर जड़ी-बूटियों से युक्त तेल की नियमित मालिश न केवल विटामिन डी की कमी को दूर करने में सहायक होती है, बल्कि धीरे-धीरे जोड़ों के दर्द में भी राहत देती है। यह उपाय न सिर्फ प्राकृतिक है बल्कि शरीर, मन और आत्मा तीनों के लिए लाभकारी भी सिद्ध होता है। यहां प्रस्तुत है एक प्रभावशाली जड़ी-बूटी आधारित तेल बनाने की विधि, जो तिल और सरसों के तेल को आधार बनाकर तैयार किया गया है। इसमें प्रयोग की गई सभी सामग्री प्राकृतिक, घरेलू और दर्द निवारक गुणों से भरपूर है।

### विधि

- सभी हर्बल सामग्री को साफ करके अच्छी तरह कूट लें या पीस लें।
- तिल और सरसों के तेल को मिलाकर किसी कांच या स्टील के बर्तन में रखें।
- इसमें उपरोक्त सभी पिसी हुई हर्बल सामग्री डालें और अच्छी तरह मिलाएं।
- इस मिश्रण को एक साफ और चौड़े मुंह वाले बर्तन में भरकर मलमल के कपड़े से ढंक दें।
- तेल को दो दिनों तक पूरी धूप में रखें, ताकि सूरज की ऊर्जा से तेल में जड़ी-बूटियों के गुण अच्छी तरह उतर जाएं।
- तीसरे दिन तेल को धीमी आंच पर 45 मिनट तक उबालें, जब तक सारा जलवाष्प निकल न जाए और तेल से तेज सुगंध आने लगे।
- जब तेल हल्का गुनगुना रह जाए (पूरी तरह ठंडा नहीं), उसमें 10-12 ग्राम कपूर मिला दें और अच्छे से घोलें। कपूर से तेल में ठंडक, सूजनरोधी और दर्द निवारक गुण और बढ़ जाते हैं।
- ठंडा होने पर छानकर कांच की बोतलों में भर लें।



### उपचार से बेहतर है बचाव

- यदि हम समय रहते शरीर की देखभाल करें तो आर्थराइटिस और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
- यह तेल घर पर भी आसानी से बनाया जा सकता है और महिलाओं द्वारा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्थानीय बाजारों में भी बेचा जा सकता है, जिससे आय का स्रोत भी बन सकता है।





***डॉ. तारा देवी सेन***
***विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी।***

### प्रयोग की विधि

◆ जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस या पीठ दर्द से परेशान व्यक्ति इस तेल को सुबह के समय धूप में बैठकर हल्के हाथों से जोड़ों, घुटनों, पीठ और पैरों पर लगाएं।

◆ हर दिन नियमित रूप से मालिश करने से लाभ मिलेगा।

◆ सामान्य या युवा व्यक्ति रविवार को सप्ताह में एक बार इसे लगाकर रोगों से बचाव कर सकते हैं।

◆ मालिश के बाद 20-30 मिनट धूप में बैठना फायदेमंद होता है।

### क्यों है यह तेल विशेष?

◆ यह तेल वातशामक, सूजनरोधी और दर्द निवारक गुणों से भरपूर है।

◆ यह रक्त संचार बढ़ाता है, सूजे हुए हिस्सों को शांत करता है और जोड़ों की गतिशीलता को बेहतर बनाता है।

◆ रसायनों से मुक्त और 100 फीसदी प्राकृतिक होने के कारण इसे बिना किसी डर के प्रयोग में लाया जा सकता है।

*हम सभी की रोजमर्रा की दिनचर्या में अंततः लक्ष्य एक ही होता है। किसी न किसी रूप में प्रसन्नता को प्राप्त करना। यह प्रसन्नता हमारे स्वास्थ्य, मन की शांति और संतोष के माध्यम से ही संभव हो पाती है। इस आनंद को पाने के लिए आवश्यक है कि हम अपने शरीर और श्वास पर ध्यान दें और जीवन यात्रा की शुरुआत इसी आत्मचिंतन से करें। यदि हमारा खानपान और नींद प्रकृति के नियमों के अनुसार है, तो शरीर और मन को नियंत्रित करना स्वाभाविक रूप से आसान हो जाता है। जब शरीर और मन संतुलित रहते हैं, तो हम अपने जीवन के उद्देश्यों को खासकर अपने मन को बेहतर ढंग से समझ और प्रबंधित कर सकते हैं।*

# स्वस्थ रहना है तो... खानपान सुधारें और लें भरपूर नींद




### तीन प्रश्न महत्वपूर्ण जिन पर करना चाहिए चिंतन

***1. मैं कौन हूं?***
***2. मेरे जीवन का उद्देश्य क्या है?***
***3. मैं इस संसार में क्यों आया हूं?***

**जैसे** जीवन में कुछ भी सीखने के लिए हमें अलग-अलग समय पर शिक्षकों की आवश्यकता पड़ती है। मां हमारा पहला शिक्षक होती है, फिर पिता, फिर विद्यालय के शिक्षक-वैसे ही जीवन जीने की कला सिखाने वाला एक विशेष मार्गदर्शक होता है, जिसे हम सद्‌गुरु कहते हैं। सद्‌गुरु हमारे जीवन को दिशा देते हैं, उसे सुंदर और सार्थक बनाते हैं। वे हमें यह सिखाते हैं कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, जीवन को कैसे संतुलन और प्रसन्नता के साथ जिया जा सकता है। जैसे कार या बाइक चलाना सीखते समय एक मार्गदर्शक की जरूरत होती है, वैसे ही जीवन को सही दिशा देने के लिए सद्‌गुरु की आवश्यकता होती है, इसलिए यदि हम यह समझ लें कि जीवन एक उत्सव है- एक अवसर है अनुभव करने, सीखने और विकसित होने का-तो हम हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखते हुए एक सफल और सुखद जीवन जी सकते हैं।



**डॉ. नवदीप राठौर**
**बीएमओ, ब्लॉक पुखरी, चंबा।**

***प्रस्तुति : आरके सहगल***

## न्यूज ब्रीफ

### मानव जीवन को पूर्णता की ओर ले जाती साधना



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को बीपी शर्मा के निवास स्थान पर सामाजिक सत्संग सभा संपन्न हो गई। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य, गुरु की महिमा एवं सेवा के महत्व को उजागर करने के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य महात्मा मनप्रीत ने किया। प्रवचनों में बताया कि मानव जीवन केवल सांसारिक सुख-सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका परम उद्देश्य आत्मिक जागृति है। उन्होंने कहा कि जब तक जीव ब्रह्मज्ञान की ओर से आत्मस्वरूप को नहीं पहचानता, तब तक जीवन अधूरा रहता है। साधना मानव जीवन को पूर्णता की ओर ले जाती है।

### एनसीसी कैडेट्स शिविर के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, देहरा।** एचपी (आई) सीओवाई एनसीसी ऊना से संबद्ध राजकीय महाविद्यालय ढलियारा की एनसीसी इकाई के कैडेट्स का समूह रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) पेखुबेला में आयोजित होने वाले वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी)-187 में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। केयरटेकर ऑफिसर (सीटीओ) डॉ. कपिल सूद के समर्पित मार्गदर्शन में कैडेट 10 दिवसीय आवासीय शिविर के लिए रवाना हुए, जो 15 जून से 24 जून, तक चलेगा। शिविर का आयोजन कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रविंदर सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट भाग लेंगे।

### घुरकड़ी में 80 यूनिट ब्लड किया एकत्रित

**गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में रक्तदान का शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 74 महात्माओं ने रक्तदान किया। कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉक्टर केसी धीमान व संयोजक महात्मा दीनानाथ ने बताया कि इस शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा की विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा व उनकी टीम की ओर से 80 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया इस अवसर पर निरंकारी महात्माओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

### पनापर में मारपीट पर मामला किया दर्ज

**राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत पनापर में कुशल पाल निवासी पनापर, तहसील धीरा ने मीना कुमारी निवासी पनापर के साथ मारपीट व बहसबाजी की है। इस संदर्भ में भवारना पुलिस ने अभियोग जेर 117(2) व 115(2) भारतीय न्याय संहिता के चलते आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टांडा में 34 लोगों ने खून देकर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान, (टांडा) कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर ने विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 34 लोगों ने रक्तदान किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजली ने बताया कि रक्तदान का महत्व समझाने के लिए मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग छात्रों ने एक नाटक का प्रदर्शन किया। मुनीश शर्मा ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि 18 से 65 वर्ष की आयु के लोग हर तीन महीने में रक्तदान कर सकते हैं। इस अवसर पर शहीद बहादुर दास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### पालमपुर में 4 युवक चिट्टे व चरस के साथ काबू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर पुलिस ने 4 युवकों से चरस तथा चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने चौकी में चौड़ के जंगल के पास एक वाहन में बैठे हरुण निवासी ठाकुरद्वारा व अंशुल, सौरभ व शुभम तीनों निवासी खलेट, पालमपुर के पास से 21.16 ग्राम चरस व 6.35 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने पुष्टि की है।

### लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत नरवाणा खास में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई गई। मुख्य अतिथि एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा रहीं। एडीएम ने जानकारी दी कि उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा जिले की 6 ब्लॉक की 16 पंचायतों के 19 जनजातीय गांवों को शामिल किया गया है।

### योग को बनाएं जीवन का अभिन्न अंग

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप संपन्न हो गई। इसमें जिलेभर से विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि स्वयंसेवी ठाकुर प्रेम सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पदक, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया और योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

### पौंग झील में 2 माह मछली पकड़ने पर बैन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** 16 जून से 15 अगस्त तक यानी 2 महीने के लिए पौंग झील में मछली पकड़ने के लिए प्रतिबंध लग जाएगा। विभाग की ओर से टीमों का गठन किया है। यदि मछली का अवैध शिकार पकड़ा जाता है तो लाइसेंस व अन्य व्यक्ति पकड़ा जाता है जुर्माने के साथ सजा भी हो सकती है। मत्स्य विभाग के निर्देशक विवेक चंदेल ने बताया कि 2 महीने के लिए झील पर प्रतिबंध लग रहा है। मछली पकड़ने के लिए बंद सीजन के दौरान विभाग द्वारा 17 टैंट कैंप जगह-जगह लगाए जाएंगे। एक मोबाइल फ्लाइंग स्कैट होगा। हर कैंप में तीन से चार लोग होंगे और सोसायटियों के सदस्य भी इसमें सहयोग करेंगे। पिछले वर्ष 65 हजार मछली का बीज पोंगझील में डाला था, जबकि इस बार अभी टेंडर होगा और शीघ्र ही इसका कार्य भी पूरा हो जाएगा।

### युवाओं से की नशे से दूर रहने की अपील

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने खोली पंचायत में दो दिवसीय मेले के समापन पर कहा कि मेले हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक हैं। मेलों से समाज में भाईचारा बढ़ता है। वहीं, काजल ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। पढ़ाई और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने को कहा। उन्होंने पंचायत में खेल मैदान के विकास के लिए 10 लाख रुपए और ओपन जिम के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। काजल ने मेले के सफल आयोजन पर मेला कमेटी को 31 हजार रुपए की राशि भेंट की। छिंज मेला कमेटी के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि बड़ी माली के विजेता को 31 हजार रुपए और छोटी माली के विजेता को 21 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया।

# स्मार्ट मीटर और युक्तिकरण के विरोध में पेंशनर्स लामबंद

## कांगड़ा में महापंचायत की तैयारी, कहा- सरकार ले रही जनविरोधी निर्णय

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**प्रदेश** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम देहरा यूनिट ने स्मार्ट मीटर लगाने की योजना और बोर्ड में चल रही युक्तिकरण प्रक्रिया का कड़ा विरोध किया है। पेंशनर्स ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने जनविरोधी निर्णयों को नहीं रोका, तो जल्द ही कांगड़ा में विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी।

देहरा के सुनेहत में राणा फूड जंक्शन में आयोजित फोरम की बैठक में लगभग 70 पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता एनके दत्ता ने की। फोरम ने सरकार की ओर से तीनों विंग (जेनरेशन, ऑपरेशन और डिस्ट्रीब्यूशन) के कर्मचारियों को एक-दूसरे विंग में ट्रांसफर करने की नीति को खतरनाक बताया। पेंशनर्स का कहना है कि इस नीति से अस्किल्ड कर्मचारी उन विभागों में पहुंच रहे हैं, जहां उनका अनुभव नहीं रहा है, जिससे जानमाल की हानि हो रही है। वहीं, हाल ही में शिमला में एक युवा कर्मचारी हरविंदर की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया, जो कि देहरा के त्रिपल गांव का रहने वाला था। वहीं, पे फिक्सेशन एरियर, लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी और मेडिकल बिलों के लंबित मामलों पर चर्चा की गई। फोरम ने सरकार से मांग की कि फील्ड स्टाफ की ओवरलोडिंग को कम करने के लिए जल्द से जल्द नई भर्तियां की जाएं। सरकार ने जनहित में निर्णय नहीं लिए, तो पेंशनर्स सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



देहरा के सुनेहत में आयोजित फोरम की बैठक में भाग लेते पेंशनर्स।

### स्मार्ट मीटर की योजना पर उठाए सवाल

**फोरम** ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बना रही है, जिनकी कीमत करीब 10,000 रुपए प्रति मीटर है और यह राशि उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी। प्रदेश में 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, तो फिर इस महंगे स्मार्ट मीटर की क्या आवश्यकता है? पेंशनर्स का कहना है कि बिजली को प्रीपेड सिस्टम में बदलने की तैयारी है, जिससे उपभोक्ता केवल रिचार्ज की गई राशि के अनुसार, ही बिजली पा सकेंगे। इससे न केवल बिजली महंगी होगी बल्कि इसे ठेकेदारों के माध्यम से बेचा जाएगा।

# डूहक में जल्द बनकर तैयार होगा पीएचसी : किशोरी



डूहक गांव में लोगों की जनसमस्याओं को सुनते विधायक किशोरी लाल।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने रविवार को चौबीन पंचायत के डूहक गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने विधायक को बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी से अवगत करवाया।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। किशोरी लाल ने कहा कि चौबीन पंचायत में करोड़ों रुपए से विकास कार्य किए जा रहे हैं। सामुदायिक भवन डूहक के ऊपरी मंजिल का कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी तथा डूहक गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जल्द बनकर तैयार किया जाएगा। वहीं, विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को डूहक से वोहल रोड के मध्य क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर जल्द नया पुल बनाने के निर्देश दिए।

# दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के जश्न से पहले तिब्बती लोगों को खतरा

## चीन की ओर से तिब्बतियों को जेल में डालने या गोली मारने का डर

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जुलाई माह में मैक्लोडगंज में मनाए जाने वाले जन्मदिन से पहले तिब्बत में रहने वाले तिब्बती लोगों को गंभीर खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत की एक रिपोर्ट के अनुसार, 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के करीब पहुंचने पर, तिब्बती लोग, तिब्बती बौद्ध और दुनियाभर के समर्थक निर्वासित आध्यात्मिक नेता के जीवन और विरासत को याद करने की तैयारी कर रहे हैं।

पिछली घटनाओं से पता चला है कि तिब्बत में दलाई लामा का जन्मदिन मनाने वालों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया जा सकता है। लंबी जेल की सजा दी जा सकती है। यातना दी जा सकती है और यहां तक कि गोली मारकर हत्या भी की जा सकती है। आईसीटी ने कहा कि उनका जश्न व्यापक आतंक के माहौल मनाया जाता है। दलाई लामा को बदनाम करने और उनके प्रति सार्वजनिक रूप से श्रद्धा व्यक्त करने से रोकने के लिए चीनी सरकार की ओर से लगातार किया जा रहा प्रयास अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का एक महत्वपूर्ण उल्लंघन है। आईसीटी की एक हालिया रिपोर्ट डर में जश्न तिब्बत में दलाई लामा के जन्मदिन पर तोहफे देने वालों पर चीन की कार्रवाई तिब्बतियों और तिब्बत में लोगों के सामने आने वाले खतरों को उजागर करती है और संयुक्त राष्ट्र निकायों, राष्ट्रीय सरकारों, संसदों और नागरिक समाज संगठनों सहित अंतराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करती है कि वे चीन से अपने दमनकारी कार्यों को रोकने का आह्वान करें। आईसीटी रिपोर्ट के अनुसार, अंतराष्ट्रीय समुदाय को इस बात पर जोर देना चाहिए कि चीनी अधिकारी उन तिब्बतियों पर मुकदमा चलाने से बचें, जो सार्वजनिक और निजी रूप से दलाई लामा का जन्मदिन शांतिपूर्वक मनाने का प्रयास कर रहे हैं। तीन तिब्बतियों डू गद्रा, लोबसांग खेदुप और लोबसांग गेफेल को तत्काल और बिना शर्त रिहा करें, पिछले जन्मदिन समारोहों में भाग लेने के कारण अभी भी जेल में बंद हैं।

### खेल मंत्री गोमा ने विजेता खिलाड़ी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री तथा कानून मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हैं। उपमंडल जयसिंहपुर की हारसी पंचायत में आयोजित दो दिवसीय नीलकंठ महादेव उड़रा दा मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजन न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय व्यापार एवं रोजगार को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने हारसी के लोगों को आश्वासन दिया कि बस अड्डा, बस डिपो और वर्कशॉप हारसी में ही निर्मित की जाएगी और जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। ओडरा मेला मैदान में बास्केटबाल स्पोर्ट्स हॉस्टल निर्माण के लिए विभागीय प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है और औपचारिकता ही पूर्ण होते ही 40 खिलाड़ियों की क्षमता के स्पोर्ट्स हॉस्टल निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति को 31 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। वहीं, वॉलीबाल, बास्केटबाल, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, मटका फोड़ और बच्चों के लिए स्पून रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पठानकोट टीम बनी कबड्डी विजेता



खोली गांव में कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते निशु मोंगरा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**

**कांगड़ा** विधानसभा हलके के तहत खोली गांव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन समारोह में एपीएमसी के जिला चेयरमैन व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने विजेता खिलाड़ियों को नवाजा। मेला कमेटी, पंचायत युवक मंडल की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 22 टीमों ने हिस्सा लिया।

फाइनल में पठानकोट ने पालमपुर की टीम को हराया। चीफ गेस्ट निशु मोंगरा ने ऐलान किया कि जल्द कबड्डी मैट मुहैया करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कबड्डी का खेल हमारी मजबूत परंपरा का हिस्सा रहा है। ग्रामीण मेलों में पहले कबड्डी प्रतियोगिता जरूर होती थी। पिछले कुछ समय से ग्रामीण स्तर पर कबड्डी के कम मुकाबले होते हैं। कबड्डी के खेल को फिर से मेलों का हिस्सा बनाया जाएगा। मोंगरा ने कहा कि मौजूदा समय में कांगड़ा जिले से कई खिलाड़ी नामी कबड्डी लीग में हिस्सा ले रहे हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हलके में कबड्डी के बड़े टूर्नामेंट करवाए जाएंगे। इस दौरान कई लोगों की समस्याएं भी सुनीं। कई समस्या का मौके पर निपटारा किया गया, जबकि कुछ समस्या के हल के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

# कांग्रेस राज में दुख झेल रही प्रदेश की जनता: विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** में जब से व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, उस दिन से जनता सुख के बजाए दु:ख झेल रही है। हर रोज मुख्यमंत्री आम आदमी पर कोई न कोई वित्तीय बोझ डालते आए हैं। इससे जनता बहुत दु:खी है। आज से पहले कभी ऐसे खराब हालात नहीं बने। पूर्व भाजपा सरकार के समय जनता को कभी कोई इलाज के लिए न कोई पर्ची के लिए पैसा देना पड़ा और न महंगे इलाज के लिए कहीं और भटकना पड़ा।



आयुष्मान और हिमकेअर कार्ड से लोगों को सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिल रहा था, लेकिन कांग्रेस सरकार के आते ही लोगों को अब न गंभीर बीमारियों का इलाज मिल पा रहा है और न सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर। प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को घेरते हुए कहा कि ये हिमाचल के इतिहास में पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं, जो विकास नहीं विनाश के लिए जाने जाएंगे।

वर्तमान मुख्यमंत्री का नाम ताले लगाने वाले और व्यवस्था पतन कराने के लिए याद किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कई क्रांतिकारी बदलाव लाकर आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं जहां सुगम बनाईं। वहीं, महंगे इलाज भी हिमकेअर जैसी योजना से संभव करवाकर लोगों को पांच लाख तक के इलाज मुफ्त करवाया गया। उन्होंने कहा कि जनता बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर को याद कर रही है। सारे टेस्ट सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क होते थे और रोगी पर्ची का एक पैसा तक नहीं वसूला गया।

# 11 वर्षों में देश हर मोर्चे पर रहा सफल: राजीव

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** कांगड़ा-चंबा लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल को लेकर विश्रामगृह नूरपुर में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आज का भारत नया भारत है और इन 11 वर्षों में देश हर मोर्चे पर सफल रहा है।

2014 में भारत दुनिया की 16वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज भारत मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2014 से पहले देश में गरीबी रेखा 27 फीसदी था, लेकिन अब देश में गरीबी रेखा मात्र 5 फीसदी रह गई है। हिमाचल में मात्र 2 लोकसभा सांसद हैं, जो संसद में नजर भी नहीं आते, लेकिन मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को तरजीह देते हुए प्रदेश में कई फोरलेन का निर्माण कार्य करवाकर बता दिया कि उनके लिए उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम सभी प्रदेशों में एक समान विकास कराना है और यही उनकी सोच उन्हें एक विश्वस्तरीय नेता बनाती है।





नूरपुर विश्रामगृह में प्रेसवार्ता करते लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज।

### 'नूरपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के तहत सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर क्षेत्र में युवाओं के बीच तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए आज आइडिया ऑफ भारत फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन 'नूरपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के तहत सौंपा गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में नशा उन्मूलन के लिए प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर ठोस कदम उठवाना है। ज्ञापन में बताया कि नूरपुर और आसपास के क्षेत्रों में नशा तस्करी और सेवन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी और समाज के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। मांग की कि नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, स्कूलों-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और स्थायी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की जाए। भारद्वाज ने कहा कि इस विषय को संसद और प्रशासन दोनों के समक्ष मजबूती से रखूंगा।

### सरड़ बम्मी की आंचल ने पास की नीट परीक्षा

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** सरड़ बम्मी (कलोहा) गांव की बेबी ने नीट परीक्षा पास कर गांव का नाम रोशन किया है। आंचल पुत्री दलजीत सिंह (रिंकू) ने 2025 की नीट परीक्षा में 524 अंक प्राप्त किए हैं। आंचल डॉक्टर बनकर देश सेवा करेगी। आंचल ने अपनी 12वीं की पढ़ाई लोटस इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल, सदवां गरली से पूरी की थी। नीट जैसे कठिन प्रतियोगी परीक्षा में बिना किसी कोचिंग के सफलता प्राप्त करना आंचल की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा और शिक्षकों ने आंचल की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। वहीं, परिवार और गांव के लोग भी इस सफलता से अत्यंत गौरवान्वित हैं। गांव के लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।



# सोहल्दा गांव में लहलहा रहे सेब के बगीचे

## सेवानिवृत्त कैप्टन रोशन ने रचा इतिहास, एक पेड़ से 30-40 किलो की पैदावार

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** कैप्टन रोशनलाल कौंडल ने कांगड़ा जिले के सोहल्दा गांव में सेब की बंपर पैदावार कर कीर्तिमान स्थापित किया है। एक पेड़ से 30-40 किलो सेब की पैदावार और बाजार में आने वाली फसल की ऊंची कीमतें किसानों के लिए सोने पर सुहागा साबित हो रही हैं।

सोहल्दा गांव में सेब के बगीचे लहलहा रहे हैं। जहां कभी गेहूं और धान की खेती ही किसानों की पहचान थी, वहां अब सेब की खेती ने नया इतिहास रच दिया है। उपतहसील कोटला के सोहल्दा गांव के भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन रोशनलाल कौंडल ने अपनी मेहनत और जुनून से मैदानी इलाकों में सेब की खेती को संभव कर दिखाया है। उन्होंने अपने खेतों में सेब के 150 पौधे लगाए हुए हैं और इस बार सेब की बंपर पैदावार हुई, लेकिन पिछले दिनों हुई भारी ओलावृष्टि एवं तेज बारिश से सेब की फसल तबाह हो गई। फिर भी कुछ पौधों पर अभी भी सेब की फसल लहलहा रही है। हिमाचल के पंजाब के साथ लगते गर्म मैदानों में सेब उगाना किसी चमत्कार से कम नहीं है। कैप्टन रोशन लाल कौंडल ने पांच साल पहले हिमाचल प्रदेश के गोपालपुर से अन्ना और डोरसेट गोल्डन जैसी कम ठंड की जरूरत वाली सेब की किस्में लाकर अपने खेतों में रोप दीं। उनकी मेहनत रंग लाई और तीसर साल से ही पेड़ों पर सेब लद गए। इस साल मौसम की मार तूफान और ओलावृष्टि के बावजूद फसल पिछले साल से कुछ कम है। कैप्टन रोशन लाल ने बताया कि मैंने दरगेला निवासी पूर्ण सिंह बुनकर से सेब की खेती की जानकारी ली और वहां से पौधे लाकर सोहल्दा में लगाए व तीसरे साल फल आ गया। पूर्ण सिंह बुनकर की नर्सरी से सेब के पौधे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश आदि में भी सप्लाई किए जाते हैं। मैंने दूसरे किसानों को भी जागरूक किया कि वे मैदानी इलाकों में सेब उगा सकते हैं। एक पेड़ से 60-80 किलो सेब मिलता है, जिससे अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है।



सोहल्दा के रोशन लाल ने बगीचे में लगाए 150 सेब के पौधे।

### एचआरटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारी 18 को राज्यपाल को भेजेंगे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एचआरटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 18 जून को एसडीएम बैजनाथ के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। इससे पूर्व सभी पेंशनर्स बैजनाथ स्थित निगम के कार्यालय से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालेंगे। एचआरटीसी पेंशनर कल्याण संगठन की उपमंडल स्तरीय बैठक प्रधान विधि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। विधि सिंह ने कहा कि सरकार और परिवहन प्रबंधन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रहे हैं। सरकार व परिवहन प्रबंधन की ओर से समय पर पेंशनर्स को न तो समय पर पेंशन न ही अन्य भत्तों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। पेंशन मिलने में देरी और अन्य वित्तीय लाभों के भुगतान में बाधा के कारण पेंशनर्स को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी और अर्जित अवकाश, मेडिकल भत्ते का भुगतान भी नहीं मिल पा रहा है। पेंशनर्स ने सरकार से समय पर पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों के भुगतान की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। सभी पेंशनरों से कहा कि वे अपने हक की लड़ाई को लेकर 18 जून को रैली में भाग लें।

## खेलकूद

### प्री-शूटिंग चैंपियनशिप में प्रताप वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

# 3 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक झटका

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश प्री-शूटिंग चैंपियनशिप में राइफल, स्मॉल बोर और पिस्टल इवेंट प्रतियोगिता में प्रताप वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बच्चों ने 3 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक, 1 कांस्य पदक हासिल किया। 13 बच्चों ने इंटर स्कूल स्टेट व ऑपन नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में प्रतियोगिता में भाग लिया।

यह प्रतियोगिता 9 जून से 12 जून तक शिमला में आयोजित हुई। इसमें प्रदेशभर से 1300 से अधिक शूटर्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में समर प्रताप ने ऑपन साइड एयर राइफल यूथ मैन यूनियर में कांस्य पदक व सीनियर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 10 मीटर राइफल यूथ में रिया गोस्वामी ने कांस्य पदक व ऑपन एयर राइफल में 2 स्वर्ण पदक जीतकर अपना नाम रोशन किया।

वहीं, वंश समयवाल, वंश वहल, आयुष कल्याण, अनिकेत सिंह, समर प्रताप, जसकरण सिंह, रिया गोस्वामी, नैतिक शर्मा, रूहान सिंह संधु, देव्यांश सिंह कटोच, विद्यांश सिंह कटोच, उधव ठाकुर, ओजस्विनी ठाकुर ने स्टेट लेवल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। 10 मीटर एयर राइफल/पिस्टल शूटिंग में शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व अभिभावकों का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्रिंसिपल रेणु परमार ने इस उपलब्धि पर बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के लिए यह गर्व का क्षण है। इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और प्रताप वर्ल्ड स्कूल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा तत्पर रहता है।



शिमला में आयोजित प्री-शूटिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

# शिक्षा मंत्री ने दी करोड़ों की सौगातें

## रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई में कई परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के कठासू का दौरा किया और क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न पहलों को जनता को समर्पित किया, जिससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिली है।

शिक्षा मंत्री ने 2.95 करोड़ रुपए की लागत से तैयार खोड़नी नाला योजना का उद्घाटन किया। यह योजना 2016-17 में विधायक प्राथमिकता के तहत शुरू की गई थी और नाबार्ड के तहत स्वीकृत हुई। इस परियोजना के साथ, 15 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली बार कठासू गांव तक पानी सफलतापूर्वक पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र की गंभीर जल संकट की समस्या का समाधान हुआ है।

शिक्षा मंत्री ने 15 लाख की लागत से बने पटवार सर्कल बरथाटा-कठासू के नवनिर्मित पटवारखाना बटाड़गलू भवन का भी उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि इस भवन का शिलान्यास 14 दिसंबर] 2023 को

रोहित ने बताया कि प्रदेश सरकार शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 19 करोड़ से बटाडगलू से सावड़ा सड़क और 17 करोड़ से भगोली से बरथाटा सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो 2023 में स्वीकृत हुई थीं। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में क्षेत्र में कुल 132 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। शिक्षा मंत्री ने कठासू में लंगर भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इसके लिए पिछले वर्ष 5 लाख रुपये की पहली किश्त जारी की गई थी और शेष राशि भी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने 1.70 करोड़ से बनने वाले बटाडगलू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के प्रगति पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया और शेष अधूरे कार्यों को भी गति देने का आश्वासन दिया।

**खोड़नी नाला योजना से कठासू गांव में पहुंचा पानी, 15 साल का इंतजार खत्म**
**ढाई साल में 132 सड़कें स्वीकृत**


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का स्वागत करते लोग।

### नशे के खिलाफ जन आंदोलन से जुड़ें

**रोहित** ठाकुर ने नवयुवक मंडल कथासू द्वारा आयोजित 7वें पूरण चंद मेमोरियल खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं के जीवन में खेलों की अहम भूमिका है और ये उन्हें नशे से दूर रखने में मदद करते हैं। उन्होंने नशे के खिलाफ जन आंदोलन में आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया और नवयुवक मंडल कथासू को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## संदीप कुमार अध्यक्ष और शांति देवी को चुना महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन से संबंधित सीटू का राज्य सम्मेलन किसान मजदूर भवन, चितकारा पार्क, कैथू, शिमला में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 39 सदस्यीय नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें संदीप कुमार को अध्यक्ष और शांति देवी को महासचिव चुना गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम और अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और मिड-डे मील वर्कर्स के प्रति उदासीनता पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने घोषणा की कि 9 जुलाई को चार लेबर कोड और मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। यूनियन ने सरकार से मांग की है कि उच्च न्यायालय के फैसले को तुरंत लागू किया जाए, मिड-डे मील कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान किया जाए, उन्हें छुट्टियों का प्रावधान किया जाए, और अतिरिक्त कार्य का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# एनटीटी शिक्षकों के इंटरव्यू में 650 युवाओं ने अजमाया अपना भाग्य

अनंत ज्ञान, जुन्गा

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगैन में रविवार को टाईकून एचआर सोल्यूशन कंपनी शिमला द्वारा लिए गए एनटीटी शिक्षकों के इंटरव्यू में करीब 650 युवाओं ने अपना भाग्य अजमाया। टाईकून कंपनी के सीईओ विक्रांत जनारथा ने बताया कि कंपनी द्वारा शिमला जिला के दस ब्लॉक के लिए आउटसोरस पर 190 पदों के लिए साक्षातकार लिए गए हैं जिनमें चैहारा ब्लॉक में 18, चैपाल में 20, देहा में 17, डोडरा क्वार में तीन, जुब्बल ब्लॉक में 20, कसुम्पटी ब्लॉक में 23, कोटखाई में 21, कुमारसैन में 25, मशोबरा में 28 ओर मतियाना ब्लॉक में 15 एनटीटी शिक्षक रखे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने इंटरव्यू लेने के लिए शिक्षा विभाग से सेवानिवृत दस शिक्षाविद अधिकारियों की सेवाएं ली गई, जिनमें रिटायर्ड प्रिंसिपल व एक डिप्टी डायरेक्टर भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि हर ब्लॉक के युवाओं के इंटरव्यू के लिए अलग-अलग कांउटर स्थापित किए गए थे। इन्होंने दावा किया कि एजेंसी द्वारा इंटरव्यू लेने के लिए उचित चयन प्रक्रिया अपनाई गई, जबकि अन्य जिलों के लिए निर्धारित कंपनियों ने युवाओं ने केवल दस्तावेज एकत्रित किए गए थे। विक्रांत जनारथा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार दो साल का एनटीटी डिप्लोमा और दस जमा दो में 50 प्रतिशत अंक वाले युवाओं को इंटरव्यू में मौका दिया गया है जिसमें आरक्षित वर्ग को पांच प्रतिशत छूट दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से पंजीकृत संस्थान से किए गए डिप्लोमा को ही सरकार ने अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत युवाओं द्वारा दिए दस्तावेजों की शिक्षा विभाग और हिप्र इलेक्ट्रॉनिक निगम द्वारा गठित समिति द्वारा सूक्ष्मता से जांच की जाएगी। जिसमें यह देखा जाएगा कि युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए एनटीटी प्रमाण पत्र एनसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा जारी किए गए हैं अथवा नहीं। इंटरव्यू का परिणाम हिप्र इलेक्ट्रॉनिक निगम द्वारा सूक्ष्मता से जांच के बाद जारी किया जाएगा।


एनटीटी शिक्षकों के इंटरव्यू के लिए उमड़ी भीड़।

# समाजसेवी की याद में होगी प्रदेश स्तरीय स्पर्धा

## रील और वीडियो के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग के प्रतिभागी ले सकेंगे हिस्सा

सपना सूद, अनंत ज्ञान

**चौपाल/नेरवा।** पिछड़े उपमंडल कुपवी की आवाज मानी जाने वाली शार्प संस्था के संस्थापक सदस्य और क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी नरवीर पंवार को श्रद्धांजलि देने और उनकी यादों को हमेशा जीवित रखने के लिए संस्था द्वारा एक प्रदेश स्तर की वीडियो/रील प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

संस्था के महासचिव लोकेंद्र चौहान (लक्की) ने बताया कि संस्था के द्वारा शुरू ऐसे ही नशे के खिलाफ एक मुहिम चलाई जा रही है, जिसके तहत युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समय समय पर प्रयास किये जा रहे है। अपने साथी स्वर्गीय नरवीर की याद में आयोजित की जा रही इस स्पर्धा के माध्यम से प्रदेश में नशे के खिलाफ एक सामाजिक संदेश प्रेषित करना ही मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता की थीम 'क्या आप भी हिमाचल को नशा मुक्त देखना चाहते हैं' और 'क्या आपके पास भी है नशे के खिलाफ एक संदेश' रखी गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता संस्था के संस्थापक सदस्य एवं कुपवी के समाजसेवक स्वर्गीय नरवीर पंवार की याद में आयोजित की जा रही है। नरवीर पंवार की 14 जून, 2022 को चौपाल के समीप एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद शार्प संस्था उनकी याद में 2023 से कोई न कोई आयोजन कर रही है। चौहान ने बताया कि वर्ष 2023 में संस्था द्वारा नरवीर की याद में भाषण प्रतियोगिता एवं वर्ष 2024 में कुपवी में एक कृषि शिविर का आयोजन किया गया था। ये दोनों आयोजन केवल उपमंडल कुपवी के स्तर के थे, परन्तु संस्था ने इस वर्ष उनकी याद में 'नशा मुक्त हिमाचल-हम सबकी जिम्मेदारी' विषय पर प्रदेश स्तर की वीडियो/रील स्पर्धा आयोजित करने का निर्णय लिया है। स्पर्धा का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना, प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का संदेश हर घर तक पहुंचाना तथा रचनात्मकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। स्पर्धा के लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा व इसमें प्रदेश के किसी भी क्षेत्र के प्रत्येक आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों को हिंदी भाषा में तीस सेकंड से दो मिनट तक की कविता, कहानी, नाटक, स्लोगन, गीत, संदेश या शार्ट फिल्म की वीडियो या रील बना कर व्हाट्सएप नंबर 86794-06025 पर 31 जुलाई से पूर्व भेजनी होगी। प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा 15 अगस्त को की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान हासिल करने पाले प्रतिभागियों को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 रुपए नकद इनाम राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके आलावा प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

**शार्प संस्था के संस्थापक सदस्य की 3 वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में हो गई थी मौत**

# रिज मैदान में रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त किया एकत्रित


विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान करने वाले को प्रमाण पत्र जारी करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**विश्व** रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी शिमला ने रिज मैदान पर एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त उपायुक्त शिमला ने किया। शिविर में लायंस क्लब शिमला के सहयोग से कुल 29 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे कमला नेहरू अस्पताल, शिमला के ब्लड बैंक में जमा किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर रक्तदान को महादान बताते हुए सभी सक्षम व्यक्तियों से इसमें भाग लेने का आग्रह किया ताकि जरूरतमंद मरीज़ों को समय पर रक्त मिल सके।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव हेमंत जोकटा ने बताया कि यह शिविर उपायुक्त शिमला और सोसाइटी के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कमला नेहरू अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने डॉ. कंचन सिंह के नेतृत्व में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## पूर्व सरकार की योजनाओं का फीता काट रहे मंत्री: मांटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई-नावर में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं का झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया है। मांटा ने एक बयान में कहा कि मंत्री उन परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं जिनकी नींव पूर्व भाजपा सरकार ने रखी थी, जो जनता के साथ सीधा धोखा है। मांटा ने ग्राम पंचायत बरथाटा और कठासु की जलापूर्ति योजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 13 जुलाई, 2020 को दिवंगत भाजपा नेता नरेंद्र बरागटा ने रखी थी। उन्होंने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ मिलकर बरागटा ने 2.77 करोड़ के बजट से इस योजना को मंजूरी दी थी। इसके अलावा, मांटा ने कठासु पंचायत की कोहली से धापली संपर्क सड़क के उद्घाटन पर भी सवाल उठाए।

# भरेच में युवा मंडल ने संभाली पेयजल व्यवस्था की कमान


युवा मंडल के सदस्य पेयजल योजना के स्रोत और पाइपलाइन की सफाई करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**भरेच** गांव के युवा मंडल ने पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। मंडल के सदस्यों ने गांव की पेयजल योजना के स्रोत पर पहुंचकर व्यापक सफाई अभियान चलाया और पाइपों में फंसे कचरे को भी हटाया, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था।

इस अभियान की अगुवाई युवा मंडल के सचिव संदीप शर्मा ने की, जिसमें सुरेश शर्मा, लछमी नन्द शर्मा, नरेंद्र चौहान और अखिल ने सक्रिय सहयोग दिया। स्थानीय ग्रामीण भी इस सुधार और सफाई कार्य में हमेशा से सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

युवा मंडल ने जल शक्ति विभाग गुम्मा से भी आग्रह किया है कि स्रोत और बड़े जल भंडारण टैंक के पास छोटे चैंबर बनाए जाएं, ताकि पेयजल आपूर्ति को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया जा सके। युवा मंडल भरेच के मीडिया संयोजक सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मंडल समय-समय पर पंचायत क्षेत्र में इस तरह के स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित करता रहता है, जो समुदाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बध्यात और नोग में रेलवे सुरंग निर्माण से घरों में आई दरारें

## लोगों के समर्थन में उतरे पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर, न्याय दिलाने का किया ऐलान

शुभम राही, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर से गुजर रही रेलवे लाइन की बध्यात और नोग गांव के बीच बन रही सुरंग नंबर-17 के निर्माण कार्य ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी हैं। सुरंग निर्माण के चलते कई ग्रामीणों के घरों में दरारें आ चुकी हैं। प्रभावित ग्रामीण पिछले लंबे समय से प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इसी बीच बिलासपुर सदर के पूर्व भाजपा विधायक सुभाष ठाकुर खुलकर इन परिवारों के समर्थन में उतर आए हैं।

रविवार को बिलासपुर परिधिगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में सुभाष ने कहा कि उन्होंने स्वयं गांव में जाकर स्थिति का जायजा लिया है। 5 मकान ऐसे हैं, जो पूरी तरह रहने लायक नहीं बचे हैं और कभी भी गिर सकते हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से ले और त्वरित समाधान करे। मुद्दा निर्माण कार्य को रोकने का नहीं है, क्योंकि रेलवे लाइन का निर्माण देश की उन्नति और प्रगति के लिए हो रहा है और ग्रामीण भी इसका समर्थन करते हैं, लेकिन मुद्दा न्याय, उचित मुआवजे और पुनर्वास का है।


बिलासपुर परिधिगृह में पत्रकार वार्ता करते पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर।

### एक माह से ग्रामीण बैठे धरने पर

**प्रभावित** परिवार बीपीएल श्रेणी के हैं और किसी के पास 7-8 बिस्वा से अधिक भूमि नहीं है। यही भूमि उनकी जीविका और आवास का आधार है। घरों में दरारें आने के बावजूद उचित मुआवजा और पुनर्वास की योजना नहीं बनने से ये परिवार मजबूरी में जर्जर मकानों में रहने को विवश हैं। वर्ष 2024 से ये परिवार प्रशासन से लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई न होने पर ये ग्रामीण बीते एक माह से धरने पर बैठे हैं।

### कमेटी में नहीं है ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व

**सुभाष** ठाकुर ने कहा कि मामले की जांच के लिए जो कमेटी बनाई गई है, उसमें किसी भी प्रभावित परिवार का प्रतिनिधि नहीं है। उन्होंने मांग की कि कमेटी की रिपोर्ट और उसके सदस्यों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। साथ ही उन्होंने सुरंग निर्माण कर रही कंपनी द्वारा पर्यावरण कानूनों और खनन नियमों के अनुपालन पर भी सवाल उठाए।

### आज करेंगे उपायुक्त से मुलाकात

**पूर्व** विधायक ने कहा कि सोमवार को वे इस मामले को लेकर डीसी बिलासपुर राहुल कुमार से मिलेंगे और प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के रेलवे मंत्रालय से भी बात करेंगे, ताकि प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाया जा सके।

# भगेड़ क्षेत्र के लोगों को जल्द मिलेगा लो वोल्टेज की समस्या से छुटकारा

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के तहत भगेड़ क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश धर्माणी की पहल रंग ला रही है। मंत्री धर्मानी के निर्देश पर बिजली विभाग ने ठोस कदम उठाते हुए दो नए ट्रांसफार्मरों को स्वीकृति प्रदान की है, जिनकी स्थापना का कार्य आगामी 10 से 15 दिन में आरंभ कर दिया जाएगा।

इससे पहले लोगों को तत्काल राहत देने के लिए विभाग ने भगेड़ ट्रांसफार्मर से भगेड़ बाजार तक एक नई एक्सप्रेस सर्किट लाइन का निर्माण 3.5 लाख की लागत से पूर्ण किया है। यह लाइन 15 जून को चालू कर दी गई है। एक्सप्रेस सर्किट के शुरू होने से बाजार क्षेत्र का बिजली भार मुख्य लाइन से अलग हो गया है,, जिससे वोल्टेज में स्थिरता आई है और उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिल रही है।


दो नए ट्रांसफार्मर लगाने का जल्द शुरू होगा काम।

### सरकार दे रही जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता: धर्माणी

**राजेश** धर्माणी ने कहा कि यह समस्या क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय से बड़ी चुनौती बनी हुई थी, जिसे अब योजनाबद्ध तरीके से दूर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार जनता की बुनियादी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इसी कारण इस कार्य को त्वरित गति से अमलीजामा पहनाया गया है।

## लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे बकरोआ औहर और भगेड़ के लोग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पंचायत बकरोआ, औहर और भगेड़ कस्बे के ग्रामीण पिछले डेढ़ वर्ष से बिजली की कम वोल्टेज समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने सोमवार को समस्या के समाधान के लिए घुमारवीं में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताने का फैसला किया है। पेट्रोल पंप घुमारवीं से लेकर एसडीएम कार्यालय तक कैंडल मार्च निकालेंगे, ताकि नींद में सोई सरकार को जगाया जा सके। एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन शुरू करेंगे।

आपको बता दें कि बिजली की कम वोल्टेज के कारण पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि वे अपना व्यवसाय ठीक से नहीं चला पा रहे हैं। कम वोल्टेज के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत करवाया है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब ग्रामीण अपने हक के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

**भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष की अगुवाई में आज निकालेंगे कैंडल मार्च**

# एचआरटीसी बस से 2 किलो 42 ग्राम चरस पकड़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**पुलिस** थाना बरमाणा की टीम ने एसीसी चौक बरमाणा में नाकाबंदी के दौरान मनाली से देहरादून जा रही एक एचआरटीसी बस से 2 किलो 42 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में नेपाल के रहने वाले 61 वर्षीय लाल बहादुर साही और उनकी 31 वर्षीय बेटी निशा देवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शक के आधार पर बस में तलाशी ले रही थी। इस दौरान निशा देवी के बैग से दो पैकेट चरस बरामद हुई। लाल बहादुर साही और उनकी बेटी निशा देवी दोनों नेपाल के निवासी हैं और चंडीगढ़ जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।


गिरफ्तार नेपाली व्यक्ति और उसकी बेटी।

# भगेड़ में युवक से 10.94 ग्राम चिट्टा बरामद


चिट्टे के साथ गिरफ्तार युवक।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं की टीम ने एक युवक से 10.94 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस टीम ने भगेड़ के पास नाका लगाया हुआ था। एक युवक किरतपुर की तरफ से बाइक पर आया, जो पुलिस को देखकर घबरा गया और जेब से एक पुड़िया नीचे फेंक दी। पुलिस ने उस लिफाफे को खोला तो उसमें चिट्टा पाया गया, जिसका वजन 10.94 ग्राम था। आरोपी युवक की पहचान दीक्षांत ठाकुर (26), गांव नाल्टी, तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी चंद्र पाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

**कार्यक्रम** विधायक कटवाल बोले- ग्रामीण इलाकों की बदल रही तस्वीर और तकदीर

# मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल: त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मोदी** सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत कुहमझवाड़ और रोहिण में संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भाजपा बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों, जनहितैषी फैसलों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की ज्यादातर आबादी गांवों में बसती है। इसके मद्देनजर मोदी सरकार ने बजट का रुख और विकास का मुख्य गांवों की ओर मोड़ा है। ग्रामीण इलाकों की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। मातृ शक्ति के उत्थान के लिए कई कारगर कदम उठाए गए हैं, जिससे वे आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत हुई हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का नेतृत्व महिला सैन्य अधिकारियों ने किया, जो बड़ी बात है। वहीं, त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने शासक नहीं, बल्कि जनता के सेवक के रूप में काम करते हुए अपनी अलग छाप छोड़ी है।

देश ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। भारत अब बदल चुका है। वह दुश्मनों के सामने सिर झुकाकर नहीं, बल्कि उनकी आंखों में आंखें डालकर बात करने के साथ ही उन्हें उनके घर में घुसकर मारने में भी सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर इसका ताजा प्रमाण है। हर नागरिक इस बात को बखूबी समझ रहा है कि देश और देशवासियों का भला करने के साथ ही भारत को ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने की क्षमता कौन रखता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोगों के घर-घर जाकर उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनहितैषी योजनाओं से अवगत करवाएं।


कुहमझवाड़ और रोहिण में संकल्प से सिद्धि अभियान कार्यक्रमों का आयोजन।

### वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति मजबूत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि दृढ़ संकल्प से बड़ी से बड़ी चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा ने इस बात को बखूबी प्रमाणित किया है। जीतराम कटवाल ने रविवार को 'संकल्प से सिद्धि तक-मोदी सरकार के 11 वर्षों की यात्रा' अभियान के तहत घुमारवीं के मिलन पैलेस में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है।

## बिलासपुर में 1215 अभ्यर्थियों ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

पुलिस भर्ती के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने वाले युवक व युवतियों की लिखित परीक्षा रविवार को बिलासपुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। कुल 1215 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक पांच परीक्षा केंद्रों में एक साथ संचालित की गई। परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रदेशभर से अभ्यर्थी शनिवार को ही बिलासपुर पहुंच गए थे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के भीतर केवल पानी की बोतल और बाल पेन ले जाने की अनुमति दी गई थी। राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर, कन्या स्कूल बिलासपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चांदपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठीपुरा, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिलासपुर में पुलिस भर्ती की परीक्षा आयोजित की गई।

# राख से कुगती तक नालों में बनाएं डिपिंग टैंक

## शिवचरण ठाकुर ने भेड़पालकों की समस्याओं को लेकर वूल फेडरेशन के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** उपमंडल की सचूई पंचायत के मलकोता गांव के निवासी शिवचरण ठाकुर ने भेड़पालकों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर गत दिनों भरमौर के दौरे पर आए वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर को एक लिखित ज्ञापन सौंपा, जिसमें क्षेत्रीय, भेड़ पालकों, पशुपालकों की कई गंभीर मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि मलकौता सहित भरमौर क्षेत्र में भेड़पालन का व्यवसाय सैकड़ों परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है। किंतु लगातार उपेक्षा, असुविधाएं और अव्यवस्थित नीतियों के कारण यह परंपरागत व्यवसाय पर संकट आ गया है।

उन्होंने भेड़ पालकों की प्रमुख मांगें को उठते हुए कहा कि भरमौर-होली सहित समूचे जनजातीय क्षेत्र में कहीं भी भेड़ों को नहाने की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। गर्मियों में भेड़ों को साफ रखना अत्यंत आवश्यक होता है, लेकिन क्षेत्र में ऐसा कोई सुरक्षित स्नान स्थल उपलब्ध नहीं है। जबकि राख से लेकर कुगती तथा न्याग्राम तक जितने भी पानी के नाले पड़ते हैं, उनमें डिपिंग टैंक बनने चाहिए, जिससे अपनी सुविधानुसार भेड़ पालक अपनी भेड़ों को नहला सकें।


भेड़पालकों की समस्या को लेकर वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भेड़-बकरियों की चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे भेड़पालकों को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। असुरक्षित महसूस करने के कारण कई भेड़ पालकों ने अपनी भेड़ बकरियां बेचनी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर आदि राज्य से आने वाले बकरवाल सीमित चारागाहों पर दबाव डालते हैं, जिससे स्थानीय भेड़पालकों को नुकसान होता है। वे बिना किसी चरागाहों के परमिट होने के बाबजूद भी भरमौर के चरागाहों में पहुंच रहे हैं, जिससे भरमौर के भेड़ पालकों के चारागाह सीमित हो रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों और पशुपालकों ने शिवचरण ठाकुर की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि वूल फेडरेशन तथा राज्य सरकार इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएंगे। भेड़ पालकों की इन मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने दिया है।

### ऊन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की मांग

**भेड़पालकों** को ऊन का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ऊन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की मांग रखी। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई की भी मांग उठते हुए कहा कि बर्फबारी, बारिश, भूस्खलनों आदि आपदाओं में भेड़ों की मृत्यु पर मुआवजे या किसी प्रकार के बीमा योजना की व्यवस्था नहीं है, जिससे उनके नुकसान की भरपाई नाममात्र को ही होती है।

### स्वास्थ्य व ऊन कटाई के लिए लगाए जाएं शिविर

**भेड़पालकों** व भेड़-बकरियों के लिए स्वास्थ्य एवं ऊन कटाई के लिए वर्ष में शिविरों का आयोजन किया जाए, जिनमें टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और ऊन कटाई की सुविधाएं मिलें। उन्होंने गर्मियों में वूल फेडरेशन का कार्यालय भरमौर को स्थानांतरित करने का आग्रह किया ताकि इस दौरान स्थानीय भेड़पालकों को त्वरित सहायता और मार्गदर्शन मिल सके।

# स्वरोजगार की राह बनी सेब की बागवानी

## कीड़ी के 100 परिवारों को ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से मिला लाभ

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के सकारात्मक परिणाम स्वरूप विकासखंड मैहला की ग्राम पंचायत कीड़ी में विभाग की पहल से लोगों को सेब की बागवानी के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्थायी स्वरोजगार का एक बेहतरीन अवसर उपलब्ध हुआ है।


मैहला की ग्राम पंचायत कीड़ी की महिलाएं खेतों में काम करती हुईं।

जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर का कहना है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ग्राम पंचायत कीड़ी के 100 परिवारों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत कार्य स्वीकृत कर लगभग 12 हजार के करीब उन्नत किस्म के सेब पौधे वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एम 9 व एम 11 इत्यादि प्रमुख रूट स्टॉक आधारित पौधों की नवीनतम किस्मों में रेड विलाक्स, डार्क बैरन गाला, सनीकों गाला, जेरोमाईन, किंग रोट इत्यादि प्रमुख वैरायटीज के पौधे लोगों को उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने बताया कि पौधे उपलब्ध करवाने से पहले लोगों को खेत तैयार करने के लिए भी नियमों के अनुरूप सहायता प्रदान की गई।

योजना के लाभार्थियों में गांव लग्गा के हुकम सिंह, बबलू, संतो राम, शेर सिंह, हुकम सिंह व माधो राम आदि ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग की इस पहल से आसपास के क्षेत्र में भी सेब की सघन खेती की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। स्थानीय किसान बबलू का कहना है कि स्थानीय लोग पत्ता गोभी, मटर व अन्य नगदी फसलों के उत्पादन करने के साथ सेब उत्पादन के साथ भी जुड़े हैं। सेब की सघन खेती से अब किसानों को नगदी फसलों की इंटरक्रॉपिंग (अंतर फसलीकरण) की भी सुविधा मिलती है। किसानों-बागवानों कहना है कि विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के साथ-साथ विभाग द्वारा स्वरोजगार के स्थाई विकल्प उपलब्ध करवाना किसानों और बागवानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# शिक्षा, अनुशासन व करियर से जुड़ी जानकारी की साझा


मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी चंबा ने किया प्रेरणादायक व शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**मुस्लिम** वेलफेयर सोसायटी चंबा द्वारा रविवार को मदरसा जामिया हुसैनिया मंजीर में एक प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और करियर से जुड़ी उपयोगी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए बच्चों की कक्षावार परीक्षाएं भी आयोजित की गईं। परीक्षा उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान माहौल बेहद उत्साहजनक और प्रेरणास्पद रहा।

इस मौके पर मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के विद्वानों ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणास्पद संदेश दिए और उन्हें शिक्षा को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल के कर्णधार हैं और उन्हें नैतिक व शैक्षणिक मूल्यों से सशक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों ने भी सोसायटी की सराहना की और भविष्य में ऐसे और आयोजन करवाने की अपेक्षा जताई।

# श्री गुरु सिंह सभा डलहौजी ने मनाया 99वां सालाना दीवान

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** श्री गुरु सिंह सभा डलहौजी ने 99वां सालाना दीवान बड़ी ही श्रद्धा पूर्वक मनाया। गुरुद्वारा के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने कहा कि हमारे बुजुर्गों द्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब को 99 साल हो गए हैं और आगे हम इस परंपरा को भी चलते आ रहे हैं। अगले साल इस गुरुद्वारा को बने हुए 100 साल हो जाएंगे जो की एक बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि 11 जून से गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ जी के पाठ शुरू कर दिया गया था, जिसका रविवार को भोग डाल दिया गया। इसके उपरांत 14 को नगर कीर्तन किया गया। जिसमें पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने गुरुद्वारा में चढ़कर हिस्सा लिया और खरड़ से आए हुए भाई कुलविंदर सिंह कीर्तनीय जत्था ने सुभाष चौक और गांधी चौक में कीर्तन द्वारा संगत को खूब निहाल किया।

गुरुद्वारा में भी लोकल जत्था भाई मनीष और विशाल कोहली व भाई कुलविंदर ने शब्द कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने गुरुद्वारा में शीश झुकाया व डलहौजी के पूर्व नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष मनोज चडढा भी मौजूद रहे। गुरुद्वारा के अध्यक्ष रमजीत सिंह ने गुरुद्वारा सिंह सभा डलहौजी के बाकी सदस्यों सहित बाहर से आए हुए पर्यटकों व स्थानीय संगत व खासकर चंबा से आई हुई संगत का सहयोग देने के लिए तह दिल से सबका धन्यवाद किया।

# तवारकु देवी कीट नियंत्रण व रोग पर करेंगी शोध

## प्राकृतिक खेती में नए-नए प्रयोग कर महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा स्रोत

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** प्रदेश की महिलाएं खेतीबाड़ी में पुरुष किसानों के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और खेती को वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। सुन्नी के साथ लगते क्षेत्र माहूनाग के गंगा स्वयं सहायता समूह ग्राम संगठन की प्रधान तवारकु देवी महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और प्राकृतिक खेती में नए-नए प्रयोग कर प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रही है। अभी हाल ही में शिमला दो दिवसीय राज्य स्तरीय बहु-हितधारक परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएम सुक्खू विशेष रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के नौ जिलों से लगभग 200 से अधिक महिला पुरुष चैंपियन किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विशेष तौर से प्रदेश में वर्षा आधारित कृषि प्रणालियों को बढ़ाना, जलवायु-अनुकूल कृषि प्रणालियां पहाड़ों में जन-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मिलेट्स को पुनर्जीवित करना तथा किसानों को प्रशिक्षित कर किसानों की आर्थिक रूप मे सशक्त बनाने में बाहरी राज्यों से आए शोधकर्ताओं,कृषि वैज्ञानिकों और खेती के क्षेत्र में विशेष कार्य कर रहे विभिन्न संगठनों के प्रमुख वक्ताओं ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में करसोग क्षेत्र की प्रगति शील महिला किसान तवारकू देवी द्वारा किए जा रहे अनुसंधान बारे उपस्थित वक्ताओं को परिचित करवाया। उनके द्वारा प्राकृतिक खेती में मित्र कीट व हानि कारक कीट नियंत्रण व रोग का अध्ययन पर विचार रखे गए। उनके द्वारा किए जा रहे अनुसंधान पर मुख्यमंत्री द्वारा खूब सराहना की गई और प्राकृतिक खेती में किए जा रहे इन अनुसंधानों को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया गया। तवारकू देवी ने इस दौरान अपने अनुदान बारे विस्तृत रूप से अटैया की क्षेत्र का हर किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ा है और इस विधि द्वारा की जा रही खेती में अच्छे परिणाम आ रहे हैं और उनके द्वारा विलुप्त हो रहे मोटे अनाज पर भी कार्य किया जा रहा है। किट नियंत्रण पर भी विशेष घटक तैयार किया जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मिलेट्स प्रोसेसिंग के लिए नई टेक्नोलॉजी की मशीनों को प्रदेश के किसानों से मुहैया करवानी का भी आग्रह किया। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए चैंपियन किसानों , अधिकारी वर्ग,तथा कृषि विशेषज्ञों द्वारा कृषि की नई तकनीकों के बारे विस्तृत विचार साझे किये।

### मिलेट्स प्रोसेसिंग के लिए नई टेक्नोलॉजी की मशीनों को मुहैया करवाने का आग्रह

# भक्ति, प्रकृति व नशा मुक्ति का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा श्रीराम मंदिर, शिमला में आयोजित श्री कृष्ण कथामृत के पांचवें दिन, साध्वी सुश्री रुपेश्वरी भारती ने भक्ति, प्रकृति संरक्षण और नशा मुक्ति पर प्रवचन दिए। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की बांसुरी को भक्ति और समर्पण का प्रतीक बताया और प्रकृति के सम्मान व नशे से दूर रहने का आह्वान किया। संस्थान का 'बोध' नशा उन्मूलन कार्यक्रम भी चर्चा में रहा। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिसमें सशस्त्र सीमा बल कमांडेंट डॉ. राजीव रंजन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 16 जून को हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।



# मेले में जा रहे मामा व भांजे की बाइक खाई में गिरी, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ऋषि पराशर मंदिर में सरानाहुली मेले में जा रहे मामा-भांजे की बाइक खाई में जा गिरी।

जानकारी के अनुसार हादसे में मामा 46 वर्षीय हरफूराम पुत्र त्वारफू राम निवासी सराच डाकघर मौहल जिला कुल्लू की मौत हो गई, जबकि भानजा 25 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र रूप चंद निवासी गही डाकघर नगवाई को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। दोनों मामा-भानजा नगवाई से पराशर के लिए बाइक पर ज्वालापुर पनारसा मार्ग पर निकले थे। 10 किलोमीटर दूर बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हरफूराम को खाई से निकाला, लेकिन चिकित्सकों ने हरफूराम को मृत घोषित कर दिया और राकेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे चंडीगढ़ रेफर कर है।

# सुंदरनगर के मुकेश ने जीता बसंतपुर दंगल

## राजस्थान की महिला पहलवान ने जीते चार मुकाबले, 11 हजार से किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**शिमला** ग्रामीण के विकास खंड बसंतपुर की मुख्यालय पंचायत बसंतपुर में शनिवार को देर रात तक चले कुश्ती मुकाबले में सुंदरनगर के पहलवान मुकेश ने विजय हासिल की। फाइनल मुकाबले में उसने धामी शिमला ग्रामीण के भूपेंद्र को हराया। विजेता को 31 हजार एवं उपविजेता को 21 हजार रुपए नकद इनामी राशि से नवाजा गया। लगभग रात्रि नौ बजे कुश्ती का समापन हुआ। कुश्ती का विशेष आकर्षण एक मात्र महिला पहलवान राजस्थान की बिट्टू रही। जिसने पुरुषों के साथ चार राउंड मुकाबले में जीत दर्ज की व अजेय रही। महिला पहलवान को भी 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।


कुश्ती के विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते मेला कमेटी सदस्य।

इस अवसर पर सत्या ने 11 हजार व चन्द्र सिंह कंवर एवं इन्द्र सिंह वर्मा ने 5100-5100 की राशि कमेटी को प्रदान की। उपप्रधान बसंतपुर राजीव कंवर, रमेश सूद, डॉ राजीव, जितेन्द्र शर्मा, कमेंटेटर अमर थापा, कमेटी सदस्यों में गिरीश शर्मा, नरेंद्र, सुरेश शर्मा, संजू सिंह, सुनील, रिंकू, रणजीत सिंह, अर्जुन, डिड्डू राम व मुकेश मौजूद रहे। कुश्ती में नोख राम बेंड दल जमोग भी आकर्षण रहा। बेंड दल ने सुबह से ही बाजार में अपने हुनर का प्रदर्शन शुरू किया तथा कुश्ती तक ढ़ोल की गूंज रही। स्व. चरण दास सूद एवं स्व जेठू राम द्वारा लगभग 35 वर्ष पूर्व आरम्भ की गई कुश्ती ज्येष्ठ माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाती है।

# शिव भजनों से गूंजा प्राचीन शिव मंदिर भनौता

**अनंत ज्ञान, भनौता**

**ग्राम** पंचायत भनौता स्थित प्राचीन शिव मंदिर में परंपरा अनुसार इस वर्ष भी विशाल फसली भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हर बार रबी और खरीफ की फसलों के एकत्रीकरण के बाद शिव शंकर को अर्पित कर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाता है।

जानकारी देते हुए जोगिंदर सिंह मिंया ने बताया कि इस क्षेत्र की यह एक प्राचीन परंपरा रही है, जिसके अनुसार हर ग्रामीण अपनी फसल का कुछ अंश भोले शंकर को अर्पित करता है। वर्तमान में यह परंपरा एक भव्य भंडारे का रूप ले चुकी है, जिसमें ग्रामीण अपने घरों से दही, दूध, अनाज आदि लाकर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन करते हैं।

जैसे ही मक्की की फसल तैयार होती है, तब भी इसी प्रकार का फसली भंडारा आयोजन होता है। दिनभर शिव भजनों की गूंज के बीच श्रद्धालु शिव के चेलों से आगामी फसल की समृद्धि और समय पर वर्षा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। साथ ही गांव की खुशहाली और समृद्धि के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की जाती है।


प्राचीन शिव मंदिर भनौता में भंडारे का आनंद लेते भक्त।

इस आयोजन में गांव का प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार आर्थिक सहयोग व श्रमदान करता है। भंडारे के दौरान मंदिर के पुजारी देश राज डोगरा ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि आगामी फसली भंडारे में गांव के हर परिवार का कम से कम एक सदस्य मंदिर में गठित होने वाली कमेटी में सम्मिलित हो, ताकि जनसहभागिता से मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी आगे बढ़ाया जा सके।

### सूडोकु नवताल- 7462 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7461 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 16 जून 2025**

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** पंचती (03:34) : **नक्षत्र** धनिष्ठा (01:14), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : वैधृति (11:06), अभीजित (11:53-12:48)। **राहुकाल** (07:07-08:52)।

### विशेष दिन

- 16 जूनः बंगाल में आज मनाई जाएगी नागपंचमी।
- 16 जूनः पंचक आज से होंगे शुरू।

**मेषः** मन लगाकर काम करें। व्यापार-व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा। परिजनों में असंतोष का वातावरण रहेगा। भूमि-आवास की समस्याओं से

**वृषः** कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है। बुद्धि एवं तर्क से कार्यस्थल पर अपना वर्चस्व स्थापित करेंगे। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

**मिथुनः** आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। कार्यपद्धति में बदलाव होगा। नौकरी में आपके विरुद्ध षड्यंत्र होगा।

**कर्क**: आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे जो आपके लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि संभव है। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ की संभावना बनती है।

**सिंहः** दिन उपयुक्त है। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। पूर्व में किए कार्यों के शुभ परिणाम देखने को मिलेंगे।

**कन्याः** अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं। प्रसन्नता व आशाजनक वातावरण के कारण प्रयास सार्थक होंगे।

**तुलाः** वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं। कार्यस्थल पर सही निर्णय ले पाएंगे। मित्रों से आर्थिक मदद प्राप्त होगी।

**वृश्चिकः** आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**धनुः** अपने काम करने के तरीकों को बदलें भाइयों से विवाद होंगे। दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। निजी जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आकस्मिक लाभ होने के योग बन रहे हैं।

**मकरः** आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी संयम रखें। यात्रा संभव है। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। आर्थिक तंगी से जरूरी काम बाधित होंगे। संतान के व्यवहार से दुःख होगा।

**कुंभः** मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। मन में किसी निर्णय को लेकर दुविधा रहेगी। माता-पिता से जरूरी वार्तालाप होगी।

**मीनः** धन प्राप्ति के स्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यस्थल के विरोधी परास्त होंगे।

# टिक्कर में 220 मरीजों का किया चेकअप

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** न्यू लाइफ अस्पताल रोहड़ू द्वारा रविवार को टिक्कर पंचायत में अपनी छठी वर्षगांठ के अवसर पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन झाल्टा, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनव सरमैक, जनरल फिजिशियन डॉ. शिखिन सोनी, जनरल फिजिशियन डॉ. निशा गुप्ता व प्रतीक मेहता ने दूर दराज से आए मरीजों की जांच की। उसके साथ ही न्यू लाइफ अस्पताल की ओर से नर्सिंग अधिकारी रीता चौहान, लैब तकनीशियन पारुल, रेवत पुहारटा, प्रेम राज शर्मा, अर्चना, अजंना, टीनू व अभिषेक भी मरीजों के लिए उपलब्ध रहे। इस शिविर में 220 मरीजों की निशुल जांच की गई। इसके साथ ही बीपी, शुगर, पेशाब की जांच, किडनी व लिवर के टेस्ट निःशुल्क किए गए। इस शिविर के सफल आयोजन के लिए स्थानीय स्वयंसेवी राम प्रकाश जगीथटा, देस राज देष्टा गांव खांगटा, सोहन सिंह देष्टा पूर्व उप प्रधान ग्राम पंचायत टिक्कर व स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा ।


न्यू लाइफ अस्पताल रोहडू की ओर से टिक्कर में आयोजित निःशुल्क जांच शिविर में स्वास्थ्य की जांच करवाते हुए मरीज।

न्यू लाइफ अस्पताल रोहड़ू के प्रबंधक व चेयरमैन डॉ. पवन झाल्टा ने बताया कि न्यूलाइफ अस्पताल रोहडू क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करता है कि उन्होंने उन पर भरोसा किया और तसल्ली से इलाज कर सकुशल स्वस्थ जीवन जी रहे है। उन्होंने जानकारी दी है कि न्यू लाइफ अस्पताल रोहड़ू में थ्री डी लैप्रोस्कोपी की सुविधा प्रदान करने वाला प्रदेश के चुनिंदा अस्पतालों में एक बन गया है। यह सब क्षेत्रवासियों के अस्पताल के प्रति विश्वास, सहयोग व इलाज सुविधा देने के कारण ही संभव हो पाया है।

# मुगला में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा कैलाश की अध्यक्षता में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। साहो, जडेरा, राख, मैहला,मंगला, घरवाला आदि गावों कस्बों से आए श्रद्धालु भक्तों ने सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को अपने भजनों व विचारों द्वारा व्यक्त किया। अंत में एलईडी के माध्यम से सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के विचारों को साध संगत को सुनाया गया

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पत्नी संग हाटेश्वरी माता के किए दर्शन



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व उनकी धर्मपत्नी ने रविवार शाम को हाटकोटी में हाटेश्वरी माता के दर्शन किए! वंही मंदिर न्यास कमेटी के सदस्यों ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व उनकी धर्मपत्नी का माता की चुनरी पहनाकर स्वागत किया। शाम के समय राज्यपाल व उनकी धर्मपत्नी ने मां हाटेश्वरी की पूजा अर्चना की। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल परिवार सहित तीन दिवसीय प्रवास के दौरान जुब्बल, रोहडू व डोडरा क्वार क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान उनके साथ मंदिर न्यास कमेटी हाटकोटी के अध्यक्ष व एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी, एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान, नायब तहसीलदार सरस्वती नगर व मंदिर न्यास कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL KULLU DISTRICT KULLU**

**CORRIGENDUM**

In continuation to this office tender notice No. MC 2025 3940-3943, dated 06.06.2025, wherein 9 nos. of tender have been invited by this office regarding various development works in MC Kullu and the same work to be deposited up to 11:45 AM on 17.06.2025 and opened on the same day at 03:30PM and the tender form will be sold up to 04:30 PM on 16.06.2025 are hereby postponed due to administrative reasons. Now dates are as follows:-

1. Tender form will be sold up to 04:30 PM on dated 19.06.2025
2. Tender form to be deposited in office of undersigned on or before 12:30 PM on 20.06.2025
3. Tender will be opened on 20.06.2025 at 03:30 PM

All others terms and conditions mentioned in previously published tender notice in respective newspapers i.e. Punjab Kesri/ Anant Gyan will remain same.

**Executive Officer,**
**Municipal Council Kullu**
**Distt. Kullu H.P.**

संभव की सीमा जानने का एक ही तरीका है, असंभव से भी आगे निकलना है। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# चिट्टे का बढ़ता संकट

हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, आजकल एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है जिसका नाम है चिट्टा यानी सिंथेटिक ड्रग। इस नशे की तस्करी और लत जानलेवा है। यह समस्या न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को खोखला कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी अंधकारमय बना रही है। बिलासपुर जिले में एक युवक की चिट्टे की ओवरडोज से हुई मौत इस संकट की गंभीरता को उजागर करती है। यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। चिट्टा एक प्रकार का सिंथेटिक ड्रग है जो हेरोइन, ब्राउन शुगर या अन्य खतरनाक केमिकल्स से बनाया जाता है। यह बेहद नशेड़ी और जानलेवा होता है। इसकी लत इतनी तीव्र होती है कि एक बार इसका सेवन करने वाला व्यक्ति बार-बार इसकी ओर खिंचता चला जाता है। कुछ ही समय में यह शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति को पूरी तरह जकड़ लेता है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के युवा तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी का नेटवर्क गहराई से फैला हुआ है। पड़ोसी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड से चिट्टा हिमाचल लाया जाता है और फिर यहां के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बेचा जाता है। कुछ स्थानीय लोग भी इस नेटवर्क में शामिल हो चुके हैं, जो लालच और बेरोजगारी की वजह से इस अपराध में उतर चुके हैं। पुलिस और एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) की समय-समय पर छापेमारी के बावजूद यह नेटवर्क बार-बार नए रूप में सामने आ जाता है।

हिमाचल प्रदेश में न्यायपालिका भी इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है। हाल ही में रोहड़ू स्थित विशेष सत्र न्यायालय ने चिट्टा तस्करी के दोषी पाए गए एक पिता-पुत्र को 7 साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना सुनाया। यह निर्णय न केवल अपराधियों के लिए चेतावनी है, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी है कि कानून ऐसे अपराधियों को बख्शने वाला नहीं है। यह सख्त रुख न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और दृढ़ता को दर्शाता है। हिमाचल प्रदेश सरकार भी चिट्टा तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। राज्य पुलिस ने ड्रग-फ्री हिमाचल जैसे अभियानों की शुरुआत की है, जिसमें स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्रों और युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। सरकार ने हाल ही में यह भी निर्णय लिया है कि जो भी व्यक्ति चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाया जाएगा, उसकी संपत्ति को जब्त किया जाएगा। यह एक मजबूत कदम है जिससे तस्करों को आर्थिक रूप से भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि ड्रग माफियाओं की संपत्ति कुर्क कर उन्हें सामाजिक रूप से अलग-थलग किया जाए। इसके अतिरिक्त, नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सरकार और न्यायपालिका की कोशिशें तब तक पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं जब तक कि आम जनता जागरूक न हो। यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का विषय भी है।

युवाओं को बचपन से ही नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया जाना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कार्यशालाएं, नाटक, गीत-संगीत और लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के खिलाफ संदेश पहुंचाया जाना चाहिए। माता-पिता, शिक्षक, और समाज के अन्य जिम्मेदार नागरिकों को यह समझना होगा कि यह सिर्फ 'किसी और के बच्चे की समस्या' नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे समाज का संकट है। अगर आज हम चुप रहे, तो कल हमारे घर का कोई सदस्य भी इसका शिकार हो सकता है। इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त करना कोई आसान कार्य नहीं है। तस्करों का नेटवर्क बहुत जटिल है और यह सीमाओं से परे फैला हुआ है। पुलिस को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की आवश्यकता है ताकि वे इंटरनेट, डार्क वेब, और सोशल मीडिया पर चल रही ड्रग डीलिंग गतिविधियों पर नजर रख सकें। इसके अलावा, पुलिस बल में भ्रष्टाचार पर भी कठोर निगरानी रखनी होगी, क्योंकि कई बार तस्करों को स्थानीय स्तर पर समर्थन भी मिल जाता है।

दूसरी चुनौती यह है कि कई बार समाज नशे के शिकार व्यक्ति को अपराधी मानता है, जबकि असल में वह एक पीड़ित होता है जिसे इलाज और समर्थन की जरूरत होती है। इसलिए समाज की सोच में बदलाव लाना अत्यंत आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुका है। सरकार, न्यायपालिका और प्रशासन की ओर से कई सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस समस्या से लड़ने के लिए कानून, प्रशासन, शिक्षा, और समाज को एकजुट होकर काम करना होगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक जागरूक समाज ही स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव रख सकता है। आज जरूरत है साहसिक कदम उठाने की, न सिर्फ सरकार द्वारा, बल्कि हर नागरिक द्वारा, ताकि हिमाचल फिर से अपने देवभूमि स्वरूप को प्राप्त कर सके और युवाओं का भविष्य नशे के अंधेरे से निकलकर उम्मीद की रोशनी में चमक सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म अभिनेता

**मिथुन** चक्रवर्ती भारत के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी है। चक्रवर्ती ने अपने अभिनय की शुरुआत कला फिल्म 'मृग्या' से की, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1980 के दशक के अपने सुनहरे दौर में एक डांसिंग स्टार के रूप में उनके बहुत सारे प्रसंशक बने और खुद को उन्होंने भारत के सबसे लोकप्रिय प्रमुख अभिनेता के रूप में स्थापित किया, विशेष रूप से 1982 में बहुत बड़ी हिट


मिथुन चक्रवर्ती
जन्म : 16 जून, 1950

फ़िल्म 'डिस्को डांसर' में स्ट्रीट डांसर जिमी की भूमिका ने उन्हें लोकप्रिय बनाया। कुल मिलाकर बॉलीवुड की 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय के अलावा उन्होंने बांग्ला, उड़िया और भोजपुरी में भी बहुत सारी फिल्में की। मिथुन मोनार्क ग्रुप के मालिक भी हैं जो हॉस्पिटालिटी सेक्टर में कार्यरत है। 22 अप्रैल 2024 को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। 2024, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वर्ष 1977 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार फिल्म 'मृग्या' के लिए, 1993 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 'ताहादेर कथा' के लिए, 1996 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 'स्वामी विवेकानंद' के लिए। ■



कविता

### जीवन की अनिश्चितता

*अशोक सिंह गुलेरिया, हमीरपुर( हि. प्र. )*

आकाश छूने की चाह थी, सपनों की उड़ान थी।
किसे पता था पलों में, टूटेगी यह जान भी।
मां ने दुआओं की चादर ओढ़ाई,
बेटे ने पापा को मुस्कान दी थी।
पर नियति ने तो राह बदल दी,
किस्मत भी अनजान सी थी।
एक पल में शोर था जीवन का,
दूसरे ही पल शांति का समंदर।
क्या लाया वो सफर अपने संग,
आंसू,सन्नाटा, बिछड़ने का मंजर।
कहां जाते हैं वो प्रश्न सब,
जो 'क्यों' बनकर मन को चीरते हैं?
क्या जवाब देगा यह जीवन, हर पल डर से भीगी सांसें हैं?
जीवन है बस एक क्षणिक धूप, न जाने कब बादल घेर लें।
इसलिए प्यार बांट लो जी भर के, न जाने कल हम साथ हों या नहीं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# खाड़ी क्षेत्र फिर बना वैश्विक शक्ति संघर्ष का केंद्र

ईरान और इसराइल के बीच बढ़ते तनाव, सैन्य हमलों और प्रतिघात के सिलसिले ने खाड़ी क्षेत्र को एक बार फिर वैश्विक शक्ति संघर्ष का केंद्र बना दिया है। ऐसा लगता है कि दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के द्वार पर खड़ी हो गई है। इस संघर्ष की आंच न केवल पश्चिम एशिया तक सीमित है, बल्कि इसकी संभावनाएं वैश्विक राजनीति और सुरक्षा पर भी दूरगामी असर डाल सकती हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई देशों के बीच भू-राजनीतिक टकरावों का सिलसिला जैसे चल निकला हो। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध की बात हो, चाहे अमेरिका-चीन के बीच सर्वश्रेष्ठ साबित करने की प्रतिद्वंद्विता या फिर ताइवान संकट के बाद इरान-इसराइल युद्ध का उभार, इन सबने वैश्विक युद्ध की आशंका को और तीव्र ही किया है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध की आहट तो नहीं? यदि हां, तो इस स्थिति में भारत, जो इसराइल और ईरान दोनों का करीबी साझेदार है, किस प्रकार की संतुलित और यथार्थवादी कूटनीति अपना सकता है?



**बहुत पुरानी है दुश्मनी :** ईरान और इसराइल के संबंध कभी सौहार्दपूर्ण नहीं रहे। दोनों देशों के बीच दुश्मनी बहुत पुरानी है, जिसकी जड़ें राजनीतिक, धार्मिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक कारणों में गहराई से जुड़ी हुई हैं। यह दुश्मनी केवल हालिया घटनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और रणनीतिक आधार भी है। 1979 में जब ईरान में इस्लामिक क्रांति हुई और शाह मोहम्मद रजा पहलवी की पश्चिम समर्थित सरकार को हटाकर अयातुल्ला खोमैनी के नेतृत्व में एक इस्लामिक गणराज्य की स्थापना हुई, तो उसी समय से ही इसराइल को इस्लाम विरोधी और जायोनिस्ट शासन कहा गया। दरअसल, जायनीवाद इसराइल और यहूदियों की मातृभूमि के अस्तित्व की पैरवी करता है। यह विचारधारा 19वीं सदी में एक आंदोलन के रूप में विकसित हुई थी। हमास के हमले के बाद इसराइल फिलिस्तीनी विवाद और जायनिज्म चर्चा में आया है। नई ईरानी सरकार ने इसराइल के अस्तित्व को मान्यता देना बंद कर दिया और फिलिस्तीन को मजहबी और नैतिक समर्थन देने की नीति शुरू की। ईरान इस्लामी जगत में खुद को मज्लूमों का रक्षक मानता है और फिलिस्तीनियों के संघर्ष को जायज ठहराता है। ईरान हमास (गाजा में) और हिज्बुल्लाह (लेबनान में) जैसे इसराइल-विरोधी संगठनों को राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक समर्थन देता है। इसराइल इसे अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम इसराइल के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता है। इसराइल को आशंका है कि अगर ईरान परमाणु हथियार बना लेता है, तो उसका सीधा निशाना इसराइल हो सकता है। इसराइल ने कई बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर साइबर और सैन्य हमले किए हैं। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में ईरान और इसराइल दोनों क्षेत्रीय ताकतें बनना चाहते हैं। इराक, सीरिया, लेबनान आदि शिया-बहुल या शिया-समर्थक देशों को एकजुट करके ईरान शिया बेल्ट बनाना चाहता है। इसराइल इस बढ़ते प्रभाव को खतरे के रूप में देखता है। सीरिया में जारी गृहयुद्ध में ईरान ने बशर अल-असद की सरकार का समर्थन किया, जबकि इसराइल ने वहां ईरानी मौजूदगी को बार-बार निशाना बनाया। इसराइल का मानना है कि सीरिया में ईरानी सेना या हिज्बुल्लाह की स्थायी उपस्थिति उसके लिए खतरा है। ईरान एक शिया इस्लामी गणराज्य है, जबकि इसराइल एक यहूदी राष्ट्र। दोनों की धार्मिक विचारधाराएं और पहचानें एक-दूसरे से टकराती हैं।

यथार्थ


समरजीत

**इसराइल-अमेरिका के संबध घनिष्ठ :** इसराइल और अमेरिका के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। ईरान अमेरिका को महाशैतान कहता है और उसका खुला विरोध करता है। अमेरिका की ओर से ईरान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों में इसराइल ने हमेशा समर्थन किया है। इससे भी दुश्मनी और गहरी हुई। 2020 में ईरान के सैन्य वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादे की हत्या के पीछे इसराइल की संलिप्तता मानी गई। 2024-25 में इसराइल की ओर से ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर हमले और ईरान की जवाबी मिसाइल हमले ने इस दुश्मनी को और विस्फोटक बना दिया है।

2025 की शुरुआत में इसराइल ने कथित तौर पर ईरान के एक परमाणु ठिकाने पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने ड्रोन और मिसाइल हमलों के जरिए इसराइल के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। नतीजतन, दोनों देशों के बीच यह टकराव अब एक पूर्ण युद्ध की दहलीज पर है। अमेरिका इसराइल का खुला समर्थन कर रहा है, लेकिन वह एक और युद्ध में सीधे उतरने से बचना चाहता है। चीन मध्यस्थता की पेशकश कर रहा है, लेकिन उसकी मंशा व्यापारिक स्थिरता और ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने की है। रूस इस स्थिति का उपयोग पश्चिम को और अधिक उलझाने के लिए कर सकता है, विशेष रूप से यूक्रेन मोर्चे पर राहत पाने के लिए।

**तीसरे विश्व युद्ध की संभावना :** विश्व युद्ध तब होता है जब एक क्षेत्रीय संघर्ष में कई महाशक्तियां प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित हो जाएं, जिससे दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध का माहौल देखते ही देखते बनने लगता है। ईरान और इसराइल का युद्ध केवल दो देशों तक सीमित नहीं रह सकता। लेबनान, सीरिया, इराक जैसे देशों में ईरान समर्थित गुट सक्रिय हैं। अमेरिका पहले से ही इस क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए हुए है। यदि इसराइल पर बड़ा हमला होता है, तो अमेरिका सीधा हस्तक्षेप कर सकता है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी रणनीतिक रूप से प्रभावित होंगे। यह भी सत्य है कि खाड़ी क्षेत्र वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का बड़ा स्रोत है। यहां संकट गहराने का सीधा असर यूरोप, भारत, चीन और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। इससे वैश्विक मंदी, महंगाई और सप्लाई के गहरे संकट पैदा हो सकते हैं, जो परोक्ष रूप से युद्ध की परिस्थिति को जन्म दे सकते हैं।

**मझदार में भारत :** इसराइल भारत का प्रमुख रक्षा साझेदार है। स्पाइक एंटी-टैंक मिसाइल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रडार सिस्टम और खुफिया सहयोग इस साझेदारी के स्तंभ हैं। पाकिस्तान के आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का इसराइल ने खुलकर समर्थन किया था। इससे पहले इसराइल पीओके पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के संदर्भ में समर्थन कर चुका है। दूसरी ओर ईरान भी भारत का परम मित्र है। भारत ने अमेरिकी दबावों के बावजूद चाबहार पोर्ट पर निवेश किया और अफगानिस्तान के साथ संपर्क बनाए रखा। ईरान के साथ ऊर्जा, ट्रांजिट और सांस्कृतिक संबंध भी महत्वपूर्ण हैं। ईरान के शिया नेतृत्व के साथ भारत की मुस्लिम आबादी का भी भावनात्मक जुड़ाव है। ऐसे में भारत की स्थिति न इधर की है उन उधर की। भारत दोनों देशों के समर्थन के चक्कर में इस समय मझदार में फंसा हुआ है।

**खाड़ी में भारतीय नागरिक :** करीब 90 लाख भारतीय खाड़ी देशों में काम करते हैं। 2024 में इन भारतीयों ने 45 अरब डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा भारत भेजी है। किसी भी युद्ध की स्थिति में इनकी सुरक्षा और निकासी भारत की प्राथमिक चिंता होगी। वहीं, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। खाड़ी क्षेत्र से तेल आपूर्ति रुकने या महंगी होने पर भारत की आर्थिक स्थिरता डगमगा सकती है। भारत को किसी भी पक्ष का सार्वजनिक समर्थन देने से बचना चाहिए। निश्चत रूप से यह नीति दोनों पक्षों के साथ संबंध बनाए रखने में मदद करेगी और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही, भारत की ऊर्जा और रक्षा आवश्यकताओं को संतुलित रखेगी।

**भारत की मध्यस्थता :** भारत को अपने स्वभाव के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, एससीओ जैसे मंचों पर तनाव को कम करने की पहल करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा या सुरक्षा परिषद में भारत को सक्रिय भूमिका निभाते हुए युद्ध विराम की अपील करनी चाहिए। भारत मध्यस्थता के लिए अमानवीय आधारों (जैसे नागरिक हताहत, शरणार्थी संकट) को जोर देकर कूटनीति कर सकता है।

**आपदा प्रबंधन और निकासी योजना :** भारत को ऑपरेशन गंगा, ऑपरेशन कावेरी, ऑपरेशन राहत जैसे पिछले अभियानों की तर्ज पर खाड़ी क्षेत्र से अपने नागरिकों की त्वरित निकासी की योजना तैयार रखनी चाहिए। वाणिज्यिक उड़ानों, नौसेना के जहाजों और विशेष चार्टर्ड विमानों की व्यवस्था समय रहते करनी होगी।

**बहुपक्षीय साझेदारी :** भारत को जापान, यूरोपियन यूनियन और आसियान देशों के साथ मिलकर एक अस्थायी शांति गठबंधन बनाने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध की संभावना को कम किया जा सके। इसके साथ ही, भारत को अपने तेल भंडार को भरकर रखने की रणनीति पर भी तेजी से काम करना चाहिए। यही नहीं, महंगाई नियंत्रण के लिए आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी और आपूर्ति स्थिरता के उपाय करने होंगे। साइबर युद्ध की आशंका को देखते हुए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित बनाना अनिवार्य होगा।

**दीर्घकालिक कूटनीतिक :** भारत को चाबहार पोर्ट के माध्यम से मध्य एशिया और अफगानिस्तान के साथ कनेक्टिविटी बनाए रखने की दिशा में कार्य करना होगा। यह बंदरगाह भारत की चीन के खिलाफ रणनीतिक संतुलन बनाने में सहायक हो सकता है। वसुधैव कुटुंबकम की नीति का विस्तार श्रेयस्कर रहेगा। भारत को अपनी पारंपरिक गुटनिरपेक्ष नीति को आधुनिक संदर्भों में पुनर्परिभाषित करना होगा, जहां वह नैतिक, आर्थिक और रणनीतिक संतुलन बनाए रखे।

**आत्मनिर्भरता की आवश्यकता :** किसी भी बड़े युद्ध या आपूर्ति कटौती के दौरान भारत को आत्मनिर्भरता की आवश्यकता होगी। इसलिए रक्षा उत्पादन, तेल शोधन और ऊर्जा स्रोतों में विविधता अनिवार्य होगी। ईरान और इसराइल के बीच संघर्ष निश्चित रूप से दुनिया को युद्ध की ओर धकेल सकता है, लेकिन तीसरे विश्व युद्ध से बचाव अब भी संभव है, यदि वैश्विक शक्तियां संयम बरतें और कूटनीति को प्राथमिकता दें। भारत को अपनी नीति संतुलन और व्यवहार रखना होगा। जब तक फिलिस्तीन मुद्दा, परमाणु हथियारों की दौड़ और क्षेत्रीय प्रभुत्व की होड़ जारी रहेगी, तब तक इसराइल और ईरान के बीच स्थायी शांति की संभावना बहुत कम है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# भारतीय विमान हादसे ने पूरे विश्व का दिल दहलाया

बेशक इंसानी सभ्यता विज्ञान के बूते आधुनिकता व सुगमता के रास्ते पर बहुत आगे निकल चुकी है, मगर-विज्ञान अपने दोनों पहलू साथ लिए चलता है। विज्ञान वरदान भी है और अभिशाप भी। मौत की इस उड़ानने यह साबित कर-पूरे विश्व समुदाय को झकझोर दिया है।


लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान वीरवार को दोपहर 1:39 पर लंदन के लिए उड़ान भरती है, जिसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। उनके साथ विमान में दो पायलट एवं 10 केबिन क्रू मेंबर भी शामिल थे। दो इंजन वाला यह विमान उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही तेजी से नीचे की ओर आने लगा और सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास मेधानीनगर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के पांच मंजिला छात्रावास पर गिर गया। विमान में 1,26,907 लीटर इंधन था। उड़ान के समय उसकी ऊंचाई मात्र 625 फीट थी। विमान क्रैश होते ही उसके इंधन ने आग पकड़ ली और तेज धमाके से उसके परखच्चे उड़ गए, विमान ज्वालामुखी की तरह धधक उठा। घने काले धुएं का गुब्बार काफी दूर तक देखा गया। भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सड़कों पर शव बिखरे पड़े थे। ज्यादातर शव बुरी तरह से झुलस गए, उनकी पहचान भी करना मुश्किल हो गया था। जहां एक ओर विमानन विशेषज्ञों ने उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही हादसे पर कई सवाल खड़े किए हैं? वहीं जांच के अनेक पहलू इस हादसे की वजह का इंतजार कर रहे हैं। बेशक, एयर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की अधिकारिक वजहों का अभी खुलासा नहीं है, लेकिन इस हादसे ने पूरे विश्व समुदाय के लिए सुरक्षित यात्रा हेतु कई सवाल खड़े कर दिए हैं, उड़ान के समय सामने आए कुछ वीडियो से पता चलता है कि विमान उड़ते समय नीचे आया बीच हवा में कोई धमाका नहीं हुआ, हो सकता है कि विमान में पावर की कमी हो गई हो।

इसे इंजन की खराबी का कारण माना जा सकता है, हालांकि दोनों इंजन एक साथ फेल होने की संभावना बहुत कम होती है, हो सकता है कि आखरी कुछ सेकंड में विमान पक्षी से टकराया हो, जिससे दोनों इंजन ताकत खोदे। वहीं पायलट ने मेडे कॉल करके गड़बड़ी का संदेश दे दिया था। उन्होंने इसे संभालने की कोशिश भी की होगी। वहीं विशेषज्ञों का सवाल यह है कि लैंडिंग गियर ऊपर क्यों नहीं था,



विमान 625 फुट की ऊंचाई पर था, विमान में एक दिक्कत थी या कई? अभी कोई कुछ नहीं कह सकता, हादसों की सटीक वजहों का पता फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर, कॉकपिट बॉक्स, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और ईसीए आर एस डेटा की जांच से ही चलेगा, हो सकता है कि उड़ान के बाद विमान के इंजन में गड़बड़ी का पता पायलट को चल गया हो और उसने विमान को उतारने के लिए लैंडिंग गियर का इस्तेमाल किया होगा। हादसे के बाद अब कई तरह के सवाल उठाए जाएंगे? मगर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की इस उड़ान में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गवां दी, इसकी जांच में कई खामियां सामने आ सकती है। हालांकि इस उड़ान के पायलट 8200 घंटे की उड़ान के अनुभवी थे, मगर घायलों और शवों को देखकर, पूरे विश्व का दिल दहल गया, यहां तक की सीट बेल्ट भी यात्रियों के शरीर पर चिपकी हुई नजर आई और शरीर इतनी बुरी तरह से झुलसे की पहचान करना भी मुश्किल हो गया। एंबुलेंस कम पड़ी तो ठेले, स्ट्रेचर के साथ, कंधों पर लादकर अस्पताल पहुंचाए गए शव। दूसरी ओर घायलों को बचाना डॉक्टरों की प्राथमिकता बन गई। हादसे के बाद शव विमान धमाके से 200 मीटर दूर तक सड़कों पर बिखरे हुए थे, गनीमत यह रही कि सीट नंबर 11 ए पर सवार एकमात्र विमान यात्री रमेश विश्वास जो लगभग 38 साल के हैं, उन्होंने जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो रहा था तो उसी समय विमान से कूद कर अपने आप को बचाने में सफल रहे।

बेशक इस अवसर पर पूरे देश की संवेदनाएं मृतकों व उनके परिवारजनों के साथ है, परन्तु कई हंसते खेलते परिवार इस विमान यात्रा की भेंट चढ़ गए। इस हृदयविदारक घटना पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सहित अनेक लोगों ने अपनी संवेदनाएं मृत के जनों के प्रति व्यक्त की है तो वहीं इसके स्वामित्व वाली टाटा समूह कंपनी ने मृतकों के परिवारजनों को एक करोड़ रुपए देने की बात कही है और घायलों के चिकित्सा खर्च का वहन करने की भी बात की, इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी हादसे का शिकार हुए। कुछ लोग भाग्यशाली रहे की जाम में फंसने की वजह से उनकी उड़ान छूट गई और जान बच गई। अब तो लगता है कि परिजनों को मृतकों के शव सौंपने से पहले उनकी डीएनए जांच करनी पड़ेगी। इस हादसे में मदद पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों ने मानवीयता का नमूना पेश किया। वही अमेरिका जैसे देश भी भारतीय अधिकारी से अनुरोध करते नजर आ रहे हैं कि वह एअर इंडिया दुर्घटना की जांच में मदद करने के लिए एक टीम भेजने को तैयार है। खैर, देर-सवेर कारणों का पता तो चल ही जाएगा, मगर इस हादसे में अपनी परिजनों को खोने वाले क्या पुन: उनसे मिल पाएंगे? क्या कमियां रह गई कि विमान में 29 सालों बाद, देश में दूसरा सबसे बड़ा विमान हादसा बन गया, हालांकि इसी विमान से अहमदाबाद पहुंचे एक युवक ने गिनाई थी- इस विमान की कई खामियां और उसने इस बारे मैं एक वीडियो भी सोशल मीडिया में डालकर यह दावा किया था कि विमान में कई असामान्य चीजें देखी गई। खैर, इस हादसे की वजह वाली तकनीकी कमियां और भ्रष्टाचार की जड़ें कहां तक फैली हैं, उनका समूल नाश करना परम आवश्यक है। भविष्य में एयरपोर्ट का निर्माण रिहायसी इलाकों से काफी हटकर किया जाना चाहिए, ताकि जानमाल नुकसान कम से कम हो, राष्ट्रीय विमानन प्राधिकरण और केंद्र सरकार को इसका कड़ा संज्ञान लेना होगा ताकि लोगों की जिंदगियों से भविष्य में इस तरह का खिलवाड़ न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


# 'साहित्य ज्ञान मार्ग' दुख से छुटकारे का रसायन

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है।


लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
उत्तर प्रदेश विभा के पूर्व अध्यक्ष

खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते, लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है। डॉ. बीआर अंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इंडिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. अंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था।

वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड माक्र्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्मांड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखक की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी



किसी को सूर्य चंद्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चंद्रमा विराट ब्रह्मांड का 'मन' है। लेखन प्राय: स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे।

बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। उनकी लेखनी में चमत्कार था। डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, 'आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्रोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चौथा तंत्र ग्रंथ। आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य।

प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, 'शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।' प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? क: पंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, 'वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनों येन गता स पंथ।' शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, 'ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।' उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग दुख से छुटकारे का रसायन है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पर्यटकों की मनमानी से स्थानीय लोग परेशान

## छोटा भंगाल व चौहार घाटी में रोक के बाद नदी में जाना और जगह-जगह कूड़ा फेंकना बना नासूर

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान



बरोट में स्वच्छता संबंधी लगा बोर्ड, खुले में फेंका कूड़ा-कर्कट और नालियों की सफाई करते हुए।

**बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में भारी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। इस कारण यहां के पर्यटन व्यवसायी तो खूब चांदी कूट रहे हैं, मगर यहां आने वाले कुछ एक समझदार पर्यटकों को छोड़कर हर क्षेत्रों में अपनी मनमानी करने से बिल्कुल नहीं मान रहे हैं। हालांकि पंचायत स्तर पर बरोट क्षेत्र में जरूरत वाले हर स्थान पर स्वच्छता संबंधी बोर्ड भी लगा रखे हैं व उहल व लंबाडग नदी के किनारे न जाने व न नहाने के लिए साइन बोर्ड भी लगा रखे हैं मगर उसके बावजूद भी पर्यटक हर क्षेत्र में अपनी मनमानी करने से गुरेज ही नहीं कर रहे हैं।

इस पर्यटन सीजन में यहां पर लग रहे गाड़ियों के जाम में भी पर्यटकों की ही मनमानी सामने दिखाई देती है। पर्यटक सड़क मार्गों में अन्य वाहन चालकों से बेहस बाजी करने के बाद ही वाहनों आगे-पीछे करने करते हैं व वाहनों को आरपार जाने के लिए पास आदि देते हैं। जिस कारण स्थानीय वाहन चालक भी पर्यटकों से काफी परेशान हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यहां आने वाले पर्यटक अगर यहां के खुले मैदानों में किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का सेवन करते हैं तो कई पर्यटक अपना जूठ, गिलास, रेडीमेट प्लेंटे शराब की बोतलें व पानी की बोतलें इधर-उधर फेंक देते हैं। इस कारण इस रमणक स्थल व पर्यटन क्षेत्र तेजी से उभर रहे बरोट क्षेत्र की सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा है। हालांकि यहां पर पंचायत की ओर से बरोट क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए कई वर्षों से ही स्वच्छता संबंधी साइन बोर्ड व स्थानीय प्रशासन द्वारा उहल व लंबाडग नदियों के किनारे न जाने व नहाने के लिए भी बोर्ड लगा दिए गए हैं मगर उसके बावजूद भी कई कम बुद्धि वाले पर्यटक उन बोर्डो की ओर ध्यान भी नहीं देते हैं।

बरोट पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर का कहना है कि यहां पर पुलिस की तैनाती करवाने के साथ-साथ इन पर्यटकों द्वारा किसी भी हरकतें को रोकने के लिए बरोट पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी महिला मंडलों तथा युवक मंडलों को समय-समय पर निगरानी करने की भी बारी-बारी से ड्यूटी लगा दी गई है। डॉक्टर रमेश ठाकुर ने बताया कि बरोट क्षेत्र में पर्यटकों की मनमानी को रोकने के लिए पुलिस विभाग से दो पुलिस कर्मी की अपील की थी मगर इस गंभीर समस्या को देखते हुए उन्होंने पुलिस चौकी टिक्कन से एक बार फिर से पंचायत की ओर से प्रस्ताव पारित कर दो और पुलिस कर्मियों निरंतर ड्यूटी लगाने की जोरदार मांग की है।

# मंडी के वासणी में मकान की छत पर बने स्टोर में आग लगने से लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे लोग एवं मेयर।

**मंडी** नगर निगम के वार्ड नंबर दो पुरानी मंडी के वासणी स्थित एक मकान के स्लैब पर बने स्टोर में अचानक आग लगने से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

पुरानी मंडी की पहाड़ी पर स्थित वासणी में रविवार दोपहर सवा बारह बजे के करीब स्थानीय निवासी सोहन सिंह सकलानी के मकान की दूसरी मंजिल पर बनें स्टोर में अज्ञात कारणों से आग लगने से भारी नुकसान हुआ। यह आग इतनी भीषण थी कि रसोई गैस सिलेंडर फटने से तीस फीट ऊपर तक पेड़ जल गया। नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा जिनका यह वार्ड है भी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों में मदद की। उन्होंने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के कारण आसपास के घरों में युवा मौजूद थे जिसकी वजह से राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। लेकिन स्टोर में कपड़े और बर्तन आदि सामान रखा होने की वजह से आग भड़क गई। इसके बावजूद अग्नि शमन कर्मचारियों के आने से पहले आग पर काबू पा लिया और पूरे घर में फैलने से रोक दिया गया। सोहन लाल सकलानी के अनुसार आग से भारी क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। मंडी पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पक्षियों व बेसहारा पशुओं को पीलाएं पानी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पशु अत्याचार निवारण समिति के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से मनोनीत जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि डॉ. सीताराम वर्मा ने तड़पते पक्षियों को बचाने के लिए अपने घरों के समीप खुले में पानी रखने का आह्वान किया है ताकि पक्षी जल के अभाव में ना मरें इसी तरह से उन्होंने बेसहारा गोवंश के लिए भी पानी की व्यवस्था करने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य को एक अभियान के रूप में संचालित करें।

### चुक्कू गांव का जीवन 13 जून से लापता

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत चुक्कू निवासी जीवन सिंह उर्फ मिंटू राम पुत्र हेम सिंह 13 जून से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिवारजन गहरे सदमे में हैं और अपने स्तर पर उसकी तलाश में जुटे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जानकारी के अनुसार, जीवन सिंह नाहर (पंजाब) में अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहता था और निजी क्षेत्र में कार्यरत था। वह हाल ही में कुछ दिनों की छुट्टी पर अपने ससुराल बल्ह (पधर) आया हुआ था। 13 जून की सुबह वह पदवाहन से मंडी के लिए रवाना हुआ था। ससुर रोशन लाल (पुत्र हेम सिंह, गांव बल्ह) ने बताया कि रवाना होते समय जीवन सिंह ने कहा था कि वह किसी व्यक्ति से मिलने जा रहा है, लेकिन बाद में मंडी पहुंचने की बात कही थी।परिवार ने जब स्वयं खोजबीन की तो पता चला कि जीवन सिंह को मंडी में दोपहर करीब 2 बजे तक देखा गया था, परंतु इसके बाद से उसका कुछ अता-पता नहीं चला है। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और तलाश शुरू कर दी गई है। पधर पुलिस चौकी के इंचार्ज कैप्टन नानक चंद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए छानबीन जारी है।बउन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को जीवन सिंह के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो कृपया नजदीकी पुलिस थाने में संपर्क करें या मोबाइल नंबर 7018152194 पर सूचना दें।

### शुभम ने नीट परीक्षा पास कर चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला की पांगणा उप-तहसील के सरही निवासी शुभम ठाकुर ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते शनिवार को नीट परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है । शुभम ठाकुर ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है । परीक्षा में उत्तीर्ण होने की खबर जैसे ही पता चली क्षेत्र वासियों और रिश्तेदारों के द्वारा शुभम के परिवार के सदस्यो को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। शुभम के पिता नेत्र ठाकुर एवं माता आशिमा ठाकुर दोनों ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवक्ता पद पर सेवारत हैं। शुभम ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगशाड़ के पूर्व छात्र तथा मूलतः पांगणा क्षेत्र के ऐतिहासिक सरही गांव के निवासी हैं। शुभम की उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्रोत है। संस्कृति मर्मज्ञ डा. जगदीश शर्मा ने बताया कि उनके उज्ज्वल भविष्य की हम सभी तहसील करसोग उप-तहसील पांगणा-बगसाड़ क्षेत्र वासी मंगलकामना करते हैं।

### स्कूली बच्चों ने लिया पिकनिक का मजा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय माध्यमिक व प्राइमरी पाठशाला सैनबैहल के बच्चों ने माता शिकारी देवी धार्मिक स्थल में भ्रमण का आनंद उठाया। स्कूल इंचार्ज राकेश कौशल ने बताया कि दोनों स्कूलों की क्लस्टर कमेटी ने मार्च महीने में यह निर्णय लिया था। इसके साथ जंजैहली में पांडव शिला के इतिहास की भी जानकारी दी गई। बच्चों ने कुथाह मेले का भी आनंद उठाया। भ्रमण पर स्कूल के अठाईस बच्चों के आलावा अध्यापकों में दलीप कुमार, रमेश लाल, जमना देवी, बर्लाजो, राजिंदर व एसएम्सी से पूजा, मधु गुलेरिया, हंसा, सपना, कमलेश, कौशल्या, निशा, ज्योति, किरण, पूनम, पीला देवी, द्रुमती, रामदेई, तरुण आदि भी शामिल रहे। प्राइमरी स्कूल की एसएम्सी प्रधान पूजा ने बताया कि बच्चों को पहली बार शिकारी देवी जाने का मौका स्कूल स्टाफ द्वारा दिया गया। इस मौके पर एसएमसी द्वारा बच्चों को सुबह कचौरी और दोपहर को मंडयाली धाम खिलाई गई।

# भक्तों ने कमरुदेव की पूजा-अर्चना कर झील में अर्पित की मन्नौतियां

लक्की शर्मा, अनंत ज्ञान



**करसोग।** मंडी जनपद में स्थित कमरुनाग झील एक खूबसूरत पावन स्थली है। लगभग आधा किलोमीटर की परिधि में फैली इस झील के तट पर पांडवों के ठाकुर कमरुनाग जी का पहाड़ी शैली में बना लघु लेकिन बहुत ही साधारण व सुंदर मंदिर है।

कमरुनाग परिसर का सौदर्य अनुपम है। आज श्रद्धालुओं ने आज अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पहले कमरुदेव जी के मंदिर में स्थापित कमरुदेव जी की पूजा-अर्चना की फिर झील में विराजमान कमरुनाग जी की पूजा कर सोना-चांदी सिक्कों के रुप में अपनी मन्नौतियां भेंट के रूप में झील में अर्पित की। विश्व में प्रसिद्ध कमरुनाग तीर्थ स्थान की महिमा अद्भुत है।सुकेत संस्कृति साहित्य एवम जन कल्याण मंच के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेन्द्र बाली 'हिम' का कहना है कि वृत्र का पृथ्वी पर जल पर अधिकार था। इन्द्र ने छल से वृत्र का वध कर शतद्रु व आरिजिकीया नदियों को मुक्त किया। नागों का हिमाचल में देव रूप में अस्तित्व इस बात का प्रमाण है कि नाग शांतिप्रिय व बलशाली जाति रही है जिन्होने अपनी भूमि की रक्षा के लिये युयुत्सु आर्य शासकों से घोर संघर्ष किया।

# नौबाही देवी मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## दो दर्जन देवी-देवताओं ने की शिरकत, 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



नौबाही देवी मंदिर में दर्शनों के लिए कतार में खड़े लोग।

**मंडी** जिले में आयोजित पारंपरिक पांच दिवसीय जिला स्तरीय नौबाही देवी मेला श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना हुआ है। मेले के दूसरे दिन, सुबह 4 बजे से सायं 8 बजे तक, 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आदिशक्ति माता नवदुर्गा अष्टभुजाधारिणी नौबाही देवी के दर्शन किए। इससे पहले पहले दिन करीब 25 हजार श्रद्धालु देवी के दर्शन कर चुके हैं।

नौबाही देवी को मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर जिलों के हजारों लोगों की कुलदेवी माना जाता है। यह मेला हर साल आषाढ़ संक्रांति के अवसर पर आयोजित होता है और इसकी परंपरा सदियों पुरानी है। 14 जून से 17 जून तक चलने वाले इस पारंपरिक मेले में लोग अपनी नई फसल चढ़ाने देवी के दरबार में पहुंचते हैं।

आषाढ़ संक्रांति के दिन विशेष तौर पर कणा भटी (नए गेहूं की पहली फसल) चढ़ाकर ही लोग अन्न ग्रहण करते हैं, जिससे देवी की कृपा बनी रहे। दो दर्जन के करीब देवी देवताओं ने भी मेले में शिरकत की है। अब तक कुल मिलाकर 95 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं और आयोजकों के अनुसार, 17 जून तक अढ़ाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेले में करीब 500 दुकानें विभिन्न उत्पादों की सजी हैं, जिनमें स्थानीय हस्तशिल्प, खानपान, पूजा सामग्री और ग्रामीण उत्पाद शामिल हैं। हालांकि रविवार को हल्की बारिश ने मेले की रफ्तार को थोड़ी देर के लिए धीमा जरूर किया, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव बारिश की बूंदों के सामने भी अडिग रहा।

यह मेला न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को भी गति देता है। श्रद्धालुओं की भीड़ से क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है और प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ 12 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज न करने की माकपा ने की निंदा

# कार्रवाई न करने पर सरकाघाट थाने का होगा घेराव : भूपेंद्र

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



बैठक के दौरान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी।

**सरकाघाट।** माकपा पार्टी धर्मपुर और सरकाघाट लोकल कमेटी की बैठक एडवोकेट सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में सरकाघाट में आयोजित की गई, जिसमें वर्तमान राजनैतिक परिस्थिति व जनता की समस्याओं पर चर्चा की गई और अगली योजना तैयार की गई।

बैठक में पुलिस थाना सरकाघाट में 4 जून को 11 लोगों द्वारा एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर अभी तक भी एफआईआर दर्ज न करने के लिए सरकाघाट पुलिस थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली का कड़ा विरोध किया गया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पार्टी राज्य सचिवालय सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय न्याय सहिंता व सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार पुलिस को शिकायत रोजनामाचा में 24 घंटे में दर्ज करना अनिवार्य होती है। इससे साफ है कि यहां का पुलिस प्रशासन कंपनी के बचाव के लिए ही काम कर रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस द्वारा नियमानुसार निर्धारित समयानुसार कार्रवाई न करने के खिलाफ पुलिस थाना सरकाघाट का घेराव किया जाएगा।

बैठक में राष्ट्रीय उच्च निर्माण कार्य में कंपनी की मनमानी के कारण जनता को पेश आ रही समस्याओं और उनके द्वारा जगह-जगह किये जा रहे विरोध प्रदर्शनों के बारे में सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों की चुप्पी की भी निंदा की गई। सड़क का निर्माण सरौन-चोलथरा से कुम्हरड़ा तक सारा धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में ही हो रहा है लेकिन विधायक की सड़क निर्माण से आम जनता को पेश आ रही समस्याओं पर चुप्पी का मतलब साफ है कि वे यहां की जनता के बजाए कंपनी के लिए काम कर रहे हैं। भूपेंद्र सिंह ने उनसे पूछा है कि वे उस एफआईआर की प्रतिलिपि और पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई को सार्वजनिक करें।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दिन में सरकाघाट से गरली के लिए चलने वाली बस बंद होने से स्कूली बच्चे व आम जनता को परेशानी हो रही है। बैठक में दिनेश काकू, अनिल, प्रमीला, रणताज राणा, बाला राम, रामचन्द, ओमचन्द, करतार सिंह, दिनेश व सोहन आदि मौजूद रहे।

# छोटा भंगाल और चौहार घाटी के कई गांव सड़क सुविधा से वंचित

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में नजर दौड़ाई जाए तो अभी भी ये दोनों घाटियां पिछड़ी हुई नजर आ रही है। आजतक सता में रहने वाली प्रदेश की सरकारों ने यहां का विकास तो करवाया है मगर भी बहुत कुछ विकास करवाने को शेष है। दोनों घाटियों का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायकों ने यहां पर अपनी ओर से विकास करवाने के प्रयास तो खूब किए हैं मगर अभी भी दोनों घाटियों के कई गांव लाइफ लाईन कही जाने वाली सड़क सुविधा से वंचित ही हैं तो कई स्थानों में सरकारें न पशुपालकों की सुविधा के लिए पशु औधालय ही नहीं खोल पाई हैं। चौहार घाटी के पर्यटन स्थल बरोट व छोटा भंगाल घाटी के राजागुन्धा में गर्मी के सीजन में पर्यटकों की बेहतर सुविधा के लिए संपूर्ण सुविधा मुहैया नहीं करवा पाई है, वहीं महाविद्यालय मुल्थान को भी नाममात्र का ही खोल रखा है यहां पर प्राचार्य सहित प्रोफेसरों के पद खाली चलने के साथ-साथ यहां पर स्थापित लगभग सभी सरकारी संस्थानों में का भी यही हाल है। यहां पर इस महाविद्यालय के अलावा कोई भी बड़ा शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान भी नहीं है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी नाकाम

**घाटियों** के पंचायत के वर्तमान व पूर्व प्रधान सुभाष ठाकुर, भागमल, रूप लाल, सुरेश कुमार, रोशन लाल, गंगी देवी तथा भीम सिंह सहित घाटीवासियों का कहना है कि दोनों घाटियों में सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने मे भी नाकाम सिद्ध हुई है।

# कमल ठाकुर बने महासंघ के मुख्य सलाहकार

## प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ की बैठक महासंघ के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान महासंघ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह मैहता, महामंत्री मनीष गुलेरिया व सभी जिला के अध्यक्ष व महासचिव मौजूद रहे। इस दौरान ऊना जिला के रविंद्र ठाकुर को अतिरिक्त महासचिव जबकि कांगड़ा के अजय अवस्थी को संयुक्त सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई।

इसके अलावा मंडी जिला के कमल ठाकुर को मुख्य सलाहकार, शिक्षा निदेशालय से अमृत राज सांजटा को सलाहकार, शिक्षा निदेशालय से नवल किशोर को कानूनी सलाहकार, शिक्षा निदेशालय से जगमोहन कंवर को कोषाध्यक्ष,

**ऊना के रविंद्र अतिरिक्त महासचिव व कांगड़ा के अजय बने संयुक्त सचिव**

मंडी जिला से विनय शर्मा, हमीरपुर से दीपक जसवाल, कांगड़ा से संदीप पठानिया, सोलन से धनी राम, सिरमौर से राजेंद्र सिंह, मंडी से योगराज शर्मा, लाहौल स्पीति से मुकेश कुमार, सरकाघाट मंडी से रविंद्र शर्मा व सिरमौर जिला से जगमोहन को उपप्रधान, मंडी जिला से संदीप पठानिया, बिलासपुर से गोपाल, शिक्षा निदेशालय से पंकज चौहान, कांगड़ा से सुरेंद्र सिंह, कुल्लू से रोशन लाल, जोगिंद्रनगर जिला मंडी से रविंद्र शर्मा, ऊना से सुखविंदर सैणी व शिक्षा निदेशालय से रमेश ठाकुर को संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा हमीरपुर से राजेश प्रेमी, सोलन से मोहित शर्मा, कुल्लू से चमन मल्होत्रा व शिक्षा निदेशालय से राजेश ठाकुर को क्षेत्रीय सचिव बनाया गया। वहीं ऊना जिला से महेश पराशर जबकि शिक्षा निदेशालय से राजकुमार चौधरी व अभिषेक ठाकुर को मीडिया प्रभारी, शिक्षा निदेशालय से मुकेश कुमार को कार्यालय सचिव, सिरमौर जिला से दीप चंद व शिक्षा निदेशालय से नरेश शर्मा को ऑडिटर जबकि सोलन जिला से मोहित शर्मा, ऊना से हरदीप सिंह, शिक्षा निदेशालय से तनुज नेगी, रोहित शर्मा, राहुल कलांटा, मनजीत शर्मा व राकेश शर्मा जबकि करसोग जिला मंडी से उमेश शर्मा, सिरमौर से मनोज कुमार, व शिक्षा निदेशालय से राजेश सोडी, प्रदीप कुमार व कीर्ति को सदस्य चुना गया।

# लाल सिंह को गुर्जर कल्याण परिषद की कमान

## सुंदरनगर यूनिट के चुनाव हुए संपन्न, जगत राम को बनाया महासचिव

आदर्श, अनंत ज्ञान



गुर्जर कल्याण परिषद की सुंदरनगर इकाई के सदस्य।

**नेरचौक।** हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद की सुंदरनगर इकाई के चुनाव रविवार को विधिवत रूप से संपन्न हो गए। परिषद की सुंदरनगर इकाई की कमान लाल सिंह उर्फ लालमन को सौंपी गई। इसके अलावा प्रकाश चंद वरिष्ठ उप प्रधान, जगत राम महासचिव, लीलाधर कोषाध्यक्ष, बली राम मुख्य सलाहकार, शेर सिंह महालेखाकार तथा हुकुमचंद को सहसचिव बनाया गया।

इन चुनावों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिला प्रधान तिलक राज ने की जबकि इस बैठक में जिला सचिन नागेश्वर कुमार व बिणा पंचायत के प्रधान कर्म सिंह बरगट सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर परिषद के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए मंथन किया गया। परिषद के जिला प्रधान तिलक राज ने बताया कि मंडी जिला में ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने के लिए परिषद कार्य कर रही है। इसके तहत कई ब्लॉक इकाइयों का गठन कर लिया गया है जबकि अन्य ब्लॉकों में शीघ्र चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर नवनियुक्त सुंदर नगर इकाई के प्रधान लाल सिंह ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया तथा भविष्य में सबको साथ लेकर मिलजुल कर परिषद के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया।

# मल्टीटास्क आउटसोर्स और मल्टीपर्पज कर्मियों के लिए बनाई जाए स्पष्ट नीति

कविता, अनंत ज्ञान



पीडब्ल्यूडी व जल शक्ति विभाग यूनियन की पधर में आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारी

**पधर।** ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी एवं जल शक्ति विभाग यूनियन से जुड़े मजदूरों और कर्मचारियों की एक अहम बैठक डलाह में की। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के महामंत्री प्रेम सिंह ने की। इस दौरान यूनिफाइड पेंशन सिस्टम (यूपीएस) को लेकर कर्मचारियों ने केंद्र और राज्य सरकार से स्पष्ट नीति बनाने की पुरजोर मांग की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यूपीएस लागू करने से पहले सरकार को मल्टीटास्क आउटसोर्स व मल्टीपरपज कर्मियों के लिए एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागों में पिछले 12 से 15 वर्षों से कार्यरत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी बिना किसी स्थायी नीति व बेहद कम वेतन में कार्य कर रहे हैं। ऐसे में यूपीएस उनके भविष्य के साथ एक बड़ा खिलवाड़ होगा। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को लेकर जल्द ही विभाग के उच्च अधिकारियों से बैठक कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। बैठक में कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें इंटर यूनियन के महामंत्री प्रेम भाटिया, वित्त सचिव विनोद (कांगड़ा), जिला अध्यक्ष संजय सोनी, निजी बस ऑपरेटर यूनियन के जिला प्रधान ओमप्रकाश सोनी, भवन एवं मनरेगा यूनियन के उपप्रधान महेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी व आईपीएच यूनियन के स्टेट उपाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, पदधारिकाई के प्रधान श्रवण कुमार व पूर्ण चंद्र शामिल रहे।

**सफलता** अन्य महिलाओं को भी दिखाई आत्मनिर्भरता की राह, घरेलू खाद्य उत्पाद की बिक्री से हर माह कमा रही 20 हजार

# सावणी देवी हाथ के हुनर से गुंध रही परिवार के सपने

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान




घरेलू खाद्य उत्पाद के साथ आत्मनिर्भर महिलाएं।

**मंडी।** हुनर की पहचान हो और मन में कुछ करने का ज़ज्बा, तो कोई भी राह मुश्किल नहीं होती। यही कुछ साबित किया है बल्ह घाटी के चंडयाल गांव की सावणी देवी ने। कोरोना काल में एक दिन के भोजन के लिए मोहताज सावणी देवी ने अपनी कड़ी मेहनत से न केवल परिवार की आर्थिक मदद की, अपितु कई अन्य महिलाओं को स्वावलंबन की राह भी दिखाई। जरिया बना स्वयं सहायता समूह।

बकौल सावणी देवी वह काफी अरसे से दुर्गा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। यह समूह सीरा-बड़ियां, आचार, दलिया, बुरांश जूस से लेकर सोया मटर, आंवला कैंडी व नमकीन जैसे खाद्य उत्पाद घरेलू स्तर पर तैयार करता है। समूह से सात-आठ महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि पति व दो बेटे निजी क्षेत्र में कार्य करते हैं। कोरोना काल में पति बीमार हो गए और काम के अवसर भी घट गए। ऐसे में सिलाई का कार्य काम आया और उधारी पर कपड़ा लेकर मास्क बनाकर किसी तरह रोजी-रोटी का इंतजाम किया।

सावणी कहती हैं कि स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश सरकार उन जैसी हजारों महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की राह प्रशस्त कर रही है। उन्हें गेहूं पीसने की मशीन व सामग्री के लिए सरकार की ओर से 50 हजार रुपए की सहायता मिली। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) योजना के तहत भी 57 हजार रुपए की वित्तीय मदद मिली। उनका समूह गेहूं खरीद कर सीरा बनाने का कार्य करता है। प्रतिमाह लगभग 60 किग्रा तक सीरा बना लेती हैं जिसका बाजार में मूल्य 180 से 260 रुपए प्रति किलो तक मिल जाता है। इससे उन्हें महीने में 15 से 20 हजार रुपए की आय हो रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उनके कार्य में निखार आया।

### सरकार के प्रयासों के लिए जताया सीएम का आभार

**ग्राम** पंचायत चंडयाल की ही निर्मला देवी, आकृति, पायल, खिमी देवी, अनिता, चिंता, माया, मीना इत्यादि महिलाएं इस स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रही हैं। पंचायत की तारा देवी ने बताया कि उनका उपचार पीजीआई चंडीगढ़ से चल रहा है। पैसों की जरूरत महसूस हुई तो वह इस समूह के लिए बाहरी तौर पर काम करने लगीं। इससे उनकी आजीविका बढ़िया से चल रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

## प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवार्ड का हरोली में हुआ भव्य शुभारंभ

# उपमुख्यमंत्री ने 152 विद्यार्थी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली विधानसभा क्षेत्र रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने लिए प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवार्ड का भव्य शुभारंभ हुआ। इसके तहत अवॉर्ड समारोह 2025 का प्रथम संस्करण पालकवाह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और 10वीं और 12वीं की हिमाचल बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट लिस्ट में टॉप 10 में रहे हरोली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित 5 स्टेट टॉपर के साथ-साथ दोनों परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले कुल 152 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके प्रथम संस्करण में अकादमिक सत्र 2024-25 में 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्टेट में टॉप 10 में रहे रामपाया पूबोवाल के गगनदीप सिंह, 98.40 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली सन राइज पब्लिक स्कूल सलोह की नवनीत कौर और 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनाने वाली हरोली पंजावर की मूल निवासी रामपाया राजपूतां की छात्रा साक्षी को सम्मानित करने के साथ-साथ, 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 98.43 प्रतिशत अंक हासिल कर स्टेट मेरिट में आठवें स्थान पर रही रामपाया पूबोवाल की टीना देवी और 98.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में 10वें स्थान पर काबिज एसडी स्कूल पालकवाह भूमिका राणा को सम्मानित किया गया।

वहीं उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की बीमा पॉलिसियों और अन्य स्रोतों से प्राप्त राशि से स्थापित 'प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन' के पास पांच करोड़ रुपए की निधि है, जिसे हरोली क्षेत्र के विद्यार्थियों की शिक्षा, छात्रवृत्ति और करियर निर्माण के लिए खर्च किया जाएगा।



### 90 प्रतिशत से अधिक अंक वालों को मिला सम्मान

**समारोह** में हरोली विधानसभा क्षेत्र के उन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की अकादमिक सत्र 2024-25 की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें 10वीं कक्षा के 111 और 12वीं के 41 छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

### डीसी ने किया मार्गदर्शन

**उपायुक्त** जतिन लाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों से अपने जीवन के अनुभव साझा करने के साथ साथ, यूपीएससी के लिए तैयारी की अप्रोच, रणनीति और प्लानिंग को लेकर टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य तय कर पूरे से मेहनत करने की सीख दी।

### शिक्षा के उजाले से चमक रहा हरोली

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हरोली, बीटन और खड्ड में तीन डिग्री कॉलेज, क्षेत्र में 33 सरकारी स्कूल, एक केंद्रीय विद्यालय, ट्रिपल आईटी और बढ़ेड़ा में लॉ कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सोमभद्रा रामपुर हरोली पुल प्रदेश का सबसे लंबा पुल है और इंजीनियरिंग मार्वल के तौर पर क्षेत्र की पहचान बना है। वहीं करीब 52 करोड़ से बन रहा पंडोगा-त्यूड़ी पुल का काम तेजी से चला है और इसे रिकॉर्ड समय में पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा हरोली में 2 हजार करोड़ का बल्क ड्रग पार्क का काम योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया गया है।

## मुख्यमंत्री आज ऊना में करेंगे विकास कार्यों के लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सोमवार 16 जून को ऊना विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25.80 करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार को दोपहर 11:45 बजे ऊना पहुंचेंगे और सबसे पहले 8.79 करोड़ रुपए से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) ऊना के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री 12:30 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना में 12 करोड़ की लागत से तैयार हुए नवनिर्मित शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे।



इसी अवसर पर वे 5 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से डिग्री कॉलेज परिसर में बनाए जाने वाले 'न्यू गर्ल्स हॉस्टल' का शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे लाल सिंगी में आमजन से भेंट करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बंगाणा में मेधावियों को दिया सम्मान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था उड़ान ने समाज सेवा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान का परिचय देते हुए रविवार को बंगाणा में अपना तीसरा वार्षिक समारोह भव्य रूप से आयोजित किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष योगराज भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस समारोह में संस्था द्वारा 16 स्कूली विद्यार्थियों सहित समाज में विशेष योगदान देने वाले कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। उड़ान संस्था बीते तीन वर्षों से न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद कर रही है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

संस्था द्वारा स्कूली बच्चों को निःशुल्क पढ़ाई सामग्री, आर्थिक सहायता, वर्दी, फीस और कोचिंग जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, उन युवाओं को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य कर रहे हैं। समारोह के दौरान मंच पर मुख्य अतिथि विधायक विवेक शर्मा को उड़ान संस्था के संस्थापक डॉ. राममूर्ति शर्मा, अध्यक्ष योगराज भारद्वाज, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित संस्था के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन शिक्षक अनूप राणा ने किया। इस मौके पर उन 16 स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने न सिर्फ शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी निभाई।

इस मौके पर डीपीआरओ चंबा बलबीर सिंह, देसराज मोदगिल, जोगेंद्र देव आर्य, मनोज कुमार शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश राणा, मानसी राणा आदि गणमान्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ विधायक और अन्य गणमान्य।

### संस्था के कार्य अत्यंत सराहनीय : विवेक शर्मा

**मुख्यातिथि** एवं कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उड़ान संस्था समाज में अमीरी और गरीबी के बीच की रेखा को मिटाने के लिए जो कार्य कर रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। संस्था के संस्थापक डॉ. राममूर्ति शर्मा और अध्यक्ष योगराज भारद्वाज सहित पूरी टीम बधाई की पात्र है। जहां भी इस संस्था को मेरी आवश्यकता होगी, मैं सदैव साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे संगठन समाज में जागरूकता फैलाने और एकजुटता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने आगे आने वाले समय में संस्था के लिए सरकारी योजनाओं से सहयोग देने की भी बात कही। उड़ान संस्था के संस्थापक डॉ. राममूर्ति शर्मा ने अपने संबोधन में संस्था की स्थापना की प्रेरणा साझा करते हुए कहा कि यह पहल उन्होंने अपने शिक्षण अनुभव और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित होकर शुरू की थी। संस्था के अध्यक्ष योगराज भारद्वाज ने संस्था की आगामी योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें गरीब बच्चों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम, कैरियर काउंसलिंग शिविर और ग्रामीण क्षेत्रों में जांच शिविरों का आयोजन शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### मां वैष्णो देवी के पुजारी ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** माता वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी पंडित सुदर्शन ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने माता की भव्यता और शक्ति का अनुभव किया और माता के दर्शन से आत्मिक शांति प्राप्त की। माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद पंडित सुदर्शन ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और माता की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि माता चिंतपूर्णी के दर्शन से उनका मन और आत्मा तृप्त हो गया है। पंडित सुदर्शन ने माता से सभी के कल्याण की कामना की और कहा कि माता की कृपा से सभी का जीवन सुखमय और समृद्ध हो। जय माता दी के उद्घोष के साथ पंडित सुदर्शन ने माता चिंतपूर्णी के दरबार से विदा ली।

### संक्रांति पर धार्मिक स्थानों पर उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर/बनेहड़ा।** रविवार को आषाढ़ मास की शुरूआत हुई, इस पर्व को संक्रांति के नाम से भी मनाया जाता है। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ में संक्रांति के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र अखंड धुने पर शीश नवाया व लंगर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भद्रकाली स्थित माता श्री भद्रकाली के मंदिर में भी संक्रांति सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

### खानपुर में लगाया गया सालाना भंडारा



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** नगर परिषद संतोषगढ़ के साथ लगती ग्राम पंचायत खानपुर के डेरा बाबा गोविंद दास में सालाना भंडारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सुबह गुरु ग्रंथ साहिब पाठ का भोग डाला गया। उसके बाद निशान साहिब की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर कीर्तन दरबार सजाया गया जिसमें संत महापुरूषों ने अपने कीर्तन द्वारा आई हुई संगत को गुरु की बाणी से जोड़ा। इस धार्मिक समागम में संत महापुरुष व कथा वाचक भी पहुंचे।

### युवाओं और गांववासियों ने पिलाया मैंगो शेक

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहडा और नेहरू युवा मंडल के युवाओं ने जिला प्रशासन की ओर से चलाए गए 'नशा मुक्त ऊना' से प्रेरित होकर राष्ट्रीय मुस्कान शक्ति दिवस के उपलक्ष पर रविवार को उप तहसील जोल के गांव अम्बेहडा रामकिशन में युवा मंडल के युवाओं और स्थानीय गांववासियों के सहयोग से मैंगो शेक और ब्रेड कुलचे का भंडारा लगाया। इस दौरान महालक्ष्मी इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1 क्विंटल गाय का दूध, 2000 ब्रेड कुलचे और 3 क्विंटल आम का शेक बनाया गया। इस भंडारे में हर साल की भांति इस वर्ष भी स्थानीय गांववासियों की ओर से भी सहयोग किया गया। नेहरू युवा मंडल अम्बेहडा के युवाओं एवं बच्चों ने मैंगो शेक पिलाओ,नशा भगाओ अभियान के तहत मैंगो शेक पिलाया।

### ऊना में 30 क्विंटल गन्ने के रस की लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के साथ लगते गांव आवादा बराना में संक्रांति के शुभ अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को गन्ने के रस की छबील लगाई। ऊना संतोषगढ़ रोड पर आने जाने यात्रियों को गन्ने का रस पिलाया गया। छबील के लिए 30 क्विंटल गन्ने का प्रयोग किया गया है। गन्ने के रस से राहगीरों की प्यास बुझाई गई। छबील को बर्ष 2016 से जनहित में शुरू किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से छबील के लिए 30 क्विंटल गन्ने को खरीदा गया। गन्ने के रस से राहगीरों की प्यास बुझाकर पुण्य का कार्य किया जा रहा है।

### गोसेवा में मिसाल बने बलबीर सिंह और अंकुश शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** इंसानियत की सबसे बड़ी पहचान निःस्वार्थ सेवा मानी जाती है, और अगर यह सेवा गौ माता के प्रति हो, तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है बंगाणा क्षेत्र के पशु पालन अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट बलबीर सिंह गोगी और वेटनरी फार्मासिस्ट अंकुश शर्मा ने। इन दोनों कर्मठ सेवादारों ने हाल ही में डेरा बाबा जोगी पंगा में जाकर सौ से अधिक गौवंश का निःशुल्क टीका करण किया। टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी ने जानकारी दी कि पशु पालन विभाग में फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत ठाकुर बलबीर सिंह गोगी और अंकुश शर्मा नियमित रूप से अपनी निजी आय से खर्च करके डेरा बाबा जोगी पंगा में गौवंश का उपचार करते हैं। न केवल दवाइयों का खर्च स्वयं वहन करते हैं, बल्कि समय-समय पर आकर उनकी देखभाल भी करते हैं। इन दोनों कर्मियों की यह पहल न केवल पशु सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो सरकारी नौकरी से परे जाकर भी समाज के लिए बड़ा योगदान दिया जा सकता है।



# अनुज बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमंडल हरोली के अंतर्गत पड़ते गांव सलोह घालुवाल के मास्टर राजा राम का पोता अनुज वशिष्ठ भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बना है। अनुज वशिष्ठ के पिता सुरेश कुमार व माता सुनीता नैन ने बताया कि स्व. मास्टर राजा राम ने अपने पोते को सेना में सेवा करने के लिए प्रेरित किया था ओर अनुज वशिष्ठ ने सेना में लेफ्टिनेंट बन कर दादा के सपने का साकार किया है।

अनुज वशिष्ठ इंडियन मिल्ट्री अकादमी देहरादून से पास आउट होकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। सेना में बतौर अधिकारी बनने से गांव क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# शहीद कैप्टन अमोल कालिया के परिजनों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कारगिल संघर्ष स्मरणोत्सव के तहत भारतीय सेना युद्ध में शहीद हुए सभी 545 सशस्त्र बल कर्मियों व अफसरों के परिवारों के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए उनके घर प्रतिनिधि भेज रही है। कारगिल युद्ध में शहीद हुए ऊना के अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया के परिवारजनों को सम्मानित करने हेतु भारतीय सेना के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंच कर अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया की शहादत को नमन किया। शहीद के पिता सतपाल कालिया व माता उषा कालिया को सम्मानित किया।



# फ्लाइंग ऑफिसर बने आदित्य शर्मा



**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** आदित्य शर्मा ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। युवा आदित्य शर्मा की इस उपलब्धि से उनके घर में खुशी का माहौल है। उनका चयन वायुसेना के प्रतिष्ठित पद फ्लाइंग ऑफिसर पर हुआ है, जो उनके दृढ़ संकल्प, मेहनत और देशभक्ति के भाव को दर्शाता है। आदित्य शर्मा एक सामान्य लेकिन प्रेरणादायक पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं।

उनके पिता अरविंदर शर्मा होटल ताज में एचआर पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता पूनम शर्मा एक गृहिणी हैं, जिन्होंने हमेशा अपने बेटे को सुसंस्कार और देशसेवा की भावना दी। आदित्य के दादा बीआर सुमन भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट पद से सेवानिवृत्त हैं और आदित्य शर्मा ने उन्हें ही अपना आदर्श माना है।

## लोअर भंजाल में दो गुटों में भिड़ंत, चार घायल

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** थाना अंब के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 1 लोअर भंजाल में रविवार को दो गुटों के बीच आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झड़प में दोनों पक्षों के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार झगड़े में अंजू वाला पत्नी सुरेश चंद को गंभीर चोटें आईं। उन्हें पहले सिविल अस्पताल अंब लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष से रियाजदीन पुत्र सिराजुद्दीन, फहमीदा पत्नी रियाजदीन और जानो बीबी पत्नी चूडदीन घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया।

एसडीपीओ अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और झगड़े के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किए क्रांतिकारी बदलाव : चैतन्य

**सुखविंद्र सागर, अनंत ज्ञान**

**घनारी।** भाजपा कार्यालय ऊना में रविवार को एक विशेष प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसके संयोजक रहे पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र पर चलते हुए एनडीए सरकार ने देश के गरीब, वंचित और सामान्य वर्ग के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक विकास, तकनीकी सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। चैतन्य शर्मा ने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना चुका है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से आम जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवाएं।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास, पूर्व विधायक बलबीर सिंह, जिला पार्षद सुशील कालिया, ओंकार किसाना, प्रो. राम कुमार, बलराम बबलू, बलवीर बग्गा, गगरेट मण्डल अध्यक्ष नितिन ठाकुर, दौलतपुर मण्डल अध्यक्ष अजय ठाकुर, महामंत्री अतुल शर्मा, विकास डडवाल, पंकज कोंडाल, प्रिंस सुधेरा, मंजीत, कमल, जीतन कुमार, तरसेम सिमी, नरिंदर परमार, राहुल ठाकुर, स्थानीय नेता व गणमान्य उपस्थित रहे।




### मोदी सरकार ने दिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन : दविंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** देशभर में मोदी सरकार के 11 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर्व के अंतर्गत रविवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तनोह में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य न केवल सरकार की उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचाना था, बल्कि विपक्षी सरकार की विफलताओं को उजागर करना भी रहा। विकसित भारत संकल्प जनसभा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो जिन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों की नीतियों और योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। भुट्टो ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ग्यारह वर्षों का कार्यकाल कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल पर भारी पड़ा है। मोदी सरकार ने न सिर्फ भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारकर सीधे गरीबों तक लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी एकजुटता से संगठन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और क्षेत्र में कांग्रेस सरकार की विफलताओं को घर-घर पहुंचा रहे हैं। तनोह क्षेत्र में आयोजित विकसित संकल्प सभा में भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो ने कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर उनका पूरा मान सम्मान करके सम्मानित किया।

## पति और पत्नी ऊना में जगा रहे शिक्षा की लौ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आधुनिक समय में अधिक संख्या में लोग बिना पैसे के एक कदम भी नहीं चलते परंतु ईमानदारी, सत्यता, कार्य संस्कृति का जनून अभी भी जिंदा है। ऐसा ही एक उदाहरण शिव पाल ठाकुर जो नारी क्षेत्र के चलोला गांव से संबंध रखते हैं। रक्षामंत्रालय से सेवानिवृत्त होने के उपरांत अपनी पत्नी रेखा के साथ मिलकर शिक्षा के प्रसार के क्षेत्र को सेवा के लिए चुना।

शिक्षा सुधार समिति ईसपुर द्वारा गैर आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में दूसरे राज्यों के लोग मजदूरी करते हैं और उनके बच्चों को शिव पाल ठाकुर और उनकी पत्नी रेखा शिक्षा दे रहे हैं। समिति के सहयोग से 50 बच्चों को पढ़ाते है। शिवपाल ठाकुर का कहना है की गरीब बच्चों को शिक्षित करना मेरा पहले से ही शौक रहा है अब सेवानिवृत्ति के बाद में पत्नी सहित इन बच्चों को अपना समय समर्पित कर रहा हूं इन्हें बेसिक चीजे सीखा कर नींव पक्की करने का प्रयास करता हूं। शिक्षा सुधार समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग का कहना है कि शिवपाल ठाकुर और उनकी पत्नी बहुत ही लगन और सेवा भाव से बच्चों के प्रति समर्पित है बच्चों को छोटी-छोटी चीजों की जानकारी दे रहे हैं। आज फादर्स-डे होने पर यह पति-पत्नी इन गरीब बच्चों के लिए हर रोज खाने-पीने का सामान भी ला रहे हैं तथा ज्ञान की लौ भी जगा रहे हैं।

**जीत** | युवाओं को नशे की लत से बचाना एक बड़ी सामाजिक चुनौती : देसराज

# उत्तराखंड ने जीती नेशनल हैमरबॉल चैंपियनशिप

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बंगाणा उपमंडल स्थित डुमखर मैदान में चल रही सीनियर नेशनल हैमरबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन कुटलैहड़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं राज्य कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल ने मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं खेल मैदान पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया और मंच से सम्मानित किया गया।



समाजसेवी देसराज मोदगिल ने युवाओं के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे की लत से बचाना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में यदि कोई प्रभावी, सकारात्मक और स्थायी समाधान है, तो वह है खेलों को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि खेल न केवल युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि जब युवा खेल के मैदान में होते हैं, तो वे गलत संगत और नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहते हैं।

उनका ध्यान लक्ष्य की ओर केंद्रित होता है और वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने के प्रयासों में जुटे रहते हैं। उन्होंने विभिन्न राज्यों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और सरकार व सामाजिक संगठनों से आग्रह किया कि वे गांव-गांव में खेल मैदान बनवाएं, खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करें और खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे देश का नाम रोशन कर सकते हैं। समाजसेवी मोदगिल ने खुद कई वर्षों से खेल आयोजन, गरीब बच्चों की शिक्षा और नशामुक्ति अभियान से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों को सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का सशक्त साधन माना जाना चाहिए।

मोदगिल के इस वक्तव्य ने युवाओं के भविष्य और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक अहम संदेश दिया है। वहीं प्रतियोगिता के तीसरे दिन सीनियर लड़कों पहला मैच उत्तराखंड और पंजाब के बीच में हुआ, जिसमें उत्तराखंड ने पंजाब को 24 रनों से मात दी। दूसरा मैच उत्तर प्रदेश और राजस्थान के मध्य हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को हराया। तीसरा मैच हिमाचल और महाराष्ट्र के खिलाड़ियों के मध्य हुआ, जिसमें महाराष्ट्र ने हिमाचल को हराया।

इस आयोजन को सफल बनाने में हेमरबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, हिमाचल हेमरबॉल समिति और स्थानीय प्रशासन की विशेष भूमिका रह रही है।

# जुआ खेलते पकड़े कमेटी सदस्य को लेकर भाजपा का कांग्रेस पर हमला

- भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांगा जवाब
- बसदेहड़ा-मैहतपुर प्रकरण पर गरमाई सियासत

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर/ऊना**

नगर परिषद बसदेहड़ा-मैहतपुर क्षेत्र में जुआ खेलते पकड़े गए 14 लोगों में हिमाचल प्रदेश फिशरमैन रिलीफ फंड कमेटी के सदस्य चढतगढ़ निवासी सुनील कुमार उर्फ रिंका का नाम सामने आने के बाद भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

भाजपा के ऊना मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कौशल, बसदेहड़ा मंडल अध्यक्ष राहुल देव शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह गिल व सागर दत्त भारद्वाज, शहरी इकाई अध्यक्ष हरीश पाराशर, जिला उपाध्यक्ष पीएल भारद्वाज, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष बलवंत ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बलवीर सिंह बग्गा, महामंत्री परमिंदर लवेरिया, महेंद्र छिब्बर, नरेंद्र ठाकुर सहित कई अन्य भाजपा नेताओं ने इस मामले को लेकर नाराजगी जताई है।

नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति को जुआ खेलने जैसे संगीन मामले में रंगे हाथों पकड़ा गया है, उसे प्रदेश सरकार की समिति में किस नेता की सिफारिश पर नियुक्त किया गया? उन्होंने मुख्यमंत्री से ऊना दौरे के दौरान इस विषय पर जवाब मांगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि इस तरह के मामलों से प्रदेश सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं।

यदि सरकार की समितियों में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को शामिल किया जाएगा तो ऐसे निर्णयों से आम जनता में गलत संदेश जाएगा और सरकार की साख पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से सुनील कुमार को समिति से हटाया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में उग्र आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगी और इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हरि नारायण व देवलुओं का विहंगम मिलन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** देवभूमि हिमाचल की शांत घाटियां रविवार शाम कजेली मेले के विहंगम दृश्यों से गूंज उठीं, जहां आराध्य देवता हरि नारायण के सम्मान में हर वर्ष लगने वाला यह मेला भक्ति और संस्कृति का संगम बन गया। देवता हरि नारायण के गुरु देउचार के माध्यम से हुए देवताओं के इस अद्भुत मिलन को देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी भरी। मेले का मुख्य आकर्षण कुल्लवी परिधानों में सुसज्जित महिलाओं और पुरुषों द्वारा प्रस्तुत किया गया मनमोहक कुल्लवी नृत्य रहा। यह नृत्य केवल एक कला प्रदर्शन नहीं था, बल्कि देवता हरि नारायण के प्रति गहरी श्रद्धा का प्रतीक था, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शाम को एक बेहद ही खास पल आया, जब काथी के आराध्य देवता हरि नारायण ने स्वयं देवलुओं के संग कुल्लवी नृत्य किया। यह दृश्य उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय था और उन्होंने इसे अपने कैमरों में भी कैद किया। पूरे दिन चले इस भव्य मेले का शाम को समापन हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी। कजेली मेला एक बार फिर हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और देव-परंपरा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

### भगवान जग्गनाथ की स्नान यात्रा को मनाया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** इस्कॉन मनाली के सेंटर कटराईं ने बड़े भाव पूर्वक भगवान जग्गनाथ जी की स्नान यात्रा को धूमधाम से मनाया। स्नान यात्रा का आयोजन पतलीकूहल में किया गया। सेंटर से भगवान को विधिपूर्वक लाया गया, इसमें भगवान जग्गनाथ, बलराम और सुभद्रा माता के विग्रह लाए गए। स्नान यात्रा का शुभारंभ विशेषातिथि के रूप में इस्कॉन द्वारका के वाइस प्रेजिडेंट अमोघ लीला प्रभु और राम नारायण प्रभु के कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने भगवान का अभिषेक कर स्नान यात्रा का उद्घाटन और शुभारंभ किया। इसके उपरांत सभी भक्त गणों ने भगवान का जलाभिषेक किया। दोनों विशेष अतिथियों का जोरदार स्वागत इस्कॉन के सेंटर के भक्तों द्वारा किया गया। हिमाचल प्रदेश का इस्कॉन का प्रतिनिधित्व कर रहे अभय राम प्रभु ने दोनों को फूल-मालाओं, कुल्लवी टोपी और शाल पहनाकर स्वागत किया। दोनों विशेष अतिथियों ने उनके स्वागत का सेंटर के भक्तों का धन्यवाद किया। इस स्नान यात्रा में सम्मिलित होना उनके लिए हर्ष की अनुभूति प्रदान किया।

# पर्यटन स्थानों में पर्यटकों का जमावड़ा

## कूल-कूल मौसम में बर्फ देखने रोहतांग व शिंकुला पहुंचे हजारों पर्यटक

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली सहित अन्य पर्यटन स्थानों और लाहौल घाटी में पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है। दोनों जिले के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ गई है। लिहाजा, कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में सप्ताहांत समर सीजन चरम पर पहुंच गया है। वहीं, मनाली में 60 से 70 हजार पर्यटक एकत्रित होने से ट्रैफिक जाम की समस्या भी गहराई है। शनिवार देर रात मनाली की ओर से लेह जा रहा ट्रक पलचान के पास खराब हो गया। ट्रक के खराब होने से रविवार को सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या दोगुना हो गई। हालांकि, इस बार गत वर्षों की भांति घंटों जाम नहीं लग रहा है, लेकिन पर्यटकों का सैलाब उमड़ने से वाहन धीरे-धीरे खिसक रहे हैं।



पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

### कूल-कूल हुआ मौसम

**रविवार** को कूल-कूल मौसम में हजारों पर्यटक बर्फ देखने रोहतांग व शिंकुला पहुंचे। कुल्लू व लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों में हिमपात होने से दर्रों में तापमान माइनस पर आ पहुंचा। पर्यटकों ने कूल-कूल मौसम का आनंद लिया और बर्फ की साहिसक खेलों से परिचित हुए। दूसरी ओर जिंगजिनजिंगबार के पास नाले में आ रही बाढ़ बारालाचा जाने वाले पर्यटकों के कदम रोक रही है। हालांकि, फोर बाई फोर वाहन आसानी से बारालाचा दर्रे में पहुंच रहे हैं, लेकिन छोटे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। इस जगह बीआरओ पुल का निर्माण भी कर रहा है, लेकिन नाले में बाढ़ आने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। लगभग 100 मीटर सड़क की हालत खस्ता है। वाहन चालकों ने बीआरओ से इस सड़क को जल्द ठीक करने का आग्रह किया है।

### चारों ओर रोमांच का सफर

**इन** दिनों शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रे में सफर करने वाले रोमांच का सफर कर रहे हैं। बारालाचा मार्ग पर सहित शिंकुला, कुंजम व चंद्रताल मार्ग के नालों को आर पार करना रोमांच से भरा हो गया है।

> शनिवार रात को पलचान के पास ट्रक खराब हो गया। ट्रक खराब होने के कारण रविवार को दिन भर ट्रैफिक जाम की समस्या रही। पर्यटक वाहनों की भी आमद में भारी बढ़ोतरी हुई है। मनाली शहर सहित सभी पर्यटन स्थलों में पुलिस जवान दिन-रात ट्रैफिक सुचारु करने में जुटे हैं। **केडी शर्मा डीएसपी मनाली।**

# सड़क सुविधा से वंचित काथी-कुकड़ी, लकड़ी का पुल भी टूटा

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



**पतलीकूहल।** आजादी के इतने वर्षों बाद भी सड़क सुविधा से वंचित काथी-कुकड़ी गांव के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गांव तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों द्वारा बनाए गए लकड़ी के पुल के टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया है। गनीमत यह रही कि जिस समय यह घटना हुई, पुल पार कर रहे चार ग्रामीण नाले में गिरने से बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

यह गांव आजादी के बाद से ही सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा है और ग्रामीणों को गांव तक पहुंचने के लिए पैदल ही चलना पड़ता है। गांव और मुख्यधारा के बीच भोष्ट नाला पड़ता है, जिसे पार करने के लिए ग्रामीणों ने खुद लकड़ी की पुलिया बना रखी थी। स्थानीय निवासी हीरा लाल, बेली राम, संगत राम और राकेश ने बताया कि नाले पर बनी यह लकड़ी की पुलिया लगभग हर साल बरसात में बह जाती है या टूट जाती है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण मिलकर खुद ही एक अस्थायी पुलिया का निर्माण करते हैं। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि सभी सरकारें गांव के लिए सड़क बनाने में विफल रही हैं और खेद की बात यह है कि प्रशासन गांव के लिए एक स्थायी पुल का निर्माण भी नहीं कर पाया है। ग्रामीण हर बार अपनी जान-जोखिम में डालकर नाले को पार करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार से गांव में कजेली मेला शुरू होने वाला है। पुलिया टूटने के कारण देवता का आशीर्वाद लेने आने वाले श्रद्धालुओं को गांव तक पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से जल्द से जल्द गांव को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क और पक्के पुल का निर्माण करवाने की अपील की है, ताकि उन्हें इस प्रकार की समस्याओं से मुक्ति मिल सके।

# कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हों : मोहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बचत भवन, कुल्लू में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति मोहन लाल ब्राक्टा ने की। बैठक में समाज के कमजोर वर्गों के लिए चलाई जा रही सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर समिति के सदस्य विधायक विनोद कुमार, विधायक रीना कश्यप, विधायक लोकेंद्र कुमार, विधायक दीप राज, विधायक चंद्रशेखर और विधायक अनुराधा राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के



प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति की बैठक के दौरान मोहन लाल व अन्य गणमान्य का स्वागत करती हुई डीसी

क्रियान्वयन पर चर्चा की गई और जिला प्रशासन को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सभापति, मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि कल्याण समिति विधानसभा की एक महत्वपूर्ण समिति है, जो समाज के कमजोर वर्गों तथा अनुसूचित जातियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें प्रभावी रूप से लागू करवाने की दिशा में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाएं बनाकर बजट आवंटित करती है, लेकिन उन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत मिले बजट का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। मोहन ने कहा कि समिति के विभिन्न जिलों के दौरों के दौरान योजनाओं की जमीनी हकीकत और उनसे जुड़े सुझाव प्राप्त होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि समिति द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को जल्द लागू किया जाए। उन्होंने कुल्लू जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जिले में योजनाओं का संतोषजनक क्रियान्वयन हुआ है। बैठक में डीसी तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, अवर सचिव संजय कुमार, टिकन वर्मा, दिवेश पठानिया, देवेंद्र शर्मा सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिप लाइन टूटने से 30 फुट गहरी खाई में गिरी बच्ची का सामने आया वीडियो

**अनंत ज्ञान, मनाली।** नागपुर से मनाली घूमने आए एक परिवार के साथ हादसा हुआ है। हादसा एक सप्ताह पुराना है। मनाली में जिप लाइन से बच्ची अचानक 30 फुट गहरी खाई में गिर गई। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि जिप लाइन की तार टूटने से यह हादसा हुआ है। यहां बच्ची अपने पूरे परिवार के साथ आई हुई थी। इसी दौरान बच्ची मनाली के नेहरू कुंड के पास जिप लाइन में गई। बापसी में वह जिप लाइन से गिर गई।

इस हादसे में बच्ची को गंभीर चोट आई। हादसे के बाद बच्ची को पहले मिशन अस्पताल में भर्ती किया और बाद में चंडीगढ़ रेफर किया था, अब उसे नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार नागपुर के रहने वाले प्रफुल्ल बिजवे अपनी पत्नी और बेटी त्रिशा के साथ गर्मी की छुट्टी मनाने मनाली गए थे। बीते सप्ताह 8 जून रविवार को प्रफुल्ल बिजवे की बेटी त्रिशा जिप लाइन से एक किनारे से दूसरे किनारे की ओर जा रही थी। इसी बीच अचानक जिप लाइन की केबल टूट गई। इसके बाद त्रिशा 30 फुट उंचाई से नीचे गिर गई। मनाली थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि जिप लाइन का मामला एक सप्ताह पुराना है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। बच्ची के पिता कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कर बच्ची को मिशन अस्पताल से चंडीगढ़ ले गए थे।

# रोट पंचायत के कई गांवों में पेयजल के लिए हाहाकार

**अनंत ज्ञान, सैंज**

हर घर नल हर घर जल का ढिंढोरा पीटने वाले जल शक्ति विभाग की असली तस्वीर भुंतर तहसील की ग्राम पंचायत रोट में दिखने को मिल रही है, जहां एक दर्जन गांव में ग्रामीण पेयजल की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

ग्रामीण पिछले एक महीने से नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। थके-हारे ग्रामीणों ने अब जल शक्ति विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है तथा विभाग के अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर दो दिन के भीतर पीने का पानी उपलब्ध नहीं करवाया, तो वे जल शक्ति विभाग कार्यालय के बाहर खाली बर्तनों से विरोध-प्रदर्शन करेंगे। ग्राम पंचायत रोट के प्रधान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि अधिकारी कुंभकर्णी निद्रा में हैं, जबकि गांव की भोली-भाली जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है। उन्होंने बताया कि बागीसेरी, घोड़ाधार, भढ़ैऊली, पचैहू गांव में पिछले एक महीने से पीने का पानी मोहताज नहीं है और लोग नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग को इस बारे में पिछले एक महीने से अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन विभाग के अधिकारी तो दूर कर्मचारी भी दर्शन नहीं दे रहे।

पंचायत के प्रधान राजेंद्र पाल शर्मा ने बताया कि ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन विभाग को कोई सुध नहीं है। बड़े दुख की बात है कि पानी के स्रोत में भारी मात्रा में पानी जमा है, लेकिन जल शक्ति विभाग के नल सूखे पड़े हैं, जबकि स्थानीय लोग पिछले एक माह से नाले का गंदा पानी पी रहे हैं और विभाग व सरकार कुंभकर्ण की निद्रा में है। उन्होंने बताया कि अगर दो दिन के भीतर पानी उपलब्ध नहीं करवाया, तो वे विभाग के खिलाफ हल्ला बोलेंगे और फिर खाली बर्तनों से ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करेंगे। पंचायत प्रधान ने बताया कि राऊलबेहड़ से थरास, बगीसेरी, घोड़ाधार आदि गांवों के लिए विभाग ने एक वर्ष पूर्व उठाऊ पेयजल योजना तैयार की है, लेकिन उक्त गांव में अभी तक विभाग ने पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई। बहरहाल गर्मी के मौसम में रोट पंचायत के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण मधुसूदन शर्मा, राकेश शर्मा, संजीव शर्मा, मनोहर लाल, शशि शर्मा, वेद प्रकाश ने बताया कि वे खाली बर्तनों से विभाग का घेराव करेंगे। उधर, इस बारे में जब जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता रवींद्र कुमार शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें फिलहाल कोई जानकारी नहीं है, फिर भी ग्रामीणों की भावनाओं की कदर करते हुए उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

# मीठी-मीठी यादों के साथ फिल्म फेस्टिवल हुआ खत्म

## 3 दिनों में पांच हजार लोगों ने देखा हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के 15 मील स्थित देवलोक में जारी तीन दिवसीय हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल रविवार को संपन्न हो गया। तीन दिनों तक चले इस फेस्टिवल में पांच हजार लोगों ने शिरकत की।

इसमें स्थानीय लोगों के अलावा हिमाचल और दूसरे राज्यों से आए लोग शामिल हुए। तीन दिनों तक पचास फिल्में दिखाई गईं और स्कूलों बच्चों सहित अन्य युवाओं और आम लोगों के लिए मड स्कल्टिंग, फैशन डिजाइनिंग, मॉडलिंग, डांस, एक्टिंग और फिल्म मेकिंग की वर्कशॉप भी आयोजित की गई। स्कूलों से आए 500 बच्चों ने इन वर्कशॉप में भाग लिया। रविवार को मीठी-मीठी यादों के साथ इस फेस्टिवल का समापन हो गया।



हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल के अंतिम दिन बच्चे विभिन्न चीजों के गुर सीखते हुए।

### जल्द जारी होगा तीसरे फेस्टिवल का शेड्यूल

**आयोजक** राजा सिंह मल्होत्रा और अनुराग वशिष्ठ ने सफल आयोजन के लिए इसमें शामिल होने आए सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश को एक नई पहचान दिलाने की दिशा में किया जा रहा प्रयास है, जो अपनी सफलता की तरफ अग्रसर है। हमनें इसे हिमाचल के हर जिले में आयोजित करने की योजना बनाई है। मंडी जिले से इसकी शुरूआत हुई थी और दूसरा आयोजन कुल्लू जिले के देवलोक में किया गया है। जल्द ही तीसरे आयोजन का स्थान और समय जारी किया जाएगा।

### रघुवीर बोले- नए आयाम स्थापित करेगा यह फेस्टिवल

**समापन** मौके पर फिल्म अभिनेता रघुवीर यादव ने अपने तीन दिनों के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत से फिल्म फेस्टिवल देखे हैं, लेकिन प्रकृति की गोद में हुआ यह फिल्म फेस्टिवल अपने आप में अविस्मरणीय है। यह एक ऐसा आयोजन हैं, जहां सिर्फ फिल्में दिखाकर ही खानापूर्ति नहीं की गई है, बल्कि लोगों को फिल्म निर्माण से लेकर संगीत, कला और अन्य प्रकार की अहम जानकारियां दी गई हैं, जो कि अमूमन किसी भी फिल्म फेस्टिवल में देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह फिल्म फेस्टिवल नए आयाम स्थापित करेगा।

# किसानों व बागवानों के वाहनों से टोल टैक्स नहीं वसूलना चाहिए

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी देवेंद्र नेगी ने प्रदेश में लगाए जा रहे एनएचएआई के टोल बैरियर पर 20 किलोमीटर क्षेत्र के दायरे में किसानों एवं बागवानों के वाहनों से टोल टैक्स नहीं वसूलना चाहिए क्योंकि किसान व बागवान अपने फलों एवं सब्जियों को अपने खेत-बगीचों से सब्जी मंडियों तक अपने उत्पाद बेचने के लिए दिन में चार से पांच चक्कर अपने निजी व कमर्शियल वाहन जीपों में बीच में पड़ने वाले टौल बैरियर से लगाने पड़ते हैं, जिस कारण किसानों-बागवानों की जेब को प्रतिदिन 500 से 800 रुपए का अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है, जो बिलकुल न्याय संगत नहीं है, दो-तीन महीनों के फल सब्जियों पर अगर किसानों-बागवानों को हजारों रुपए टोल टैक्स देने पड़ रहे हैं, तो किसान को बचेगा क्या। सरकार व प्रशासन को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

# मुख्यमंत्री आनी को देंगे करोड़ों की सौगात

**अनंत ज्ञान, आनी**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, 17 और 18 जून को निरमंड के बागा सराहन दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों को अवश्य दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आनी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 जून को बागासराहन में प्रदेश सरकार द्वारा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों की पूर्ण हो चुकी योजनाओं-परियोजाओं को जनता को समर्पित करेंगे साथ ही कुछ अन्य योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। डीसी ने कहा कि जल शक्त विभाग की नगर पंचायत निरमंड के लिए अमृत 2.0 के तहत पेयजल योजना निर्माण, कुर्पण खड्ड से उठाऊ पेयजल योजना से ग्राम पंचायत घाटू, गमोग एवं शिल्ली के निर्माण का शिलान्यास किया जाएगा।

**17 और 18 जून को निरमंड के बागा सराहन दौरे को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कीं**

### 63 करोड़ की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास, उद्घाटन

**मुख्यमंत्री** करीब 63 करोड़ की लागत से निर्मित विभिन्न सड़क मार्गो का और पेयजल और सिंचाई योजनाओं के उद् घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग की नाबार्ड के तहत संपर्क मार्ग कटार से खादवी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 बजीर बाउली से थाचवा सड़क का उन्नयन कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कोयल से बशला संपर्क मार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के तहत निशानी से पाली परांतला सड़क का उन्नयन कार्य का उद्घाटन करेंगे। इन सड़क मार्ग निर्माण की पर 32.71 करोड़ व्यय किए गए हैं।

इसके अलावा बहाव सिंचाई योजना कोयल कूहल के कमान क्षेत्र विकास, उठाऊ पेयजल योजना निशानी कुईकोड, डेगेड़, टोगी, घराना जनगणित गांव प्रानाली डिंगीधार, पेयजल योजना ग्राम अवेरी के लिए अतिरिक्त स्रोत दोहन, पेयजल योजना समोह, जगेड़, गौरा, ग्वाल पंचायत लोट के संबर्धन, उठाऊ पेयजल योजना खुन, बांदल, कोहिला, कमांद के संबर्धन, पेयजल योजना तांदी कफटा के पुन संयोजना का उद्घाटन किया जाना है। इन पर 29.86 करोड़ व्यय किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इसी तरह कार्ट इको ट्रेल्स बागा सराहन का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है। इसके लिए तैयार किए गए ब्राइटल पॉथ और अन्य कार्यों पर 74 लाख की राशि व्यय की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रकृति व्याख्या एवं सेवा केंद्र जलोड़ी जोत का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिस पर 6.28 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 2 करोड़ की लागत से पंचायतीराज विभाग के पंचायत सामुदायिक केंद्र ग्राम पंचायत पोशना, जगातखाना, कोटी, बखन, शिशवी और 1.55 करोड़ की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खनाग भवन का उद्घाटन करेंगे।

डीसी तोरुल एस रवीश ने कहा कि मुख्यमंत्री बागासराहन में विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनियों का अवलोकन और स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा बागासराहन सहित 5 पंचायतों के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की पात्र महिलाओं को सम्मान राशि वितरित की जाएगा।

## मिशन अस्पताल में 90वीं वर्षगांठ की धूम

# मनाली के बुजुर्गों को किया सम्मानित, जाने उनके अनुभव

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मिशन अस्पताल मनाली ने 90वें वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया। समारोह में बुजुर्ग सदस्यों को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में, बुजुर्गों को टोपी, शाल व लाठी उपहार में दिए। अस्पताल प्रबंधन ने उनके जीवन के अनुभवों और योगदान को जाना। समारोह में बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया और युवाओं को मार्गदर्शन दिया। मिशन अस्पताल को बुलंदियां तक पहुंचाने में अपना अहम योगदान देने के लिए डॉ. शिला व डॉ. लारजी को सम्मानित किया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मनाली के साथ लगती पलचान, बुरुआ, शनाग, मनाली गांव, वशिष्ठ, चचोगा, प्रीणी, जगतसुख व सियाल पंचायतों के बुजुर्गों व पंचायत प्रतिनिधियों सहित मिशन अस्पताल के अभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया। मिशन अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। अपने संबोधन में मिशन अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए फिलिप ने सभी को 90वें वर्षगांठ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने घाटी के बुजुर्गों को सम्मनित किया। फिलिप ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बुजुर्ग हमारे समाज का एक अभिन्न अंग हैं और उनके अनुभव और ज्ञान हमारे लिए बहुत मूल्यवान हैं। उन्होंने कहा कि मिशन अस्पताल समाज के सहयोग से ही यहां तक पहुंचा है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से आग्रह किया कि आगे भी अपना सहयोग जारी रखें, ताकि मनाली में स्वास्थ्य सेवाएं इस तरह दी जा सकें। अस्पताल प्रबंधन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना चाहता है, जिसके लिए सभी का सहयोग आपेक्षित है।

## आयोजन | स्पीति घाटी के अंतिम गांव ग्यू से भाजपा का बूथ संपर्क अभियान शुरू

# केंद्र की योजनाओं को बताया मील का पत्थर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर इन दिनों अपने स्पीति घाटी दौरे के तहत सघन बूथ संपर्क अभियान चला रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत उन्होंने घाटी के अंतिम गांव ग्यू से की, जहां उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं और स्थानीय विकास को लेकर अहम जानकारियां साझा की।

इस अवसर पर स्पीति भाजपा मंडल अध्यक्ष डेमदुल गट्टुक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध, मंडल महामंत्री टकपा समतन, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार, मंडल उपाध्यक्ष एवं ग्राम केंद्र अध्यक्ष रमेश चंद, बीडीसी सदस्य कुंजंग हिशे, सोशल मीडिया प्रभारी कुंगा सन्नी, ग्यू बूथ अध्यक्ष छेरिंग रिगजिन, वरिष्ठ भाजपा नेता टशी ग्यालसन और पोह बूथ अध्यक्ष रिंचेन छेरिंग सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। रवि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने स्पीति जैसे दूरदराज क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को समझा है। वर्षों से संचार सुविधाओं से वंचित ग्यू गांव में अब फोन और इंटरनेट सेवाएं शुरू कर दी गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को दुनिया से जुड़ने में सहूलियत मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों की एक बड़ी मांग लियो बाइपास सड़क और भावा मुद सड़क परियोजना को अब सीमा सड़क संगठन को सौंप दिया गया है, जिससे इन महत्वपूर्ण मार्गों का निर्माण जल्द संभव हो सकेगा। यह सड़कें न केवल स्थानीय आवाजाही को बेहतर बनाएंगी, बल्कि घाटी के पर्यटन कारोबार को नई उड़ान देंगी।



रवि ठाकुर स्पीति के अंतिम गांव में भाजपा के बूथ संपर्क अभियान के दौरान लोगों के साथ।

### कार्यकर्ताओं को दिया बूथ मजबूती का संदेश

**रवि** ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पार्टी को बूथ स्तर पर सशक्त बनाएं और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता तक पहुंचना, संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देना भाजपा की रणनीति का अहम हिस्सा होना चाहिए।

### स्थानीय नेताओं की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी रवि के नेतृत्व में बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का उत्साह और सहभागिता यह दिखा रही थी कि भाजपा आगामी चुनावों के लिए स्पीति घाटी में जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने में जुट चुकी है।

# लाहौल-स्पीति में पेंशन योजनाएं बंद बुजुर्गों, दिव्यांगों पर टूटा संकट : रवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बीते कई महीनों से सामाजिक सुरक्षा की पेंशन योजनाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन, दिव्यांग राहत भत्ता समेत राज्य की वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन योजनाएं लाभार्थियों को नहीं मिल रही हैं। हालात यह हो गए हैं कि कई बुजुर्गों और जरूरतमंद परिवारों के चूल्हे तक ठंडे पड़ गए हैं। गांव-गांव से मिल रही शिकायतों में सामने आया है कि पात्र लाभार्थियों को कई महीनों से एक भी किस्त नहीं मिली है। पेंशन के भरोसे जीने वाले लोग, अब रिश्तेदारों या पड़ोसियों की मदद से किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। इस गंभीर मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता रवि ठाकुर से मुलाकात कर मांग की है कि वे इस मामले को सरकार और विधानसभा स्तर पर उठाएं। रवि ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार ने बुढ़ापे और दिव्यांगों की लाठी छीन ली है। सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन लोगों को सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत है, उन्हें पेंशन से भी वंचित कर दिया गया है।



रवि ने कहा कि हर बार बजट या तकनीकी कारणों का हवाला देकर सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती। यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो प्रभावित लोगों के साथ धरना-प्रदर्शन का रास्ता भी अपना सकते हैं। जनजातीय क्षेत्र में पेंशन योजनाओं का रुकना केवल आर्थिक संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रतीक बन चुका है। सवाल यह है कि क्या सरकार इन बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुध लेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन में रेलगाड़ी की टक्कर से हाईवे पर गिरा बैल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में सैकड़ों गोवंश बेसहारा घूम रहे हैं पर गोशाला संचालक इनकी सुध नहीं ले रहे हैं। ऐसे में सड़कों में घूमते आवारा पशु दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। हालांकि, सरकार व प्रशासन इन्हें गोशाला में रखने की एवज में धनराशि भी उपलब्ध करवाता है। हालांकि, धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। ऐसा ही घटना कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर पेश आई, जहां ट्रेन की टक्कर से एक आवारा बैल करीब 250 फुट नीचे एनएच पर जा गिरा। लोगों ने इसकी सूचना पशुपालन विभाग की फार्मासिस्ट को दी। फार्मासिस्ट ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर पड़े बैल को प्राथमिक उपचार दिया। इस कार्य में लोगों ने भी मदद की पर शहर में चल रही गोशाला के संचालकों ने पीड़ित बैल की सुध नहीं ली। ऐसे में सहजता से समझा जा सकता है कि गोशाला भी मुनाफे के लिए ही कार्य कर रही हैं। इसमें धर्म नाम की कोई चीज नहीं है। पशुपालन विभाग की फार्मासिस्ट कविता ने बताया कि उन्हें जैसे ही सूचना मिली, वह मौके पर पहुंची व घायल बैल का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि यह बेसहारा बैल गंभीर रूप से घायल हुआ है पर दर्जनों गोशालाएं होने के बावजूद सैकड़ों पशु बेसहारा हैं।

### वाल्मीकि बस्ती में 5 लोगों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर के वाल्मीकि नगर में एक मामूली बात पर हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें 62 वर्षीय रवि प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज नाहन में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना रात को हुई, जब मोहल्ले में बिजली गुल हो गई थी। शुक्रवार सुबह बिजली कर्मचारी खंभे पर काम कर रहे थे, तभी स्थानीय दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। यह बहस देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान रवि प्रकाश की नाक पर गहरी चोट लगी, उन्हें बचाने आए उनके बेटे विश्व को भी चोटें आईं। रवि प्रकाश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने उनकी बुरी तरह पिटाई की। मामले की शिकायत पुलिस चौकी कच्चा टैंक में दर्ज कराई गई है। सिरमौर के पुलिस अधीक्षक, एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### चायल में 200 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जेपी अस्पताल मोहाली ने रविवार को पंचायत घर चायल में दूसरा गिरधारी लाल गांधी स्मृति निशुल्क आंखों का जांच और ऑपरेशन शिविर आयोजित किया। इसमें 200 लोगों की आंखों की जांच और उपचार किया। इस जांच के बाद 41 लोगों की आंखों के ऑपरेशन किए जाएंगे, बाकि जांच करवाने वाले लोगों को सलाह और दवाईयां दी गई। आयोजक नरेश गांधी ने पिछले शिविर में ऑपरेशन किए 20 लोगों सहित 105 लोगों को चश्मे वितरित किए। उन्होंने कहा कि आंखें व्यक्ति के शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं, जब किसी बिमारी या अन्य कारणों से इनमें कोई समस्या आती है, तो इसका समय रहते ईलाज होना आवश्यक होता है। ईलाज के बिना कोई आंखों की रौशनी न खो दे। यही लक्ष्य लेकर ग्रामीण क्षेत्र में इस शिविर का आयोजन कर रहे हैं। चायल में भी यह दूसरा शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए और शिविर की आवश्यकता होगी, तो लगाए जाएंगे। इस अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह जसवाल, संजय मिश्रा, डॉ. आस्था गंबर और उनकी टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। शिविर में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और समाज सेवियों ने सहयोग दिया।

### पुलिस टीम पर हमले के मामले में चार आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन/पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले के माजरा थाना क्षेत्र के किरतपुर गांव में उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर अचानक धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पुलिस और हमलावरों के बीच किसी मुद्दे को लेकर झड़प हुई, जो जल्द ही हिंसा में बदल गई। हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए माजरा पुलिस ने अगले ही दिन यानी 14 जून को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सुमित गुप्ता (40), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नाहन, मानव शर्मा (41), दखाली, नाहन, राज कुमार (34), शितली, बनेठी, नाहन, जय प्रकाश (39), जाबल का बाग नाहन शामिल हैं। माजरा थाने में इस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है और उन्हें जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह हमला न केवल पुलिस के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से इलाके में शांति बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जाए।

# माता की डोली पर मुस्लिम समाज करेगा पुष्प वर्षा

## शूलिनी मेले में- हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल होगी पेश, हलवा-पूरी का भंडारा भी देंगे

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन की अधिष्ठात्री देवी माता शूलिनी देवी के नाम पर हर साल लगने वाले राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। हर पंथ की आस्था का प्रतीक माता शूलिनी देवी की शहर में निकलने वाली शोभायात्रा में इस बार भी हजारों लोग हाजिरी भरेंगे।

20 से 22 जून तक आयोजित होने वाले मेले में भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा को लेकर खासे इंतजाम किए जाते हैं। खास बात है कि इस बार की शोभायात्रा में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी माता की डोली के स्वागत की तैयारी की है। माल रोड स्थित जामा मस्जिद से माता की डोली पर पुष्प वर्षा होगी। साथ ही इस वर्ग की तरफ से हलवा-पूरी का भंडारा भी लगाया जाएगा। इससे हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पेश होगी। साथ ही आपसी सौहार्द भी बढ़ेगा। इस पहल का हर कोई स्वागत कर रहा है। शहर में जब माता की डोली आती है, तो लोग अपने घरों से पुष्प वर्षा करते हैं। आज तक ओल्ड बस स्टैंड स्थित पुरानी मस्जिद से माता की डोली का स्वागत नहीं किया गया है, लेकिन इस बार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फैसला किया है कि वे बडी संख्या में मस्जिद के बाहर इकट्ठा होंगे और अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर डोली पर फूलों की वर्षा करेंगे। शहरवासियों ने मुस्लिम समुदाय के इस फैसले का स्वागत किया है। बताते चलें कि माता रानी की डोली दोपहर 2 बजे मंदिर से निकलती है और उसके बाद डीसी ऑफिस होकर वापस गंज बाजार देर रात अपनी बड़ी बहन के यहां गंज बाजार स्थित शक्तिपीठम पहुंचती है।



**मस्जिद** के बाहर से इस बार मुस्लिम समुदाय के लोग भी माता रानी की डोली पर फूलों की वर्षा करना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। यह हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का अच्छा संदेश है।
**पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

**ओल्ड** बस स्टैंड स्थित मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग माता रानी की डोली पर फूल बरसाएंगे, अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ है। धार्मिक आस्था और हिंदू मुस्लिम भाईचारा अधिक बढ़े, इसको देखते हुए यह फैसला लिया गया है।
**सफदर हुसैन, प्रेसिडेंट, जामा मस्जिद सोलन।**

**शूलिनी** मेले में ऐतिहासिक पल होगा, जब मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग माता शूलिनी की डोली पर फूल बरसाएंगे। इसके अलावा हलवे का भंडारा भी मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा लगाया जा रहा है, अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ कि मस्जिद के बाहर से माता शूलिनी की डोली पर फूलों की वर्षा की गई हो।
**मंजुल अग्रवाल, अध्यक्ष, मां शूलिनी सेवा समिति।**

### 50 हजार सिक्के प्रसाद के रूप में बांटेगी सेवा समिति

**मेले** को लेकर मां शूलीन सेवा समिति ने भी अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। समिति की माने तो वह इस बार माता के खजाने के रूप में 50 हजार सिक्कों को प्रसाद के रूप में बांटेगी। इसके अलावा शहर में 400 झंडे भी लगाए जाएंगे। मंदिर को रंग-रोगन करने के बाद अब फूलों और लाइटों से सजाया जा रहा है। इसके अलावा पूरे शहर में रंग-बिरंगी लाइट्स लगाई जाएंगी। लोगों ने भी अपने घरों को सजाने की तैयारी की है।

# उग्र प्रदर्शन में पुलिस के साथ मारपीट करने वालों पर केस दर्ज: एनएस नेगी

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** पुलिस थाना माजरा में दर्ज एक मुस्लिम लड़के द्वारा हिंदू लड़की को भगा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को हरियाणा के अंबाला से लड़की को सकुशल रिकवर कर लिया है। जिले के एसपी एनएस नेगी बताया कि इस बारे में 10 जून को धारा-137 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने लड़की को तलाशने के लिए दिन-रात मानवीय व साईबर तकनीक से हर संभव प्रयास किए। नेगी ने कहा कि इसी दौरान हिंदू बीते दिन जागरण मंच अन्य संगठनों व लड़की के परिवार के सदस्यों द्वारा संगठित होकर पुलिस व लड़के के पक्ष के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पुलिस को जनता के आक्रोश को रोकना व जानमाल की रक्षा करना और लड़की को खोजने की चुनौतियां पैदा हुई। एसपी ने बताया कि बीते माजरा में स्थानीय पंचायतों व उक्त संगठनों के करीब 300-350 लोग धरना-प्रदर्शन में शामिल हो गए। शाम के समय धरना-प्रदर्शन में शामिल आसामाजिक तत्व के बहकावे में आकर प्रदर्शनकारी उग्र होकर लड़के के घर गांव कीरतपुर चले गए, जहां पर शाम करीब 6:30 बजे घर पर तोड़-फोड़ व मारपीट करने लगे। उग्र भीड़ जानी नुकसान पहुंचाने पर उतारू थी। एसपी ने बताया कि इसी दौरान मौके पर तैनात पुलिस जवानों व अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रण में किया। उग्र भीड़ द्वारा की गई मारपीट से पुलिस जवानों को चोटें आई हैं। एसपी ने बताया कि इस दौरान पुलिस जवानों के सिर व माथे में तथा महिला आरक्षी गुरप्रीत कौर को हाथों व शरीर में चोटें आई हैं। उग्र भीड़ द्वारा की गई मारपीट में दर्ज हुए अन्य अभियोगों में गहनता से जांच की जा रही है तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शांति कायम रखने के लिए पुलिस थाना माजरा के इलाका में जिला दंडाधिकारी द्वारा धारा 163 बीएनएसएस पूर्व में धारा 144 19 जून तक लागू की, जिसके अंतर्गत लोगों को उक्त इलाके में 5 व पांच से अधिक लोगों को एकत्र होना व किसी प्रकार का हथियार लेकर चलना प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बावजूद उक्त आदेशों की उल्लंघना करते हुए उक्त संगठनों व लोगों ने माजरा थाने में रास्ता रोक कर धरना-प्रदर्शन किया। लोगों से अपील है कि उपरोक्त आदेशों धारा 163 की पालना करें व इलाके में शांति व सौहार्द बनाए रखें।

# किन्नौर का चिट्टा सप्लायर पंजाब से गिरफ्तार

## रामपुर क्षेत्र के दो युवकों से बरामद किया था 11 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने प्रदेश में चिट्टा की सप्लाई कर रहे किन्नौर के युवक को पंजाब से गिरफ्तार किया।

जानकारी की मुताबिक जिला सोलन पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की पुलिस टीम पुलिस थाना धर्मपुर के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक अल्टो कार परवाणू से सोलन की ओर आ रही है। इसमें राहुल कुमार व अर्जुन नामक के दो युवक सवार हैं, जो दोनों युवक चिट्टा/हेरोइन बेचने का धंधा करते हैं। यह दोनों भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन सप्लाई करने के लिए लेकर आए हैं। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे फाटक के समीप नाकाबंदी कर उक्त कार को चैकिंग के लिए रोका गया तथा चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी में सवार दो युवकों



जिनके नाम राहुल कुमार पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव शाह, डाकखाना धार गौरा, तहसील रामपुर जिला शिमला उम्र 28 वर्ष व अर्जुन पुत्र कृष्ण चंद, निवासी गांव व डाकखाना ज्युरी तहसील रामपुर जिला शिमला उम्र 18 वर्ष को करीब 11 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान वारदात में संलिप्त आल्टो गाड़ी को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया और इस अभियोग के आगामी अन्वेषण के दौरान पूर्व में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों राहुल व अर्जुन से की गई पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण पर पाया गया कि इनसे जो चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया था, उसके सप्लायर आरोपी संदीप पुत्र धनवीर सिंह निवासी गांव व डा. कामरु तह. सांगला जिला किन्नौर उम्र 25 साल को डेराबस्सी पंजाब से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है व मामले में जांच जारी है।

# मिस्टर सोलन का खिताब पार्थ व मिस का सृष्टि ने किया अपने नाम



मिस्टर और मिस सोलन चुने गए पार्थ और सृष्टि अन्य विजेताओं के साथ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ठोडो मैदान में चल रहे ग्रीष्म उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या एसी भारद्वाज के नाम रही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल मुख्यातिथि रहे।

इस दौरान जहां युवाओं का आत्मविश्वास और सौंदर्य बिखर रहा था। वहीं, मैदान में हजारों दर्शकों की तालियां गूंज रही थी। हिम फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित 19वें ग्रीष्मोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक एसी भारद्वाज ने समां बांधा और दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। इस बार मिस्टर और मिस सोलन का खिताब पार्थ और सृष्टि के नाम रहा। प्रतियोगिता में 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और कई राउंड्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें कैटवॉक, प्रश्नोत्तर, और टैलेंट राउंड शामिल थे। निर्णायकों की टीम में स्थानीय फैशन विशेषज्ञ, कोरियोग्राफर और कला क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल थे। स्वास्थ्य मंत्री ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि हिमाचल की युवा पीढ़ी न केवल आत्मविश्वासी है, बल्कि अपनी संस्कृति से भी जुड़ी हुई है।

# टायर चुराने वाला पुलिस ने धरा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में सीएमओ ऑफिस के नजदीक पार्क की कार से टायर चुराने वाले मोहल्ला गोविंद गढ़ निवासी व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरी किए गए टायर को बरामद कर लिया गया है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि 12 जून को थाना नाहन में एक अभियोग पंजीकृत किया गया, जोकि गुलशन पत्नी गुलशन खान निवासी मोहल्ला हरीपुर, नजदीक सीएमओ ऑफिस, नाहन, जिला सिरमौर की शिकायत पत्र पर दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत पत्र के अनुसार, इसकी गाड़ी नंबर एचपी-71-5364 को सीएमओ ऑफिस नाहन के समीप खड़ी की गई थी। 12 जून को जब शिकायतकर्ता को अपनी गाड़ी की स्थिति का पता चला, तो यह ज्ञात हुआ कि उक्त गाड़ी का टायर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि मामले में राहुल सिंह पुत्र जोनी सिंह निवासी गोविंद गढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# बिना कूलिंग किए गर्म क्लिंकर लोड करने से नाराज सहकारी सभाओं ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अदाणी सीमेंट उद्योग दाड़लाघाट में कार्यरत सभी परिवहन सहकारी सभाओं के सदस्यों ने अंबुजा सीमेंट कंपनी द्वारा गाड़ियों में बिना कूलिंग किए गर्म क्लिंकर लोड करने से नाराज होकर कंपनी गेट के बाहर एक धरने का आयोजन किया।



धरना-प्रदर्शन के समय ट्रांसपोर्ट्स ने सीमेंट कंपनी पर आरोप लगाए कि वे इन बातों से खफा हैं कि अंबुजा सीमेंट कंपनी द्वारा जो क्लिंकर उनकी गाड़ियों में लोड किया जा रहा है, उसका तापमान इतना अधिक होता है कि ट्रांसपोर्ट्स की बहुत सी गाड़ियां जलकर राख हो चुकी हैं। ट्रक चालकों की जान के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। सात सौ डिग्री से भी अधिक तापमान में जो क्लिंकर तैयार होता है, वह कूलिंग प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही गाड़ियों में लोड होता था, लेकिन कंपनी केवल अपनी उत्पादन लागत कम करने के उद्देश्य से उच्च तापमान वाले इस क्लिंकर को बिना कूलिंग किए गाड़ियों में लोड कर रही है, जिससे लोगों की गाड़ियां जल रही हैं। ट्रांसपोर्ट्स का कहना है कि यह सिलसिला पिछले काफी वर्षों से चल रहा है। ट्रांसपोर्टर्ज द्वारा परिवहन सहकारी सभाओं के पदाधिकारियों एसडीटीओ को छोड़कर किराया वृद्धि के मुद्दे पर आंखें बंद कर के हस्ताक्षर करने की भी घोर आलोचना की गई। ध्यान रहे की कंपनी ने 1:45 प्रतिशत किराया वृद्धि दो महीने की बकाया राशि के साथ देने की ऑफर की है, जबकि किराया वृद्धि 21 फरवरी 2023 से लेकर 31 मार्च, 2025 तक लगभग 27 महीने के एरियर के साथ बनती है, वह भी लगभग 6 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि बनती है। चेसिस, टायर्स, इंश्योरेंस की दरों में भारी इजाफा हुआ है। गाड़ी की डिप्रीशिएशन वैल्यू भी शामिल की जानी थी, लेकिन एसडीटीओ को छोड़कर बाकी सभी सरकारी कमेटियों के पदाधिकारी ने कंपनी की ऑफर के ऊपर लोगों को विश्वास में लिए बगैर हस्ताक्षर कर दिए, जो कि ट्रांसपोर्टर्स की एकता को तोड़ने तथा लोगों की पीठ पर छुरा घोंपने वाला काम है। धरने में गाड़ियों को समय पर खाली तथा लोड न किए जाने का मुद्दा भी छाया रहा। टिपरा तथा बाहरी राज्यों से सीमेंट हिमाचल पहुंच रहा है, जिससे काम में भारी गिरावट आई है। लोगों को गाड़ियों की किस्तें भरने में मुश्किल हो रही है।



टेनिस प्रतियोगिता में विजेता और रनर अप रहे खिलाड़ी।

# ऑल इंडिया टेनिस प्रतियोगिता में विजेता बने चरणजीत और आशीष

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन में ऑल इंडिया टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई।

युगल वर्ग के फाइनल में चरणजीत और आशीष की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर ट्रॉफी जीती, जबकि सोलन के कर्ण सेठी और अमित आनंद को शानदार प्रदर्शन के बावजूद रनरअप से संतोष करना पड़ा। लीजेंड्स वर्ग में ऋषभ और आर्यन की जोड़ी प्रथम और सुखबीर और डॉ. सिद्धार्थ की जोड़ी रनरअप रही। वहीं, प्रतियोगिता के लीजेंड्स ग्रुप में डॉ. लगगनी और आईपीएस चंद्रशेखर रेड्डी (आईजी, हैदराबाद) ने प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया।

# प्रीति ने बीए तृतीय वर्ष में 0++ ग्रेड हासिल किया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट की छात्रा प्रीति शर्मा ने बीए तृतीय वर्ष में 0++ ग्रेड हासिल कर प्रदेश भर में टॉप फिफ्टीन में जगह बनाई। प्रीति ने राजनीति शास्त्र में 100 में से 99 अंक हासिल करते हुए एस प्लस ग्रेड हासिल किया है। इसी के साथ हिंदी विषय में 91 अंक हासिल करते हुए एस ग्रेड प्राप्त किया है। कॉलेज के लिए यह बेहद हर्ष का विषय है कि बीए तृतीय वर्ष का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रॉचार्या डॉ. रुचि रमेश ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने बताया कि इस उपलब्धि से साबित होता है कि महाविद्यालय अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी प्राध्यापक अपनी सेवाएं पूर्ण निष्ठा से दे रहे हैं। कॉलेज में आगामी सत्र के लिए दाखिले भी चल रहे हैं।

# महिलाओं पर लगातार बढ़ती हिंसा के मामलों पर चिंता व्यक्त की

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला सिरमौर का नौवां सांगठनिक सम्मेलन नाहन में हुआ।

इसका उद्देश्य बढ़ती महिला हिंसा, बेलगाम महंगाई, युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति, बंदरों, आवारा कुत्तों और अन्य आवारा पशुओं से जुड़ी समस्याओं, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और सांप्रदायिकता जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना और उनके खिलाफ प्रस्ताव पारित करना था। राज्य सचिव फालमा चौहान ने अपने संबोधन में देश में पैदा हो रहे नफरत माहौल और महिलाओं पर लगातार बढ़ती हिंसा के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। चौहान ने केंद्र और प्रदेश सरकारों को जनविरोधी नीतियां लागू करने पर आमादा बताया। सम्मेलन के दौरान नई जिला कमेटी का गठन किया गया।



इसमें संतोष कपूर को अध्यक्ष, अमिता चौहान को सचिव और आशा शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुनीता शर्मा, कुब्जा और सेवती कमल को उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि फरीदा, पुष्पा और आशु सह-सचिव चुनी गईं। पूनम, निशा, सीमा, सुदेश, सुमित्रा, अंजिता, मंजू, मीरा, रजनी, युक्ति, सीमा, प्रोमिला, अनीता तथा बसंती को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। यह सम्मेलन जनवादी महिला समिति की सिरमौर इकाई के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसने महिलाओं के अधिकारों और जनहित के मुद्दों को उठाने का संकल्प लिया है।

# केसी बारिया बने सनातन धर्म सभा रबौन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

श्री सनातन धर्म सभा रबौन सोलन की 11वीं कार्यकारिणी एवं प्रशासनिक मंडल का गठन सभा के मुख्य संरक्षक एवं संस्थापक स्वाधीन चंद गौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इसमें निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। केसी बारिया प्रधान, मनोहर सिंह कंवर वरिष्ठ उपप्रधान व विद्यालय प्रभारी, नीलम चौहान उपप्रधान, डॉ. प्रेमलाल गौतम महासचिव, सुरेश शर्मा उपसचिव, बलबीर सिंह कंवर प्रेस/ संगठन सचिव, पीएल गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य और शकुंतला शर्मा को पूजा-अर्चना अधिकारी चुना गया। इसी के साथ चार उपसमितियां भी गठित की गईं।



श्री सनातन धर्म सभा रबौन की नई कार्यकारिणी।

**फसल** राजगढ़ की पीच वैली के नाम से देश में एक अलग पहचान

# देश की मंडियों में पहुंचने लगा आड़ू

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** पीच वैली राजगढ़ से आड़ू की अरल वेरायटी ने प्रदेश और देश की विभिन्न मंडियों में दस्तक देनी शुरू कर दी है। राजगढ़ का आड़ू उत्तम क्वालिटी, स्वाद और साइज के लिए बहुत प्रसिद्ध माना जाता है, जिस कारण राजगढ़ की पीच वैली के नाम से देश में एक अलग पहचान है। उद्यान विभाग के अनुसार बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष आड़ू की फसल अच्छी बताई जा रही है।



पीच वैली राजगढ़ से प्रतिदिन आड़ू, खुमानी, प्लम की पेटियां देश की विभिन्न मंडियों में पहुंच रही हैं। प्रगतिशील बागवान शेरजंग चौहान के अनुसार सोलन व अन्य फल मंडियों में अच्छी क्वालिटी के आड़ू का 12 किलोग्राम का डिब्बा औसतन 500 रुपए बिक रहा है, जिससे बागवान को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। हालांकि, राजगढ़ क्षेत्र में अतीत की अपेक्षा आड़ू उत्पादन कम हो चुका है, जिसका मुख्य कारण फाइटोप्लाजमा रोग है, जोकि लाइलाज बीमारी है, जिसका पेड़ काटने के अलावा कोई निदान नहीं है। शेरजंग चौहान का कहना है कि इस वर्ष ओलावृष्टि के कारण आड़ू फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि फाइटोप्लाजमा बीमारी के कारण कूथल सहित कई स्थानों पर बागवानों ने आड़ू के पौधे काटने शुरू कर दिए हैं, जिस कारण आड़ू



उत्पादन के प्रति बागवानों का रूझान काफी कम होने लग गया है, अभी तक मार्केट में आड़ू की अर्ली वैरायटी पहुंची है और जुलाई में एलवर्टा किस्म के अतिरिक्त प्लम व खुमानी का सीजन भी आरंभ हो गया है। राजगढ़ के बागवानों ने अब कम ऊंचाई वाले सेब का उत्पादन करना शुरू कर दिया है। उद्यान विभाग राजगढ़ के विशेषज्ञ डॉ. विनोद ने बताया कि राजगढ़ में करीब 2754 हेक्टेयर भूमि पर आड़ू के बागीचे लगे हैं। उन्होंने बताया कि राजगढ़ वैली में हर वर्ष करीब सात हजार मीट्रिक टन फलोत्पदान होता है, जिसमें 1369 मीट्रिक टन आड़ू, 1316 मीट्रिक टन प्लम, तीन हजार मीट्रिक टन सेब और 1200 मीट्रिक टन खुमानी का उत्पादन होता है।

# भारत विकास परिषद की विचारधारा, उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला



भारत विकास परिषद, हिमाचल प्रदेश प्रांत की कार्यशाला सोलन के एक निजी होटल में हर्षोल्लास में संपन्न हुई।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत विकास परिषद, हिमाचल प्रदेश प्रांत (पूर्व) की कार्यशाला सोलन के एक निजी होटल में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य परिषद की गतिविधियों को अधिक संगठित, प्रभावी तथा जनहितकारी दिशा में आगे बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का आरंभ सुबह 9 बजे पंजीकरण एवं नाश्ते के साथ हुआ। इसके पश्चात परिषद गीत, मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे मातरम' के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रांत महासचिव नरेंद्र खट्टर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन ने भारत विकास परिषद क्या है विषय पर प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए परिषद की विचारधारा, उद्देश्य एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में विभिन्न प्रांतीय संयोजकों द्वारा परिषद की गतिविधियों पर प्रस्तुति दी गई। इनमें संगठन, सेवा, संस्कार, महिला सशक्तिकरण तथा पर्यावरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत विचार साझा किए गए। मुख्य विषयों पर वक्ताओं ने गहन व्याख्यान प्रस्तुत किए, सत्यम शर्मा परिषद के कार्य एवं शिष्टाचार, वीरेंद्र सहगल आदर्श शाखा निर्माण, सोमनाथ शर्मा संगठन एवं संरचना, डीपीएस छाबड़ा संपर्क विभाग की भूमिका, नीरज गोयल वित्त विभाग की गरिमा शामिल है। इसके पश्चात प्रतिभागियों को तीन समूहों में विभाजित कर सामूहिक चर्चा की गई। इसमें संगठनात्मक समन्वय, वित्तीय अनुशासन, कार्यकर्ता निर्माण, शाखा सशक्तिकरण एवं संवाद के महत्व पर मंथन हुआ। यह जानकारी शाखा के प्रेस सचिव विनोद गुप्ता द्वारा प्रदान की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुग्राम: बोहड़ाकलां गांव में स्क्रैप के गोदाम में लगी भीषण आग

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** बोहड़ाकला में रविवार को एक कीमती इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप वेयरहाउस में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडिया मौके पर पहुंची और फायरमैन के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू होती आग को काबू कर लिया गया। राहत की बात इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वाले स्क्रैप गोदाम में भडक़ी आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह स्क्रैप गोदाम बोहड़ाकला के ही प्रख्यात महाकाल मंदिर के पास में मौजूद बताया गया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर फायर ब्रिगेड टीम पहुंची और आग पर काबू पाना शुरू किया।

### हरियाणा में नायब सरकार पूरी तरह विफल: दुष्यंत

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोनीपत में कार्यकर्ताओं की बैठक में राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनका 14 महीने का कार्यकाल जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा। कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, व्यापारी भय के साये में हैं और छात्र संघर्ष कर रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री केवल शराब ठेकों की नीलामी में व्यस्त हैं। रविवार को दुष्यंत ने कहा कि हरियाणा में अब जंगलराज जैसे हालात हैं। आए दिन लूट, हत्या और गैंगवार की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है और पुलिस प्रशासन केवल दिखावे तक सीमित है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी प्रहार करते हुए इनेलो नेता अभय चौटाला और सुनेना चौटाला को गैर-गंभीर नेता करार दिया। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की।

### नारनौल में दस वाहनों से वसूला 31.50 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नारनौल।** जिले में 10 वाहन खनिज के अवैध परिवहन करते पकड़े गए हैं। इन पर 31 लाख 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। चैकिंग के दौरान 1064 वाहनों को चैक किया गया। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने रविवार को बताया कि सरकार व जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई खनिज वाहन बिना ई रवाना के पाया जाता है तो उसे तुरंत कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई आरंभ की जाए। उपायुक्त ने बताया कि अवैध खनन अथवा खनिज के अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद समय-समय पर वीसी के जरिए निर्देश देते रहते हैं । जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग का पूरा फोकस फील्ड में चेकिंग पर रहता है। पिछले एक सप्ताह में टीम ने 1064 वाहनों की चैकिंग की तथा 10 वाहन खनिज के अवैध परिवहन करते पकड़े गए। इन पर 31 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन को लेकर जिला में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खनन विभाग के अलावा जिला टास्क फोर्स से जुड़े विभागों के अधिकारी भी इस अभियान में पुलिस की सहायता से लगातार फिल्ड में कड़ी निगरानी कर रहे हैं।

### झज्जर: ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** जिले के गांव झांसवा में रविवार को ट्रक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल झज्जर में पोस्टमार्टम करवा कर महिला का शव पीड़ित परिजनों को सौंप दिया गया है। गांव झांसवा निवासी करीब 65 वर्षीय महिला शकुंतला रविवार सुबह दैनिक क्रिया से निवृत्त होने के लिए अपने घर से अपने दूसरे मकान में चली गई। यहां वह शौचादि से निवृत्त हुई। घर के कुछ अन्य काम निपटाए और यहां से निकल कर अपने घर जाने लगी। वह घर के दरवाजे में से निकल कुछ ही कम चली थी कि एक तेज गति ट्रक की टक्कर लगी। शकुंतला को कुचलता हुआ ट्रक चालक बिना ही रुके निकल गया। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### गिनी में लोकतंत्र लागू करने की तैयारी

**एजेंसी, गिनी।** पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी में सैन्य शासन खत्म करने के बाद अब लोकतंत्र लागू करने की तैयारी हो रही है। गिनी के सैन्य जुंटा (सत्ता चलाने वाली समिति) ने सितंबर में होने वाले सांविधानिक जनमत संग्रह और दिसंबर में होने वाले आम और राष्ट्रपति चुनाव के लिए निकाय का गठन किया है। यह निकाय चुनाव प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होगा। जुंटा नेता जनरल मामादी डौम्बौया ने एक आदेश में एलान किया कि चुनाव महानिदेशालय (डीजीई) अन्य कर्तव्यों के अलावा, चुनावों के आयोजन, मतदाता सूची के प्रबंधन और चुनावी निष्पक्षता के लिए जिम्मेदार होगा। संस्था के दो प्रमुखों की नियुक्ति राष्ट्रपति के आदेश से की जाएगी। यह निकाय उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनावी निकायों में गिनी का प्रतिनिधित्व भी करेगा। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में 2 सांसदों पर घर में घुसकर फायरिंग

**एजेंसी,मनेसोटा।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, 'दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।' पुलिस ने बताया कि हमलावर अभी भी फरार है। उसने बंदूकधारी पुलिस अधिकारी का हुलिया धारण कर रखा है। उसकी वर्दी देखकर कोई भी उसे असली पुलिस वाला ही समझेगा। उसकी कार जब्त हुई है। (अनंत ज्ञान)

### नेहरू केंद्रित थी कांग्रेस की विदेश नीति : दुबे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस बीते कई दिनों से केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठा रही है। हाल ही में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि अमेरिका ने अपने आर्मी डे परेड में पाकिस्तानी सेना प्रमुख को आमंत्रित किया है। इसे लेकर कांग्रेस ने भारत की विदेश नीति को पूरी तरह से असफल बता दिया था। अब भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कांग्रेस पर जमकर भड़ास निकाली और पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। (अनंत ज्ञान)

### म्यांमार के 8 नागरिकों को दो साल की सजा

**एजेंसी, ठाणे।** भारत में अवैध रूप से रह रहे आठ म्यांमार नागरिकों को ठाणे की एक अदालत ने दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सजा पूरी होने के बाद उन्हें निर्वासित कर दिया जाए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जीटी पवार ने अपने फैसले में कहा कि यह साबित करने की जिम्मेदारी आरोपियों की है कि वे विदेशी नहीं हैं। अदालत ने कहा कि यूएनएचसीआर द्वारा जारी शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए कानूनी रूप से वैध नहीं है। भारत ने 1951 के संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। कोर्ट ने आठ नागरिकों को दोषी मानते हुए 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सैनी ने रेवाड़ी में करोड़ों की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

## 288.31 करोड़ की 15 परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ीवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए घोषणाओं का पिटारा खोला। उन्होंने रेवाड़ी की पानी की आपूर्ति के लिए भगवानपुर में नौ एकड़ सात एकड़ भूमि में अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए 50 करोड़ 58 लाख रुपए की घोषणा की। इसके अलावा, गांव डूंगरवास में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन और नई पाइप लाइन बिछाने के लिए सात करोड़ 20 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही, गांव गोकुलपुर में वॉटर वर्क्स के निर्माण और नई पाइप लाइन बिछाने के लिए पांच करोड़ छह लाख रुपए की घोषणा की।

मुख्यमंत्री रविवार को रेवाड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में 288 करोड़ 31 लाख रुपए लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 193 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत की आठ परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 94 करोड़ 37 लाख रुपए लागत की सात परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि रेवाड़ी में भूमि उपलब्ध होने पर एक बड़ी लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध होने पर जिला नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर को नई जगह शिफ्ट किया जाएगा। धारूहेड़ा के अर्बन हेल्थ सेंटर को अपग्रेड कर पीएचसी बनाया जाएगा। नगर परिषद रेवाड़ी के नए भवन कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैसानी बैराज में जो फैक्टरियों का दूषित पानी आता हैए उसके समाधान के लिए सरकार ने एक व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत, इस क्षेत्र में एसटीपी लगाए जाएंगे और पानी को शुद्ध करके बैराज में छोड़ा जाएगा और उस पानी को कृषि के लिए उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी विधानसभा के गांवों के विकास कार्यों को लेकर अलग से पांच करोड़ रुपए की घोषणा की।

रेवाड़ी को वीरों और सैनिकों की धरती बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहे हैं, ताकि हम सब अपने घरों में सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में 1916 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। पिछले 10 वर्षों में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए हमने कुल 69 घोषणाएं की हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, तिजारा से विधायक महंत बालकनाथ, कोसली विधायक अनिल यादव, बावल विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, नारनौल विधायक ओपी यादव, पटौदी विधायक बिमला चौधरी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# जितेंद्रपाल ने मलोया कॉलोनी में लोगों की सुनीं समस्याएं



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा रविवार को मलोया कॉलोनी की स्थानीय मार्केट पहुंचे, जहां उन्होंने आम नागरिकों और दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव, निकासी की व्यवस्था की कमी, और प्रशासन द्वारा दुकानदारों को जारी किए जा रहे नोटिस जैसी समस्याएं गंभीर हैं।

**जलभराव और नोटिस के मुद्दों पर जल्द होगा समाधान**

मल्होत्रा ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर इन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल निकासी की व्यवस्था में जल्द सुधार किया जाएगा और नोटिस के मुद्दे पर प्रशासन से संवाद कर व्यापारियों को राहत दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों और छोटे व्यापारियों की समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं। भाजपा जनता के बीच रहकर जमीनी मुद्दों को सुलझाने में विश्वास रखती है।

इस मौके पर उनके साथ भाजपा प्रदेश पदाधिकारी संजीव राणा, सन्नी पुरी, जिला उपाध्यक्ष संजय टांक, जिला महामंत्री राजकुमार राणा, मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, उदिराज यादव, भोला सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रावत एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने पार्टी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान निकलेगा।

# एलांटे मॉल पहुंची एक्ट्रेस अमायरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




एलांटे मॉल में फैशन और स्टाइल का एक खास माहौल बना, जब यूनिसेक्स फैशन ब्रांड लैंग्वेज ने अपने नए कलेक्शन की झलक पेश की। इस मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर बतौर खास मेहमान पहुंचीं और ब्रांड के डिजाइनों की सादगी और सोच की खुलकर सराहना की। लैंग्वेज ब्रांड अपने हैंडक्राफ्टेड लेदर शूज, बैग्स और एक्सेसरीज के लिए जाना जाता है। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बनाए गए इसके प्रोडक्ट्स में आधुनिकता और बारीक डिजाइन का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है।

**'लैंग्वेज' ब्रांड के नए कलेक्शन की जमकर की तारीफ**

इवेंट में शहर के कई फैशन इन्फ्लुएंसर्स और मीडिया प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभी ने ब्रांड के न्यूट्रल कलर पैलेट, यूनिसेक्स स्टाइल और एलिगेंट प्रेजेंटेशन को सराहा।

इस मौके पर अमायरा दस्तूर ने कहा कि लैंग्वेज का स्टाइल बहुत ही क्लासिक है। इसके डिजाइन चुपचाप अपनी बात कहते हैं और हर किसी को खुद से जोड़ते हैं। मुझे यह बात खास लगी कि यह ब्रांड महिलाओं और पुरुषों दोनों को बराबरी से ध्यान में रखकर डिजाइन करता है। ब्रांड के इस नए कलेक्शन ने यह संदेश दिया कि अब फैशन किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि हर किसी के लिए है।

कार्यक्रम का समापन फैशन के प्रति एक समावेशी सोच के साथ हुआ, जो आने वाले समय में इंडियन फैशन इंडस्ट्री की दिशा को नया रूप देने वाला है।

### रोहतक : लोहारू के एसडीएम की गाड़ी में लगी आग

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** रोहतक के अंतर्गत आते कलानौर में रविवार की बाद दोपहर एक एचसीएस अधिकारी की चलती कार में आग लग गई। घटना के समय अधिकारी कार में सफर कर रहे थे। हादसे में लोहारू के एसडीएम और उनका चालक बाल बाल बच गए। समय रहते एसडीएम ने गाड़ी रोकवाया और तुरंत बाहर निकल आए। बाद में दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि एसडीएम लोहारू मनोज कुमार रोहतक में कमिश्नर से मिलकर वापस लौट रहे थे और इस दौरान हादसा हो गया। रविवार दोपहर बाद एसडीएम लोहारू मनोज कुमार रोहतक के कमिश्नर से मीटिंग के बाद वापस सरकारी गाड़ी से लौट रहे थे, जब उनकी गाड़ी कलानौर कस्बा के नजदीक पहुंची तो अचानक गाड़ी के इंजन से धुआं उठाना शुरू हो गया। यह देखकर एसडीएम और चालक तुरंत गाड़ी से उतरे गए, इसके बाद गाड़ी को आग अपनी चपेट में ले लिया और गाड़ी धूं धूं कर जलने लगी।

# उत्तराखंड युवा मंच ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

उत्तराखंड युवा मंच, चंडीगढ़ द्वारा मां धारी देवी और श्री बद्रीनाथ धाम में 22 से 26 मई 2025 तक आयोजित सफल धार्मिक यात्रा और लंगर सेवा के उपलक्ष्य में रविवार को गढ़वाल भवन, सेक्टर 29, चंडीगढ़ में प्रसाद वितरण, छबील और लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्री बद्रीनाथ धाम का पवित्र प्रसाद भी श्रद्धापूर्वक वितरित किया गया।

कार्यक्रम में उत्तराखंड युवा मंच के सदस्यगण, गढ़वाल सभा और कुमाऊं सभा के सदस्य उपस्थित थे, जबकि शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शिरकत की और इस महान कार्य के लिए मंच की प्रशंसा की। मंच के अध्यक्ष धर्मपाल रावत ने बताया कि उत्तराखंड युवा मंच एक सामाजिक संगठन है, जो पिछले 32 वर्षों से नि:स्वार्थ समाज सेवा में संलग्न है। इसकी स्थापना उत्तराखंड राज्य आंदोलन के समय हुई थी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखंडवासियों की एकता, आस्था और सहयोग भावना का प्रतीक है। साथ ही, उन्होंने इस सेवा में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

महासचिव रवींद्र चौहान ने बताया कि मंच जल्द ही 33वां वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और सकारात्मक कदम बढ़ाया जाएगा।

## देश-विदेश

# 24 घंटे में कोरोना से 10 की मौत

## नए वैरिएंट से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों ने गंवाई जान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में जनवरी 2025 से कोरोना के करीब 20 हजार मामले दर्ज हुए, जिनमें 12915 रिकवर हो गए हैं। देशभर में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 10 लोगों ने जान गंवाई है। नए वैरिएंट से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। केरल में 5, दिल्ली में 3 और महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत हुई है। जनवरी से अब तक कोरोना से 97 मरीजों की जान गई है।

देश के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7383 पहुंच गई है। हालांकि रविवार को नया मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि 17 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2007 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1441 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। अगर राज्यों की बात करें तो केरल में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले मरीजों का इलाज करते समय जून 2023 में जारी की गई कोविड गाइडलाइन पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना के 53 नए केस मिले। वहीं, 2 मरीजों की मौत हो गई। 1 जनवरी से अब तक 21067 कोविड-19 टेस्ट किए गए हैं। इस दौरान 1967 पॉजिटिव केस सामने आए। (अनंत ज्ञान)

### एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस कंपनी का आईपीओ 18 जून को होगा ओपन

**एजेंसी, मुंबई।** एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लि. कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 18 जून को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जून तक बिडिंग कर सकेंगे। 25 जून को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 499.60 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2.25 करोड़ फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे। जानकारी के मुताबिक, एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस ने आईपीओ का प्राइस बैंड 210-222 रुपए तय किया है। (अनंत ज्ञान)

# मथुरा में अचानक गिर गए 8 मकान, 3 लोगों की मौत

**एजेंसी, मथुरा**



मथुरा में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां गोविंद नगर इलाके में 8 मकान अचानक भरभराकर गिर गए। इसमें 12 से ज्यादा लोग दब गए। हादसे के बाद मोहल्ले में भगदड़ मच गई। लोगों को समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या हुआ। आसपास के लोगों की सूचना पर नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम पहुंच गई है। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

रेस्क्यू के दौरान मकान के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें एक युवक की पहचान तोताराम (38) पुत्र बजरंग लाल सैनी के रूप में हुई। जबकि सगी बहनों में यशोदा (6 साल) और काव्या (3 साल) शामिल है।

बता दें यह सभी मकान एक मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। अचानक मिट्टी धसक गई। इसके बाद एकाएक मकान भरभराकर गिरते चले गए। ज्यादातर मकानों की छत और दीवारें टूट गईं। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऐसा लगा जैसा भूकंप आ गया हो। (अनंत ज्ञान)

### तिरुवनंतपुरम में ब्रिटिश लड़ाकू विमान की आपातकालीन लैंडिंग

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान ने शनिवार रात को ईंधन खत्म होने के बाद तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की। मामले से जुड़े लोगों ने रविवार को बताया कि विमान ने विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और रात करीब 9.30 बजे सुरक्षित लैंडिंग कर ली गई। एक सूत्र ने बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सुरक्षित और सहज लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकाल की घोषणा की। सूत्रों के मुताबिक, पायलट ने ईंधन कम होने की सूचना दी और लैंडिंग की अनुमति मांगी। सब कुछ जल्दी और पेशेवर तरीके से संभाला गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर खड़ा है। केंद्र सरकार में संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ईंधन भरा जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना के लिए आभार

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की तरफ से एक वीडियो सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा किया गया है। इसमें सेना के अदम्य साहस और समर्पण को लेकर देश के आम नागरिकों की तरफ से लिखे गए पत्रों का संकलन है, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैनिकों के अटूट समर्थन, गहरी सराहना और आभार को दर्शाया गया है। इस वीडियो में भारतीय सेना के बलिदान और वीरता को सलाम किया गया है। सेना ने इसके लिए देशवासियों का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

### अगले साल तमिलनाडु में बनेगी गठबंधन सरकार : रामदास

**एजेंसी, चेन्नई**

तमिलनाडु की पार्टी पाट्टाली मक्कल कॉची (पीएमके) के नेता अंबुमणि रामदास ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद गठबंधन सरकार बनेगी। इसमें उनकी पार्टी भी शामिल होगी। तिरुवल्लूर में पार्टी की जिला स्तरीय आम परिषद की बैठक में अंबुमणि ने गांव स्तर पर पहुंच बनाने और युवाओं को सदस्य के रूप में नामांकित करने जैसे उपायों के जरिये पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे उद्देश्यों के लिए जिला स्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद एक गठबंधन सरकार बनेगी, जिसमें उनकी पार्टी भी एक घटक होगी। उन्होंने कहा कि पीएमके की स्थापना डीएमके या एआईएडीएमके द्वारा सरकार गठन में सहायता करने के लिए नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि हमें शासन भी करना चाहिए। तभी सामाजिक न्याय कायम रह सकता है। हमें किसी और चीज की जरूरत नहीं है।

अंबुमणि ने कहा कि 2004 में उनकी पार्टी यूपीए-1 सरकार में साझेदार थी और यह पीएमके ही थी जिसने केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को साझा न्यूनतम कार्यक्रम का हिस्सा बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

## फिलाडेल्फिया में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप विरोधी नारे लगाए

**एजेंसी,वॉशिंगटन**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस से हुई थी। अब यह विरोध प्रदर्शन कई शहरों तक फैल चुका है।

शनिवार को फिलाडेल्फिया में सैकड़ों की संख्या में लोग ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना है कि देशभर में सैकड़ों आयोजनों में लाखों लोग शामिल हुए हैं।

मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में ड्रम लेकर डांस करते दिखे और प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप विरोधी नारे लगाए। अटलांटा में भी करीब पांच हजार लोग एक कार्यक्रम में शामिल हुए। शनिवार को ट्रंप वॉशिंगटन में आयोजित हुई मिलिट्री परेड में शामिल हुए। आर्मी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर इस परेड का आयोजन किया गया। वॉशिंगटन में भी करीब 200 लोगों ने लोगन सर्किल में ट्रंप के विरोध में कार्यक्रम आयोजित किया। (अनंत ज्ञान)

### लॉस एंजिलिस में हाल ही में हुए दंगे

**बीते** हफ्ते अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अमेरिका के आव्रजन विभाग ने छापेमार कार्रवाई की थी और कई अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया था। इसके खिलाफ लॉस एंजिलिस में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के चलते राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती का आदेश दिया, जिससे लोग और नाराज हो गए और शहर में जगह-जगह दंगे और आगजनी शुरू हो गई। अब भी लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

**वायुसेना** भारतीय वायुसेना के बेड़े में इस साल शामिल होंगे 12 फाइटर जेट

# एयरफोर्स को इस माह के आखिर में मिलेगा तेजस मार्क-1ए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस मार्क-1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा। जानकारी के अनुसार, इस साल के आखिर तक वायुसेना को 12 तेजस मार्क-1ए विमान सौंप दिए जाएंगे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस मार्क-1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपए में हुआ था।

**एचएएल के साथ 48 हजार करोड़ रुपए में हुआ है 83 विमानों का सौदा**

इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी, लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से मिलने वाले इंजन की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई। सूत्रों के अनुसार, इस मार्च से नए इंजन मिलने शुरू हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### मिग-21 मिग-27 और जगुआर की लेगा जगह

**मेक** इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत के मजबूत इरादों के साथ सरकार ने (एचएएल) के साथ 180 तेजस मार्क-1ए सौदा किया है। पहली खेप 83 विमानों की है, जबकि दूसरी खेप में 67 हजार करोड़ रुपए में 97 विमानों का सौदा हुआ है। तेजस वायुसेना से बाहर होने वाले मिग-21 मिग-27 और जगुआर की जगह लेगा। वायुसेना के एक बेड़े में 42 विमान होने चाहिए, जो 30 रह गए हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### 'एमजीडी-1' विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में पहुंची

**एजेंसी, लंदन।** फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी-1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की। टीम एमजीडी-1 ने पूल-डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाए। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में सबसे ज्यादा मैच जीते। नॉर्वे शतरंज में हाल ही में दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने वाले अर्जुन एरिगैसी 13 मैचों में 11 अंक के साथ टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली टीम फ्रीडम ने पूल बी में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों टीमों के नाम 22-22 अंक हैं। 'ब्लिट्ज' प्रतियोगिता में 190,000 यूरो की पुरस्कार राशि है। (अनंत ज्ञान)

### सोलन के मनदीप मनू पहलवान ने कजाकिस्तान में जीता कांस्य पदक

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, कसौली।** भारतीय ग्रेप्पलिंग संघ की टीम से खेलते हुए जिला सोलन के जगजीत नगर के अंतरराष्ट्रीय पहलवान मनदीप ने विश्व ग्रेप्पलिंग कप में 62 किलो भार वर्ग में नोगी इवेंट में कांस्य पदक जीतकर कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। हिमाचल प्रदेश एमेच्योर ग्रेप्पलिंग संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि भारतीय ग्रेप्पलिंग संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश नरवाल (आईपीएस), महासचिव सुबोध कुमार यादव व भारत मे ग्रेप्पलिंग खेल के संस्थापक शिव कुमार पांचाल के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया। सभी ने फोन पर बधाई दी और मनदीप के उज्वल भविष्य की कामना की। ग्रेप्पलिंग कोच जितेंद्र चौहान ने बताया कि खिलाड़ियों का विश्व ग्रेप्पलिंग प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन रहा।



### सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन दंतेवाड़ा में 50 मैदान करेगी विकसित

**एजेंसी, दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, ''इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्तूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया।'' (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा से कम नहीं है आलोंसो

**पैराग्वेः** लुआना आलोंसो पैराग्वे की स्विमर हैं, जो कि सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। लुआना सही मायने में किसी अप्सरा से कम नहीं लगती हैं। उन पर हर तरह का आउटफिट बेमिसाल लगता है।



## भारत-ए ने बनाए 299/6, सिराज-कृष्णा को मिले 2-2 विकेट

# इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज ने लगाया शतक

**एजेंसी, लंदन**

बेकनहम में चल रहे इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच के दूसरे दिन सरफराज खान ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए मुख्य भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 76 गेंदों में 101 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि जसप्रीत बुमराह के लिए यह दिन फीका रहा और वे 7 ओवर में एक भी विकेट नहीं ले सके।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ए का स्कोर 299/6 था, जिसमें ईशान किशन 45 रन और शार्दुल ठाकुर 19 रन पर नाबाद हैं। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण सरफराज का तूफानी शतक रहा, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे। अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का मौका देने के लिए उन्हें रिटायर्ड आउट कर दिया गया। इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का यह प्रदर्शन उनकी प्रतिभा को मजबूती प्रदान करता है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में 92 रन बनाए थे। 20 जून से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सरफराज को टीम में जगह नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)




### ऋतुराज मात्र 2 गेंदें खेल कर हुए आउट

**पारी** की शुरुआत में भारत-ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट दो गेंदों पर खो दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज की गेंद पर ऋषभ पंत ने कैच किया। हालांकि, अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 और साई सुदर्शन ने 38 रन बनाए। दोनों टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

### सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को मिले दो-दो विकेट

भारतीय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को 2-2 विकेट, जबकि नितीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्रभाव नहीं छोड़ सके और 7 ओवर में 36 रन देकर विकेटविहीन रहे। अर्शदीप सिंह 12 ओवर में कोई विकेट नहीं ले सके। पहले दिन भारत की बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्द्धशतक जड़े, दोनों बल्लेबाजों ने इंग्लैंड टेस्ट चुनौती से पहले अच्छी फॉर्म दिखाई।

## अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट आज



**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपए इनामी ऑरियनप्रो अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। 12 वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। पुड्डुचेरी के मधेश कुमार और महाराष्ट्र के अविरत चौहान के भी कड़ी चुनौती पेश करने की उम्मीद है। हालांकि, स्टार आकर्षण श्रीलंका की 12 वर्षीय महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओशिनी गुणवर्धना हैं, जिनकी उपस्थिति प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय चुनौती और उत्साह जोड़ती है। (अनंत ज्ञान)

## मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे : गिल

**एजेंसी, लंदन**

भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था लेकिन उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे।

बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है। गिल ने कहा, ''मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे।'' लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।''



**बोले-रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं**

गिल ने कहा, ''इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए।'' गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा, ''ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है, लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, सीरीज के दौरान और बाद में भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।'' गिल ने कहा, ''वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है।'' (अनंत ज्ञान)

## वर्ल्ड कप से पहले भारत-न्यूजीलैंड 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगा

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय टीम अगले साल फरवरी-मार्च होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड से 5 टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगा। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने न्यूजीलैंड के भारत दौरे का शेड्यूल जारी किया। इसके अनुसार, न्यूजीलैंड की टीम 11 जनवरी से 18 जनवरी तक 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। उसके बाद 21 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी। बोर्ड ने इन मैचों के लिए 8 वेन्यू का ऐलान किया है। वनडे मैच बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में होंगी, जबकि नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, वाईजैक, त्रिवेंद्रम टी-20 मैचों की मेजबानी करेंगे।



इस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका को टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। ऐसे में यह दौरा भारत की तैयारियों के लिहाज से अहम होगा। इसमें भारत अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगा। टीम इंडिया ने 2024 में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराते हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। इस सीजन में भारत का होम कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बॉल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है।

फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। जहां टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्तूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्तूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 60वें पायदान पर

**एजेंसी, ब्रनो (चेक गणराज्य)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के तीसरे दिन तीन ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद निराशाजनक संयुक्त 60वें पायदान पर हैं। तलवार का कुल स्कोर तीन ओवर का है और तालिका में अपने स्थान में सुधार के लिए उन्हें चौथे दिन अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाना होगा। तलवार ने पार-चार के दूसरे होल को पूरा करने के लिए सात शॉट लिए। उन्होंने आठवें, 10वें और 17वें होल में बोगी की जबकि पांचवें, सातवें और 18वें होल में बर्डी लगाई। जोशुआ बेरी और पामर जैक्सन एक समान 14 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



## सुपर वेल्टरवेट वर्ग में निशांत ने सिल्वा को हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत जीत के साथ पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। 24 वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की।



यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिंस और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे, लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया। जीत के बाद निशांत ने कहा, ''मैं सिर्फ नॉकआउट के लिए नहीं जाता बल्कि अपने कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं। मैंने सीखा है कि मुझे रिंग में अच्छा प्रदर्शन करना है और मुकाबला जीतना है।'' हरियाणा के इस मुक्केबाज ने कहा, ''मैं विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक में कई दौर के मुकाबले खेलने का आदी हूं। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत है इसलिए मैं अब भी सीख रहा हूं। मैं अगले स्तर तक पहुंचना चाहता हूं।''

## क्वींस क्लब सेमीफाइनल में तात्याना ने कीज को हराया



**एजेंसी, लंदन।** दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है। मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा, ''आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं।'' शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## डीपीएल का विस्तार करने की योजना : डीडीसीए निदेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी20 टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में टीमों की संख्या बढ़ाकर आठ करने की योजना है। डीपीएल का उद्घाटन सत्र पिछले साल आयोजित किया गया था, जिसमें छह टीमों ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लिया था।

शर्मा ने टूर्नामेंट का विस्तार करने की डीडीसीए की योजना के बारे में कहा, ''हम डीपीएल में सुविधाएं बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं। टीमों की संख्या भी बढ़ाने (छह से आठ करने) पर बातचीत चल रही है।'' उन्होंने कहा, ''डीपीएल का आगामी सत्र अगस्त के पहले या दूसरे सप्ताह में शुरू होगा।''



शर्मा ने कहा कि डीडीसीए को खुशी है कि पिछले साल डीपीएल का हिस्सा रहे खिलाड़ियों को इस साल बड़ी संख्या में इंडियन प्रीमियर लीग का हिस्सा बनने का मौका मिला। उन्होंने कहा, ''डीपीएल में भाग लेने वाले कुल 14 क्रिकेटर आईपीएल का हिस्सा बने हैं। इनमें दिग्वेश राठी, आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि डीडीसीए की महिला क्रिकेट को भी बढ़ावा देने की योजना है। डीडीसीए ने हाल ही में महिलाओं का टी20 टूर्नामेंट शुरू किया है जिसमें 41 संबद्ध क्लब हिस्सा ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## प्रो-लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**एजेंसी, लंदन**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया।

मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा, लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया।




भारतीय टीम ने मैच के शुरुआती मिनट में ही ऑस्ट्रेलिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाते हुए लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। टीम ने इस दबाव को जारी रखते हुए तीसरे मिनट में बढ़त कायम कर ली।

ऑस्ट्रेलिया को भी शुरुआती क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम उसे गोल में नहीं बदल पाई। लॉटन ने 37वें मिनट में गोल से स्कोर को बराबर कर दिया। उन्होंने भारतीय रक्षापंक्ति से गेंद लेकर शानदार नियंत्रण बनाया और फिर सर्कल के पास से करारा प्रहार कर गेंद को भारतीय गोल पोस्ट में डाल दिया। मैच में जब महज 34 सेकंड का खेल बचा था तब ऑस्ट्रेलिया ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर विजयी बढ़त बना ली। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

**हॉकी**

## प्रो-लीग में भारत को मिली लगातार छठी हार, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से भी हार चुका है मैच

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-3 से दी शिकस्त

**एजेंसी, एंटवर्प (बेल्जियम)**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो-लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा और रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया और मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई, क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे।



इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया। टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया। भारतीय टीम को मैच के 27 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम ने दोनों मौकों को जाया कर दिया।

मध्यांतर के बाद मैच के 36वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा और अभिषेक की मदद से बनाये मौके को दिलप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर मैच में भारत को वापसी दिलाने की कोशिश की, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी 10 मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन पाठक ने तीनों मौकों पर अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।